# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 23 मार्च 2025 रविवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 298 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित





## सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट सीआरपीएफ के एसआई शहीद

### रांची में इलाज के दौरान एसआई सुनील कुमार मंडल का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के मारंगपोंगा इलाके (सारंडा जंगल) में आईईडी विस्फोट हुआ। इसमें सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए थे। घायलों में एक सब इंस्पेक्टर शहीद हो गए, जबकि एक अन्य जवान का इलाज चल रहा है। सीआरपीएफ जवान खतरे से बाहर है। गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया था। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने आईईडी ब्लास्ट की पुष्टि की है। सारंडा जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब ढाई से 02:45 बजे आईईडी ब्लास्ट की



घटना हुई। आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 193 उग के एसआई सुनील कुमार मंडल एवं पार्थ प्रतिम डे जख्मी हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों घायलों को हेलीकॉप्टर से रांची भेजा गया। रांची में इलाज के दौरान एसआई सुनील कुमार मंडल को बचाया नहीं जा सका। नक्सलियों द्वारा सारंडा जंगल में पहले से आईईडी लगाया गया था। छोटानागरा थाना क्षेत्र के मरांगपोंगा के पास पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बम की चपेट में सीआरपीएफ के जवान आ गए। ये पहली दफा नहीं है, इससे पहले भी कई बार आईईडी विस्फोट हुआ है। इसमें पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम लोगों को नुकसान पहुंचा है। सुरक्षा बलों द्वारा कई बार नक्सलियों की साजिश नाकाम की गयी है। पिछले दिनों सुरक्षा बलों ने 20 किलो का आईईडी बम बरामद किया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से बम निरोधक दस्ते की मदद से वहीं निष्क्रिय कर दिया था। इसके साथ ही पत्थर से बने पांच मोर्चे सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिए थे।

## एसपी ने थाना प्रभारी समेत तीन को किया निलंबित

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नबिटा ब्यूरो।** आम लोगों से दुर्व्यवहार से जुड़े मामले में पलामू की पुलिस अधीक्षक ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने एक थाना प्रभारी समेत तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वाले अधिकारियों में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार, छत्तरपुर व पिपरा थाना में तैनात एक-एक एएसआई शामिल हैं। नावाबाजार थाना प्रभारी पर आरोप है कि लूटकांड के आरोपी की पिटाई की थी। आरोपित का इलाज रांची में चल रहा है। वहीं आरोपी के परिजनों ने थाना प्रभारी के खिलाफ कोर्ट परिवाद किया है। होली के दौरान पलामू के छत्तरपुर में एक वारंटी को पकड़ने गई पुलिस टीम ने पिटाई की थी। वारंटी ने वरीय पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। पलामू के पिपरा थाना में होली के दौरान एक एएसआई ने शराब के नशे में वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया था। साथ ही एक होमगार्ड के जवान के साथ भी दुर्व्यवहार किया। पूरे मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने निलंबित कर दिया है।

## हिंसक झड़प में तीन युवकों को लगी गोली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के बेलादर मोहल्ले में दो गुटों में झड़प के बाद फायरिंग की गई है। जिसमें तीन लोगों को बुलेट्स लगी हैं, वहीं कई अन्य घायल भी हुए है। स्थानीय लोगों के द्वारा छह लोगों के गोलीबारी में घायल होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस ने तीन लोगों के गोलीबारी में घायल होने की बात कही है। घायलों में इमरान, तबरेज, नदीम और अंजुम शामिल हैं। गोलीबारी में घायल हुए इमरान नाम के युवक ने बताया कि जेल में बंद अपराधी अली के गुर्गों के द्वारा फायरिंग की गई है। इमरान के अनुसार अली के गुर्गों ने एक युवक के साथ मारपीट की थी, मामला थाने तक भी पहुंचा था। लेकिन विवाद नहीं थमा। इसी मामले के बाद दोनों गुट शुक्रवार रात आपस मे भिड़ गए। जिसमे अली के लोगो ने फायरिंग कर दी। रमजान की वजह से डोरंडा के बेलादर मोहल्ले में देर रात होने के बाद भी चहल पहल थी, लेकिन फायरिंग के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। इसमें भी कुछ लोग घायल हुए हैं। मामले की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी, हटिया डीएसपी, डोरंडा थानेदार, चुटिया थानेदार, लोअर बाजार थानेदार सहित भारी संख्या में बल ने पूरे बेलादर मोहल्ले को घेर लिया। गोलीबारी में शामिल होने के शक में एक दर्जन से ज्यादा को पुलिस ने रात में ही हिरासत में ले लिया है। सबसे पूछताछ चल रहा है। पुलिस इलाके में कैम्प कर रही है।

## दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर कैश केस की जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिलने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने 21 मार्च को इंटरनल इन्क्वायरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई संजीव खन्ना को सौंपी थी। शनिवार शाम सीजेआई ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस से जस्टिस वर्मा को कोई भी काम न सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी एक बयान में यह भी कहा गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की तरफ से दी गई रिपोर्ट, जस्टिस वर्मा का जवाब समेत सभी डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। 21 मार्च को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली के बंगले पर 14 मार्च की रात आग लगने के बाद कैश बरामद हुआ था। घटना के दौरान जस्टिस वर्मा शहर से बाहर थे। इसके बाद देर शाम फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग का बयान सामने आया, जिसमें उनके हवाले से बताया गया था कि जस्टिस वर्मा के घर आग बुझाने के दौरान उनकी टीम को कोई कैश नहीं मिला था। इससे पहले 2018 में गाजियाबाद की सिम्भावली शुगर मिल में गड़बड़ी के मामले में जस्टिस वर्मा के खिलाफ सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सूत्रों के मुताबिक ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने मिल में गड़बड़ी की शिकायत की थी। शिकायत में कहा था कि शुगर मिल ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया है। जस्टिस वर्मा तब कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। इस मामले में सीबीआई ने जांच शुरू की थी। हालांकि जांच धीमी होती चली गई। फरवरी 2024 में एक अदालत ने सीबीआई को बंद पड़ी जांच दोबारा शुरू करने का आदेश दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया और सीबीआई ने जांच बंद कर दी।

## महिला डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सुरभि राज की गोली मारकर हत्या होने से सनसनी फैल गई। यह घटना पटना के धानकी मोड़ के पास घटित हुई। मौके पर अगमकुंआ पुलिस पहुंची है। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। आनन फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतिका की पहचान सुरभि राज के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक अपराधियों ने सुरभि को सात गोलियां मारी है। पुलिस ने मौके से 6 खोखे बरामद किया है। घटना की जांच के लिए पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

## पीएम को काला झंडा दिखाने के आरोप में झारखंड के शिक्षा मंत्री और पूर्व सांसद समेत 13 बरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काला झंडा दिखाने, सड़क जाम करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, पूर्व सांसद सुमन महतो समेत झामुमो पार्टी से जुड़े 13 आरोपितों को जमशेदपुर न्यायालय की न्यायिक दंडाधिकारी सुशील सोरेंग की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। इस मामले में एक आरोपित बधुआ उरांव का निधन हो गया था। इसलिए उनके बेल बॉन्ड को निरस्त कर दिया गया। यह मामला 24 अप्रैल 2016 को सोनारी थाना में दर्ज किया गया था। घटना के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करने के लिए आना था। उस दिन झामुमो की ओर से उनका विरोध करने और सोनारी हवाई अड्डा के गेट के सामने प्रदर्शन कर काला झंडा दिखाने की योजना बनाई गयी थी। जानकारी मिलने पर जिला पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इस दौरान कदमा से पूर्व सांसद सुमन महतो, अजय रजक और अन्य लोग जुलूस लेकर सोनारी हवाई अड्डा के पीछे पहुंचे थे, जबकि वहां पहले से ही शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, अजय रजक, शैलेंद्र महतो, योगेंद्र कुमार निराला, मोहन कर्मकार, हेमंत पाठक, बाबर खान, पवन सिंह, नरोत्तम कुमार, लालटू महतो और जगन्नाथ महतो भी मौजूद थे। इन सभी को आरोपित बनाया गया था। सोनारी पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट दायर कर सभी के खिलाफ मुकदमा चलाने का आग्रह किया था। पुलिस ने इस मामले में छह पुलिसकर्मियों को गवाह के रूप में प्रस्तुत किया था।

## बिहार दिवस पर राज्यभर में कार्यक्रमों की रही धूम

### ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन, सीएम ने दीप जलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस के मौके पर शनिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारा उड़ाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह के साथ अन्य मंत्रीगण भी मौजूद थे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से कोई संबोधन नही किया और निकल गये। नीतीश कुमार के निकलने के बाद बिहार का राज्य गान बजाया गया। इस दौरान बड़ी




संख्या में लोग गांधी मैदान पहुंचे हुए थे। गांधी मैदान में विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाए गए हैं, जहां सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। बता दें कि 22 मार्च 1912 को बंगाल से अलग होकर बिहार राज्य अस्तित्व में आया था। बिहार आज 113 साल का हो गया। 22 से 24 मार्च तक विभिन्न स्टॉल पर छात्र-छात्राओं की तरफ से बनाए गए मॉडल, चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कृत चित्रों की प्रदर्शनी और शिक्षकों के निर्मित शिक्षण लर्निंग सामग्री मिल रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग 15 मुफ्त हेल्थ स्टॉल लगाया हुआ है। बिहार दिवस के इस खास मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रौनक और रंग-रूप से राज्यभर में उत्साह का माहौल रहेगा। यह आयोजन राज्य की समृद्ध संस्कृति और धरोहर का जश्न मनाने का एक बेहतरीन अवसर है। गांधी मैदान का मुख्य समारोह राज्य के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहलुओं को प्रदर्शित करेगा। वहीं, रवींद्र भवन, श्रीकृष्ण मेमोरियालय हॉल और प्रेमचंद रंगशाला में नाट्य प्रस्तुति और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम बिहार के पारंपरिक रंग को प्रस्तुत करेंगे। बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए महाबोधि मंदिर, नालंदा विश्वविद्यालय, विश्व शांति स्तूप, तख्त श्रीहरिमंदिर पटना साहिब जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की थ्री-डी प्रतिकृतियां बनाई गई। इसका वर्चुअल माध्यम से लोग आनंद ले रहे हैं। इस आयोजन में हथकरघा, हस्तशिल्प, चमड़ा, जूट और लाह उद्योगों से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनी लगी है। इसके साथ ही कला, संस्कृति एवं युवा विभाग गांधी मैदान में एक विशेष स्टॉल लगाया गया है, जहां विभाग की उपलब्धियों, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। राजधानी पटना के अलावा मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, भागलपुर, मधेपुरा, गया समेत सभी शहरों में बिहार दिवस पर आयोजन किए जा रहे हैं। विदेशों में भी प्रवासियों द्वारा बिहार दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान समेत अन्य नेताओं ने प्रदेश वासियों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं।

## हाजीपुर में एसटीएफ व अपराधियों के बीच मुठभेड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर हेमती चंवर के पास एसटीएफ एवं बदमाशों के बीच हुए एनकाउंटर में पुलिस ने दो कुख्यात बदमाश को गोली मारकर घायल करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। घायल दोनों बदमाशों को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दोनों का पुलिस अभिरक्षा में इलाज किया जा रहा है। गिरफ्तार बदमाश नगर थाना क्षेत्र के चिकनौटा गांव निवासी सुनील राय का पुत्र विशाल कुमार उर्फ फुदेना तथा बिदुपुर थाना क्षेत्र के गोपाल चकनई गांव निवासी ज्वाला राय का 20 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार बताया गया है। दोनों कुख्यात बदमाशों के विरुद्ध जिले के नगर थाना समेत कई थानों में लुट, हत्या, डकैती एवं आर्म्स एक्ट के दर्जनों मामले दर्ज थे। दोनों की तलाश पटना एसटीएफ काफी समय से कर रही थी। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात बदमाश सुनील तथा सुशील किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बिदुपुर थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना मिलते एसटीएफ की स्पेशल टीम बुदुपुर थाना क्षेत्र में अपना जाल बिछा दिया। सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि 4 अपराधी रुके हुए है। जब पुलिस पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग की। इसी गोलीबारी में पुलिस ने आत्म रक्षा के लिए गोली चलाई है। दो बदमाशों को गोली लगी है। दो अपराधी भाग गए है। पुलिस ने बाइक और हथियार को बरामद किया है।

## रांची बंद का दिखा व्यापक असर

### मुख्य सरना स्थल के पास निर्माण के विरोध में बंद का आयोजन






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर के अंतिम निर्माण स्थल को लेकर शुरू हुआ विवाद अब व्यापक रूप ले चुका है। मुख्य सरना स्थल के पास ओवर ब्रिज के रैंप बनाने के विरोध में आहूत रांची बंद का व्यापक असर रहा। शनिवार की सुबह से शाम तक पूरी राजधानी जाम के कारण अस्त-व्यस्त रही। आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत रांची बंद का पूरी राजधानी में व्यापक असर रहा। सिरमटोली फ्लाईओवर के साथ-साथ राजधानी के हर चौक-चौराहे और गली-मोहल्ले में यातायात बंद समर्थकों के कारण प्रभावित रहा। बस, ट्रेन और यहां तक कि हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में यात्री पैदल ही स्टेशन और एयरपोर्ट जाते नजर आए। बंद समर्थकों में छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्होंने गली-मोहल्लों में भी सड़कें बंद रखीं। सुबह सात बजे से शाम तक सिरमटोली चौक के पास सड़क पर जमे बंद समर्थक वहां से नहीं हटे। इस दौरान किसी को भी सड़क से गुजरने की इजाजत नहीं दी गई। बंद के समर्थन में आदिवासी संगठन पारंपरिक हथियारों से लैस थे। बंद को लेकर आदिवासी संगठनों के नेताओं का कहना है कि सिरम टोली के पास स्थित सरना स्थल उनका मुख्य धार्मिक स्थल है। सरहुल के दिन निकाले जाने वाले सभी जुलूस यहीं समाप्त होते हैं, ऐसे में अगर वह स्थल छोटा हो गया तो पूजा करने में काफी दिक्कतें आएंगी। आदिवासी संगठनों का यह भी कहना है कि वे निर्माण के खिलाफ नहीं हैं। फ्लाईओवर निर्माण के लिए सरना स्थल की 14 फीट जमीन पहले ही दान कर दी गई है, लेकिन अब और जमीन देना संभव नहीं है। बंद समर्थकों के अनुसार सरकार को ओवरब्रिज को और आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि सरना स्थल पूरी तरह सुरक्षित रहे। बंद के समर्थन में आदिवासी संगठनों ने कई जगहों पर हंगामा भी किया। हिनू चौक के पास बंद समर्थकों और रांची जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक और हाथापाई भी हुई। रांची बंद के कारण आम लोगों के साथ-साथ वीआईपी भी परेशान रहे। बंद समर्थकों ने मंत्रियों की गाड़ियों को सड़क से गुजरने नहीं दिया। किसी तरह मंत्री मोहल्ले की गलियों से होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचे। शनिवार की सुबह रांची के लगभग सभी बाजार खुले, लेकिन जैसे ही बंद समर्थक सड़कों पर उतरे, एक के बाद एक दुकानें बंद होने लगीं। जो दुकानें खुली थीं, उन्हें बंद समर्थकों ने जबरन बंद करा दिया।


## स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया

**बोकारो इस्पात संयंत्र**

**बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत**

**अपील**

बोकारो स्टील में ठेका श्रमिकों का समय पर उचित भुगतान और वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ठोस एवं पारदर्शी प्रणालियां बनाई गई हैं। इसमें, श्रमिकों के बैंक अकाउंट के माध्यम से, उनकी उपस्थिति के अनुसार, अधिसूचित दरों से वेतन एवं अन्य भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। ठेकेदारों द्वारा बैंक में भुगतान किये जाने के बाद बैंक के दस्तावेज प्रस्तुत किये जाते हैं जिस आधार पर बोकारो स्टील प्लांट के दो पदाधिकारियों द्वारा भुगतान को अभिप्रमाणित किया जाता है।

इन व्यवस्थाओं के उपरांत भी, ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कुछ ठेकेदारों द्वारा अपने श्रमिकों से, भुगतान किए गये वेतन का कुछ हिस्सा वापस ले लिया जाता है। बोकारो स्टील ठेका श्रमिकों को वेतन के उचित भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस तरह के अनुचित कार्यकलाप को स्वीकार नहीं किया जा सकता है और संज्ञान में आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अतः सभी ठेका श्रमिकों से यह आग्रह किया जाता है कि अपने वेतन से कोई भी राशि ठेकेदारों को वापस नहीं करें और इस संबंध में कोई भी शिकायत हो तो संबन्धित इंजीनियर इंचार्ज या विभागाध्यक्ष को लिखित शिकायत करें।

बोकारो स्टील अन्य सम्बंधित हितधारकों यथा ठेकेदारों, ठेकेदार संघ एवं ट्रेड यूनियनों से अनुरोध करता है कि इस प्रकार के अनुचित कार्यकलाप को रोकने में मदद करें ताकि ठेका श्रमिकों का कल्याण सुनिश्चित हो सके। आइये हम सब मिलकर एक बेहतर बोकारो स्टील का निर्माण करें एवं राष्ट्र निर्माण में गौरवान्वित भागीदार बनें।

**मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन)**
बोकारो स्टील प्लांट

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली- 110003
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर L27109DL1973GO1006454 वेबसाइट www.sail.co.in

**हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल**

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं के लिए बेहतर अवसर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय में भारत सरकार द्वारा पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है, जो उल्लेखनीय पहल है। नियोजन पदाधिकारी स्वेता वशिष्ठ ने बताया कि कौशल विकास और रोजगार के लिए बड़े दृष्टिकोण का हिस्सा यह कार्यक्रम शीर्ष पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप की पेशकश करके अकाद?मिक शिक्षा और वास्तविक दुनिया के अनुभव के बीच की खाई को पाटने का लक्ष्य रखता है। यह पहल न केवल इंटर्नशिप को उनके क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है, बल्कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और अंतर्दृष्टि से भी लैस करती है। पीएम इंटर्नशिप योजना एक कुशल, सशक्त और जानकार कार्यबल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जो राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान दे सकता है। सैद्धांतिक जानकारी और व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को पाटकर, यह योजना कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कुशल युवाओं की नींव रख रही है। यदि युवा एवं युवतियां भारत के विकास में योगदान देने और वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं, तो पीएम इंटर्नशिप योजना करियर को आगे बढ़ाने का एक बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसका उ?द्देश्य शीर्ष कंपनियों में नौकरी चाहने वालों को वास्तविक जीवन का कार्य अनुभव प्रदान करना है। विशेष जानकारी कार्य अवधि में नियोजन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### आरबीबीएम कॉलेज में छात्रा ने किया हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** रामवृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को पेंडिंग परिणाम में सुधार नहीं होने की बात कह एक छात्रा ने जमकर हंगामा किया। छात्रा का आरोप था कि जान बूझकर उसका परिणाम नहीं सुधारा जा रहा है। उसे समझाने की कोशिश की गई पर वह मानने को तैयार नहीं थी। जानकारी मिलने पर प्राचार्य डॉ. ममता रानी ने छात्रा को कार्यालय में बुलाया। प्राचार्य ने छात्रा को समझाने की कोशिश की तो वह वहां भी हंगामा करने लगी। गार्ड ने समझाने की कोशिश की तो उससे उलझ गई। छात्रा ने महिला गार्ड से धक्का-मुक्की की, इस दौरान उसका चश्मा टूट गया और आंख में भी चोट आई। स्थिति बिगड़ती देख कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भी समझाया पर वह मानने को तैयार नहीं थी। छात्रा ने इसके बाद 112 पर फोन कर फिर से पुलिस को बुला लिया। कॉलेज प्रशासन की ओर से बताया गया कि बिना पेंडिग रिजल्ट सुधार कराए ही छात्रा ने अगले सेमेस्टर की परीक्षा दे दी थी। इस कारण उनका परिणाम नहीं दिख रहा है। इधर, छात्रा के इस प्रकार के व्यवहार को देखते हुए कॉलेज प्रशासन की ओर से काजीमोहम्मदपुर थाने में सनहा के लिए आवेदन दिया गया है।

### 15 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**भागलपुर, एजेंसी।** गोपालपुर प्रखंड मुख्यालय में अति पिछड़ा जागृति मंच के संस्थापक संयोजक विभाष कुमार भारती के नेतृत्व में 15 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। संयोजक ने बताया कि सभी बुजुर्गों, विधवा और विकलांगों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने के लिए चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया गया है। उन्होंने मैट्रिक उत्तीर्ण छात्र -छात्राओं को निशुल्क लैपटॉप देने, निशुल्क उच्च शिक्षा की व्यवस्था करने, बेरोजगार शिक्षित युवाओं को तीन हजार रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने और सांसदों एवं विधायकों को एक पेंशन देने की मांग की।

### जनसंसद संरक्षक ने रखी संपर्क पथ की मांग

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के इंग्लिश चिचरौन पंचायत के वार्ड नंबर 10 रेलवे के दक्षिणी ओर स्थित महादलित टोला में जाने के लिए संपर्क पथ दिए जाने की मांग बीडीओ के समक्ष जनसंसद संरक्षक अजित कुमार ने रखी। ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन बीडीओ को समर्पित किया। संरक्षक ने बताया कि संपर्क पथ नहीं रहने से ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीडीओ संजीव कुमार ने बताया कि अनुरोध पत्र मुझे प्राप्त हुआ है। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आग लगने से मिष्ठान की दुकान राख

**भागलपुर, एजेंसी।** नवगछिया के तेतरी स्थित मिठाई दुकान में आग लग जाने से दुकान का सारा सामान (नकदी एवं अन्य सामान) जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर नवगछिया प्रमुख गौतम अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी और डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार परमा साह ने बताया कि पता नहीं चला कि अचानक आग कैसे लग गई।

# बिहार में 24 घंटे में वज्रपात से 3 लोगों की मौत

## 33 जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट



**पटना , एजेंसी।** बिहार में मौसम ने करवट ले ली है। राज्यभर में पिछले 24 घंटों में कई जिलों में बारिश हुई है। इसके साथ ही वज्रपात ने भी कहर बरपाया है। तीन लोगों की ठनका की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतकों के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### रोहतास में युवक की गई जान

रोहतास में एक युवक की वज्रपात से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अनवर के रूप में हुई है। सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के सरोज गांव में यह हादसा हुआ। वह खेत में घास काटने गया था। इसी दौरान तेज गर्जन के साथ ठनका गिरा। इसकी चपेट में आने से मौके पर ही अनवर की मौत हो गई।

### गया में बच्ची की मौत

गया जिले में भी वज्रपात ने कहर बरपाया। यहां पर 10 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। इमामगंज प्रखंड के कोठी थाना क्षेत्र का यह मामला है। जहां के बधौता गांव निवासी उपेंद्र भारती की 10 साल की बच्ची ठनका की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मासूम बच्ची खेत में बंधी बकरी को लाने गई थी, तभी शिकार हो गई। पुलिस ने शव एएनएमएमसीएच पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### बक्सर में युवक की मौत

इसके अलावा बक्सर में भी 22 साल के युवक की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त दीपक नुनिया के रूप में हुई है। यह घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के मंगोलपुर गांव की है। बताया जाता है कि दीपक खेत में घास काटने गया था इसी दौरान ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### 2 दिनों के लिए अलर्ट

पटना मौसम विभाग लगातार बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी कर रहा है। विभाग ने आज यानी 21 मार्च 2025 के लिए 26 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ कल यानी 22 मार्च के लिए सभी 38 जिलों के लिए अलर्ट जारी है। इसमें से 33 जिले के लिए येलो अलर्ट जबकि 5 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग का कहना है कि ऐसे मौसम को देखते हुए अगर बहुत जरूरी ना हो तो लोग घर से बाहर नहीं निकलें। बिजली चमकने और बारिश के आने पर पक्के मकान में शरण लें। किसान खेतों में जानें से बचें।




नायक नहीं, खलनायक हूं मैं

## अब राबड़ी आवास के बाहर लगा नीतीश कुमार का पोस्टर

**पटना, एजेंसी।** बिहार में चुनावी साल में राजनीतिक गलियारों में पोस्टर वॉर चरम पर है। पटना में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर एक नया पोस्टर लगाया गया है। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सीधे तौर पर निशाने पर लिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता द्वारा शनिवार को लगाए गए इस पोस्टर में नीतीश पर तंज कसते हुए %नायक नहीं, खलनायक हूं मैं लिखा गया है। राबड़ी आवास के बाहर यह पोस्टर जहानाबाद के मखदुमपुर से जिला पार्षद रहीं आरजेडी की लीडर संजू कोहली ने लगााय है। इसमें उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर महिलाओं, गांधी जी और राष्ट्रगान के अपमान करने का आरोप लगाया है। दो दिन पहले, आरजेडी कार्यकर्ताओं की ओर से राबड़ी आवास समेत पटना की अन्य जगहों पर पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के समर्थन में पोस्टर लगाए गए थे। इन पोस्टर में लालू के संदर्भ में लिखा गया था, ना झुका हूं, ना झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है। ये पोस्टर सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बने। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लालू के पोस्टरों पर आरजेडी पर निशाना साधा था।



## 16 वें वित्त आयोग की टीम से बोले सम्राट चौधरी - बिहार को मिलना चाहिए 1 लाख 59 हजार करोड़ का अनुदान

**पटना, एजेंसी।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 16 वें वित्त आयोग की टीम के साथ उच्चस्तरीय बैठक की है। जिसमें उन्होंने कहा कि ढांचागत विकास, उद्योगों की स्थापना और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से गरीबी दूर करने की गति तेज करने के लिए बिहार को लगभग 1 लाख 59 हजार करोड़ का अनुदान मिलना चाहिए। उन्होंने बिहार के लिए विशेष वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर जोर दिया है।

### बिहार को चाहिए 1 लाख 59 हजार करोड़ का अनुदान

उन्होंने कहा कि बिहार की विशिष्ट आवश्यकताओं और विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए 1 लाख 59 हजार करोड़ का अनुदान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। केंद्रीय करों की शुद्ध आय का कम से कम 50 प्रतिशत राज्य सरकारों को आवंटित किया जाए। सेस और सरचार्ज से होने वाली केंद्र सरकार की आय को भी राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए।

### शहरी निकायों के लिए 35025.77 करोड़ अनुदान की मांग

सम्राट चौधरी ने वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया और उनकी टीम का स्वागत किया। राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन, चुनौतियों और अपेक्षाओं की चर्चा करते हुए आयोग से अनुरोध किया कि हमारी पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए 24206.68 करोड़ और शहरी निकायों के विकास के लिए 35025.77 करोड़ रुपये का अनुदान मिलना चाहिए।

### बिहार में तीन दिवसीय दौरे पर 16 वें वित्त आयोग की टीम

बता दें कि तीन दिवसीय दौरे पर 16 वें वित्त आयोग की टीम बिहार आई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय संवाद में 12 सदस्यीय आयोग की टीम की बैठक हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने भी बिहार की जरूरत को गंभीरता से आयोग से लेने का आग्रह किया है। वहीं वित्त आयोग की टीम आज 21 मार्च को मधुबनी पंचायत सरकार भवन देखने जा रही है।

## बेगूसराय में ही रहेगा मक्का अनुसंधान केंद्र, विपक्ष भ्रम फैला रहा, शिवराज सिंह चौहान ने साफ कह दिया



**नईदिल्ली/ पटना, एजेंसी।** बिहार के बेगूसराय से मक्का अनुसंधान केंद्र कर्नाटक शिफ्ट किए जाने की अफवाहों पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने साफ कर दिया है, कि मक्का अनुसंधान केंद्र बेगूसराय में ही रहेगा। कर्नाटक ट्रांसफर नहीं होगा। वहां नया संस्थान खोला जाएगा। विपक्ष भ्रम फैलाने में मास्टर है। लेकिन ये मोदी सरकार है, हम छीनते नहीं है, नया देने का काम करते हैं। लोकसभा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने मक्का अनुसंधान केंद्र को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होने कहा कि बेगूसराय मुक्का अनुसंधान संस्थान कर्नाटक शिफ्ट नहीं किया जाएगा। कर्नाटक में नया केंद्र खोला जाएगा। विपक्ष तो भ्रम फैलाने में माहिर है। इससे पहले बेगूसराय से सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी बताया था कि इस मामले को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है। इस संबंध में 17 जनवरी 2025 को ही कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनकी टेलीफोनिक वार्ता हो चुकी थी। इसमें मक्का अनुसंधान केंद्र को बेगूसराय में ही बनाए रखने की बात रखी गई थी। जिसकी केंद्रीय कृषि मंत्री ने भी आज पुष्टि कर दी।

आपको बात दें एक इस मामले को लेकर एक पत्र वायरल हो रहा था। 31 दिसंबर 24 को जारी पत्र में बीवाई राघवेंद्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेगूसराय स्थित राष्ट्रीय मक्का अनुसंधान केंद्र के क्षेत्रीय केंद्र के कर्नाटक के शिवमोग्गा में शिफ्ट होने की चर्चा की है। हालांकि हिन्दुस्तान ने इस वायरल पत्र की पुष्टि नहीं की थी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस पत्र को शेयर करते हुए लिखा है कि आखिर बिहार और बिहार के किसानों से क्या दिक्कत है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए व भाजपा को। एनडीए सरकार बिहार और बिहारियों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। जिसके बाद बिहार राज्य किसान सभा (जमाल रोड) के अध्यक्ष और बेगूसराय के पूर्व विधायक राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला किसान कौंसिल बेगूसराय की ओर एक विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि मक्का अनुसंधान केन्द्र शिफ्ट हुआ तो इसका विरोध होगा।

### बिहार में 117 प्रोफेसर बने प्रधानाचार्य : सासाराम के 4 शिक्षक समेत वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के 15 प्रोफेसर चयनित

**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग ने प्रधानाचार्य पद के लिए 156 प्रोफेसरों का साक्षात्कार लिया। इनमें से 117 प्रोफेसरों का चयन किया गया। जहां सासाराम से चार प्रोफेसरों को प्रधानाचार्य बनाया गया है। शांति प्रसाद जैन कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह इनमें शामिल हैं। वीकेएसयू आरा के अंग्रेजी विभाग के प्रो. कृष्ण कांत सिंह को भी प्रधानाचार्य चुना गया है। वे पहले एसपी जैन कॉलेज में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष थे। रोहतास महिला कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. सुधीर कुमार सिंह और संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. सावित्री सिंह भी प्रधानाचार्य बनाई गई हैं। बिक्रमगंज के अनजबित सिंह कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो. अनुज रजक का भी चयन हुआ है।



## हर कदम पर बेरोजगारी को लेकर सरकार से लड़ेंगे: कन्हैया कुमार

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** बिहार के सीतामढ़ी पहुंचे कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने पलायन रोको नौकरी दो पदयात्रा के दौरान इस बार एनडीए की सरकार पर जमकर निशाना साधा है। इस दौरान सीतामढ़ी के भारत-नेपाल की सीमा बैरगनिया से इस पदयात्रा की शुरुआत हुई की और सीतामढ़ी के ढेंग में यात्रा की समाप्ति हुई। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि डेढ़ लाख युवकों की नियुक्ति प्रकिया पूरी हो चुकी है। हालांकि उनको अब तक काम नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि वे हर कदम पर बेरोजगारी हटाने को लेकर सरकार से लड़ने का काम करेंगे। कन्हैया कुमार ने कहा कि बेरोजगारी को हटाने को लेकर वह बिहार के युवाओं के साथ हैं और पूरी तरह से लड़ने को तैयार हैं।

**बेरोजगार युवा और मजदूर यात्रा में दे रहे हैं साथः** मौके पर कन्हैया कुमार ने कहा कि डेढ़ लाख युवकों की सरकार ने नियुक्ति को लेकर हर एग्जाम ले लिया। वो इन एग्जाम में पास भी हो गए लेकिन इन सब के बावजूद अब तक उनको नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया। वहीं इस यात्रा में बेरोजगार मजदूर और डेढ़ लाख युवा उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार के द्वारा बेरोजगार युवाओं और मजदूरों को नौकरी नहीं दी जाती, तब तक वह सरकार के खिलाफ पदयात्रा के माध्यम से विरोध करते रहेंगे।

## बिहार शिक्षा विभाग का गजब एक्शन, 2 मुर्दों से मांगा जवाब

### जेल में बंद टीचर को भी नोटिस

**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार के पूर्णिया जिले में शिक्षा विभाग का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां शिक्षा विभाग ने दो ऐसे शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है जो चार और छह महीने पहले ही निधन हो चुका है। परिवार वालों ने परंपरागत ढंग से उनका संस्कार भी कर दिया है। मृत शिक्षकों के कई साथी शिक्षक व अधिकारी भी शामिल हुए, लेकिन विभाग इसे मानने को तैयार नहीं है।

**पूर्णिया में मृत शिक्षको शोकॉजः** दरअसल, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी के कार्यालय में इस बात की जानकारी नहीं है कि उनके दो शिक्षकों की मौत हो गई है और एक शिक्षक आपराधिक मामले में जेल में बंद हैं। विभाग ने दोनों मृत शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है कि वे स्कूलों से अनुपस्थित क्यों चल रहे हैं। ई शिक्षा कोष एप पर उपस्थित नहीं बनाने वाले 466 शिक्षकों से शिक्षा विभाग के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया।




**जेल में बंद टीचर से शोकॉजः** शिक्षा विभाग का यह कारनामा चर्चा का विषय बना हुआ है। शिक्षा विभाग के अधिकारी इसकी सूचना तक देने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं। वहीं मध्य विद्यालय धमदाहा घाट के शिक्षक लक्ष्मी बेसरा पिछले 4 वर्षो से आपराधिक मामले में पटना जेल में बंद हैं उनसे भी विभाग स्पष्टीकरण पूछा है।

### चार माह पहले हुई मौत

धमधाहा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय गछकत्ता के शिक्षक अखिलेश मंडल का निधन पिछले 4 माह पूर्व हो चुका है। ई शिक्षा कोष ऐप पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से 18 मार्च को विद्यालय से अनुपस्थित रहने को लेकर स्पष्टीकरण पूछा गया। वहीं दूसरी मध्य विद्यालय विष्णुपुर के शिक्षक सुशील ठाकुर का निधन भी करीब 6 माह पूर्व हो चुका है।

## नाइजीरिया के स्टील प्लांट में ब्लास्ट, गया के मजदूर की मौत, गांव लाया गया शव



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया के रहने वाले 25 वर्षीय अर्जुन प्रसाद की नाइजीरिया में दर्दनाक मौत हो गई है। अर्जुन प्रसाद जिले के डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के रहने वाले देवनन्दन महतो के पुत्र थे। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव डुमरिया के भोक्ता टोला पहुंचा, जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार 16 मार्च को नाइजीरिया में अर्जुन प्रसाद की मौत हुई थी। अर्जुन पर परिवार की जिम्मेदारी थी जि वजह से वो तीन महीने पहले ही मजदूरी के लिए दूसरे देश नाइजीरिया गये थे।

### ब्लास्ट में हुई दो मजदूरों की मौत

बताया जा रहा है कि इस विस्फोट में एक नाइजीरिया के मजदूर की भी मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार भीषण विस्फोट में सात अन्य मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। घटना के बाद नाइजीरिया सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया था। इस मामले की वहां जांच भी चल रही है। अर्जुन प्रसाद के परिजनों के अनुसार नाइजीरिया पुलिस ने इस घटना में दो लोगों के मौत होने की पुष्टि की है।

### स्टील प्लांट में ब्लास्ट में मजदूर की मौत

डुमरिया थाना क्षेत्र की रहने वाले अर्जुन प्रसाद इसी साल 16 जनवरी 2025 को नाइजीरिया गये थे। अच्छी नौकरी करने की चाहत लेकर वह नाइजीरिया के ओगुन शहर रह रहे थे। परिजनों के अनुसार अर्जुन नाइजीरिया के क्वांटम स्टील लिमिटेड में काम कर रहे थे। उनके पिता देवनंदन महतो ने बताया कि पिछले 16 मार्च की शाम 5 :00 बजे फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ, जिससे अर्जुन की मौत हो गई।

### परिजनों का सहारा था अर्जुन प्रसाद

गांव के ही अनुज गाड़ानी ने बताया कि नाइजीरिया पुलिस के प्रवक्ता ओमोलोला के अनुसार कंपनी के कर्मचारी जोसेफ अदवेल ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस ने तुरंत घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू की थी। वहीं अर्जुन का शव गांव पहुंचते ही मातम पसर गया, स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि अर्जुन प्रसाद के परिवार को उचित मुआवजा और मदद दी जाए। वहीं पिता देवनंदन महतो ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 22-03-2025 21:59 Page 1



# पुलिस प्रशासन डाल-डाल तो अपराधी चल रहे पात-पात

# 773 किलोग्राम विदेशी मूल का पोस्ता दाना जब्त

## राजधानी एक्सप्रेस में तस्करी से पुलिस हैरान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सीमा शुल्क आयुक्तालय पटना के अंतर्गत सीमा शुल्क प्रामंडल मुजफ्फरपुर के अधिकारियों द्वारा एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 773 किलोग्राम विदेशी मूल का पोस्ता दाना जब्त किया। कस्टम आयुक्त डा. यशोवर्धन पाठक के निगरानी में लगातार तस्करी के खिलाफ अभियान चलाई जा रही है। जब्त किए गए पोस्ता दाना का अनुमानित मूल्य 11.60 लाख रुपये है।

सीमा शुल्क प्रामंडल, मुजफ्फरपुर के अधिकारियों को यह गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी मूल का पोस्ता दाना ट्रेन संख्या 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस से सामान ले जाई जा रही है।

पुलिस अधिकारी इस बात से हैरान रह गए कि राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेन में इस तरह से तस्करी की जा रही थी। एसएलआर में रेलवे रसीद के द्वारा



दिमापुर से न्यू दिल्ली के लिए बुक किया गया था। यह बिहार के रास्ते बगैर किसी वैध कागजात के तस्करी कर ट्रेन से नई दिल्ली ले जाई जा रही थी। इसे सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया। इस कार्रवाई में सहायक आयुक्त त्रिपुरारी शरण के नेतृत्व में अन्य अधीक्षकों एवं निरीक्षकों के द्वारा की गई। फिलहाल इस बात की छान बीन की जा रही है कि उक्त तस्करी में कौन- कौन लोग शामिल हैं।

इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरूरी कार्रवाई की जा रही है ।ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से डा० यशोवर्धन पाठक, आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) पटना के दिशा-निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। आयुक्त ने आगे बताया कि तस्करों द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र से ट्रेनों तथा अन्य माध्यमों से यथा सड़क मार्ग द्वारा भी अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी मूल के समानों को लाया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त ने यह भी बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

## देसी शराब की 12 भट्ठियां ध्वस्त

**हाजीपुर।** उत्पाद विभाग, राघोपुर एवं रुस्तमपुर थाना और एएलटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ड्रोन की मदद से जाफराबाद टोक दियारे में गंगा नदी किनारे में संचालित देसी शराब की 12 भट्ठियां ध्वस्त की है।

इस दौरान करीब 25,400 लीटर कच्चा जावा नष्ट कर दिया है। मालूम हो कि पिछले 10 दिनों में जाफराबाद टोक दियारे में 100 से अधिक शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है।

इस दौरान मौके से करीब 25 पीस प्लास्टिक ड्रम, 102 टिन ड्रम और आठ अन्य उपकरण भी जब्त करते हुए लगभग 100 लीटर देसी शराब बरामद की गई है।

उत्पाद इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में शनिवार की सुबह से दोपहर तक अभियान चलाई गई। जिसमें जाफराबाद टोक दियारे में नदी किनारे देसी शराब की 12 भट्ठियां ध्वस्त करते हुए करीब 25,400 लीटर कच्चा जावा विनष्ट कर दी गई है।

# बोलेरो में बने तहखाने से शराब की खेप बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** उत्पाद विभाग की कार्रवाई में शनिवार को गंगा पुल स्थित चेकपोस्ट पर एक बोलेरो से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप पकड़ी गई है। इस मामले में बोलेरो चालक को उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जाता है कि चालक यूपी से शराब की खेप लेकर बक्सर के रास्ते छपरा जाने के प्रयास में था। तभी चेकपोस्ट पर वाहन जांच के क्रम में उत्पाद पुलिस को सफलता मिली है। उत्पाद अधीक्षक आलोक रंजन ने बताया कि उत्पाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शनिवार की सुबह बक्सर के रास्ते एक बोलेरो से भारी मात्रा में शराब की खेप जाने वाली है।



सूचना के आलोक में उत्पाद विभाग की टीम पहले से सतर्क थी और यूपी की तरफ से आने वाले एक-एक वाहन की जांच की जा रही थी। तभी सुबह नौ बजे के करीब एक बोलेरो को आते देखकर उसे रोककर तलाशी लेने पर पहले तो कुछ भी नहीं मिला, पर उसके चेसिस को ठोक बजा कर देखने पर पता चला कि गाड़ी में नीचे की ओर तहखाना बना है।

चालक से कहकर तहखाना खोलवाने पर अंदर शराब की बोतलें भरी पड़ी थीं। गिनती करने पर 576 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब के अलावा 97 बोतल अतिरिक्त अंग्रेजी शराब पाते हुए जब्त कर लिया गया। आकलन करने पर कुल शराब की मात्रा 176.5 लीटर शराब पाई गई।

इस मामले में बोलेरो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसकी पहचान छपरा के सला निवासी पिंटू कुमार के रूप में की गई। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि यूपी से शराब की खेप लेकर उसे छपरा जाना था पर, बार्डर पर चल रही सख्ती को देखते हुए वह बक्सर की ओर आ गया और यहां से आरा होते उसे छपरा माल पहुंचाना था।

# फर्जी डिग्री का भांडा फूटने से बिहार से यूपी तक मची खलबली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की मार्कशीट व डिग्रियां राज्य के बाहर धड़ल्ले से बिक रहीं हैं।

19 मार्च यानी बुधवार को देश के अनेक विश्वविद्यालयों की फर्जी मार्कशीट बनाने वाला गिरोह को पकड़ा गया है। यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) समेत देश की नामचीन सरकारी व निजी विश्वविद्यालय की मार्कशीटें बनाई जा रही थीं।

युवाओं को सत्यापन की गारंटी भी दी जाती थी। एसटीएफ द्वारा आगरा में पकड़े गए सरगना ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि नकली मार्कशीट बनवाने वाले 300 से ज्यादा युवा सरकारी नौकरी पा चुके हैं।

विभिन्न प्रदेशों के 40 विश्वविद्यालयों की 900 से ज्यादा तैयार मार्कशीट-डिग्री बरामद हुई हैं। इसमें मिथिला विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दूरस्थ शिक्षा निदेशालय की रिक्त मार्कशीट व डिग्रियां भी बरामद हुई है।

यहां बता दें कि दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में पिछले पांच वर्षों से नामांकन की प्रक्रिया बंद है। नैक की शर्तों के कारण नामांकन पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी दलाल बैक डेट में धड़ल्ले से डिग्रियां उपलब्ध करा रहे हैं।

फर्जी मार्कशीट बनाने का खेल आगरा के नोटपैड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के आफिस में चल रहा था। एसटीएफ इंस्पेक्टर हुकुम सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापा मारकर कंपनी के सीईओ धनेश मिश्रा को गिरफ्तार किया है।

ऑफिस में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय समेत देशभर के निजी विश्वविद्यालयों की तैयार 944 मार्कशीट और 104 खाली मार्कशीट बरामद हुई है।

धनेश ने बताया कि वह डिमांड पर निजी विश्वविद्यालयों की मार्कशीट और डिग्री बनाकर देता है। अब तक आठ हजार से अधिक मार्कशीट और डिग्री बना चुका है। प्रोफेशनल कोर्स बीफार्मा, डीफार्मा, एमबीए आदि की मार्कशीट और डिग्री दो से ढाई लाख रुपये में दी जाती थी।

बीए-बीकाम की मार्कशीट की 20 से 50 हजार रुपये फीस थी। फर्जी अंकपत्र व डिग्री के सहारे अब तक 300 से अधिक युवा सरकारी नौकरी कर रहे हैं।

इंस्पेक्टर ने बताया कि आफिस से चार लैपटॉप, एक प्रिंटर तथा दस्तावेज बरामद किए हुए हैं। लैपटाप में मार्कशीट के आर्डर संबंधित कई मेल मिले हैं।

मिथिला विश्वविद्यालय के अधीन संचालित दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में पिछले पांच वर्षों से नामांकन की प्रक्रिया ठप है। लेकिन, संचालित कोर्सों की डिग्रियों की आसानी से खरीद-बिक्री हो रही है।

# व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** जिले में थावे थाने के खानपुर अजमत गांव में शनिवार दोपहर जूता-चप्पल के व्यवसायी 35 वर्षीय व्यक्ति का शव पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृत व्यक्ति खानपुर अजमत गांव के उमाकांत साह के पुत्र सह जूता चप्पल व्यवसायी संजय साह बताया जा रहा है। जो लगभग दस वर्ष से सीवान में जमीन खरीदकर अपना मकान बनाकर अपने परिवार के साथ रहता था। सीवान में मकान के ऊपर परिवार रहता था और नीचे जूता-चप्पल की दुकान चलता था। बता दें कि दो वर्ष पहले मृतक की पत्नी सीवान में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुकी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सीवान में अपनी जूता-चप्पल के दूकान पर बैठा था। इसी बीच ग्यारह बजे दिन में उसके मोबाइल पर फोन कर बदमाशों ने बुलाया। वह छह बजे शाम तक स्वजन से फोन पर बात करता रहा। उसके बाद शुक्रवार देर शाम सीवान में बदमाशों ने आठ बजे रात में सिर में गोली मारकर हत्या कर दिया।

हत्या की सूचना मिलते ही स्वजनों में मातम छा गया। घटना के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मृत युवक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था, जिसके दो बेटे हैं। दोनों पढ़ाई करते हैं। मृतक की मां रो-रो कर बेहोश हो जा रही थी। वहीं, इस घटना की सूचना मिलने पर सीवान पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। शव पहुंचने के बाद परिजनों को सांत्वना देने के दरवाजे पर जिप प्रतिनिधि ओमप्रकाश, दीपक कुमार साह, रामशरण, पैक्स अध्यक्ष दिलीप गिरी, राजाराम शर्मा और पिंटू यादव सहित काफी संख्या लोग पहुंचे हुए थे।

# राजद ने सीएम का पुतला फूंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** राष्ट्रगान के अपमान को लेकर गया में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को आक्रोशित कार्यकताओं ने शहर के टावर चौक के समीप मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। राजद नेताओं का आरोप है कि हाल ही में एक सरकारी कार्यक्रम में राष्ट्रगान का अपमान किया गया, जिससे देश प्रेम की भावना आहत हुई है। उन्होंने इस घटना के लिए सीधे मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया।

वहीं, राजद संसदीय दल के सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। अगर जल्द ही इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो हम राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार बार-बार गलत हरकत कर रहे हैं। यह तो राष्ट्रगान का अपमान हुआ। इससे पहले भी देखा गया होगा कि जिसके यहां पुण्यतिथि पर जाते हैं, उनके बेटे पर फूल छिड़कने लगते हैं। बच्चे बच्चियों को झोला गिफ्ट करना हो तो मुख्यमंत्री बच्चियों को झोला पहनाना शुरू कर देते हैं।

महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि पर सीएम नीतीश कुमार क्या किया, यह भी सभी लोगों ने देखा है। भाजपा सीएम नीतीश कुमार को मुखौटा बनाकर राजनीति कर रही है। बिहार को लूटने का और भ्रष्टाचार में धकेलना का काम किया जा रहा है। अब बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। बिहार में लूट हत्या बलात्कार आम हो गया है। जदयू नेता की हत्या और औरंगाबाद में तीन-तीन हत्याएं उसके बाद भी प्रशासन चुप है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को स्वास्थ्य लाभ की जरूरत है। लेकिन, भाजपा मुखौटा बनाकर अपनी राजनीतिक चमक रही है।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा, हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही। राजद ने चेतावनी दी है कि अगर इस मुद्दे पर सरकार ने चुप्पी साधे रखी तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा। इस मौके पर जहानाबाद सांसद डॉ. सुरेंद्र प्रसाद यादव, गुरुआ विधायक विनय कुमार यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दाखिल खारिज मामले में प्रशासन सख्त

**मुजफ्फरपुर।** अंचलों में दाखिल खारिज के दस से अधिक मामले लंबित पाए गए तो राजस्व अधिकारी और कर्मचारियों पर जुमार्ना लगाने के साथ निलंबित कर दिया जाएगा। उक्त बातें डीएम सुब्रत कुमार सेन ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक के दौरान कही।

उन्होंने संबंधितों को चेतावनी देते हुए 15 अप्रैल तक की डेडलाइन निर्धारित की है। अभियान बसेरा की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रत्येक अंचलाधिकारी को 20 की संख्या में भूमि आवंटित करने का टास्क दिया, ताकि जिला की रैंकिंग में अपेक्षित सुधार लाया जा सके।

# कार से युवक का शव बरामद, सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** मोतिहारी में शनिवार को एक युवक की हत्या कर शव को दुर्घटना से मौत दिखाने की सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने हत्यारों के मंसूबा को समझ गई है और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पूरा मामला मोतिहारी के घोड़ासहन थाना क्षेत्र का है। जहां जेएलएनएम कॉलेज के पीछे रजवाड़ा रोड में सड़क किनारे एक युवक का शव को पुलिस ने चार चक्का वाहन के अंदर से बरामद किया है। युवक का शव आई-20 गाड़ी में बीच के सीट पर पड़ा हुआ था तथा गाड़ी सड़क किनारे एक पेड़ से टकराई पड़ी हुई थी। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में युवक का शव खून से लथपथ बीच की सीट पर रखा हुआ था। मृतक को धारदार हथियार से सिर पर कई जगह हमला कर हत्या किया गया है।

युवक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला निवासी संजीव सहनी (35) के रूप में किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना शुक्रवार की देर रात की बतायी जा रही है। अहलेसुबह पुलिस ने शव को बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि युवक की अन्यत्र कहीं हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से उक्त जगह पर दुर्घटना का रूप दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के मालिक की पहचान शिवहर निवासी रामबाबू सिंह के रूप में हुई है।

गाड़ी मालिक के अनुसार, मृतक संजीव सहनी गाड़ी का ड्राइवर था। जो शुक्रवार के शाम अपने घर मुजफ्फरपुर के लिए शिवहर से रवाना हुआ था। बहरहाल, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, घटना के सूचना पर सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच सूक्ष्म तरीके से जांच पड़ताल की है।

# पुलिस-अपराधियों के बीच चली गोली

## दो अपराधी हुए जखमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर में बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में दो बदमाश को गोली लगने से घायल हो गए। मौके पर अफरातफरी मच गई।

दोनों को इलाज के लिए पुलिस अस्पताल ले गई। मिली जानकारी के अनुसार बिदुपुर थाना क्षेत्र में बदमाश और पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो बदमाश को गोली लगी है।

दोनों को इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार, एक बदमाश नगर थाना क्षेत्र के चिकनौटा निवासी फुदेना जबकि दूसरा मुकेश पटेल बताया गया।

मुख्यालय उपाधीक्षक अबू जफर इमाम ने बताया कि बिदुपुर थाना क्षेत्र में बदमाश और पुलिस की मुठभेड़ में दो बदमाश को गोली लगी है। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। सदर अस्पताल में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद हैं।

एनकाउंटर में पुलिस ने दो को पैर में गोली मारी है। अपराधी की पहचान नगर थाना क्षेत्र के चिकनौटा गांव निवासी सुनील राय के 23 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार उर्फ फूदेना एवं बिदुपुर थाना क्षेत्र गोपाल चकनई गांव निवासी ज्वाला राय की 20 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार बताया गया है।



नगर थाना क्षेत्र के जढुआ चिकनौटा में दरवाजे पर चढ़कर विशाल कुमार उर्फ फुदेना ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया था।

घायल युवक स्थानीय विन्देश्वर राय के 26 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के विवाद में फुदेना ने दरवाजे पर चढ़कर विपिन कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया था।

घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया था।

घायल के पिता के बयान पर फुदेना सहित अन्य लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने फुदेना को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मुठभेड़ में गोली लगी है। बीते शुक्रवार को राजापाकर थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में दोनों के शामिल होने की बात कही जा रही है।

## ससुराल से लौट रहे व्यक्ति की दुर्घटना में मौत

**रोहतास।** जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवही और मिजार्पुर गांव के बीच ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी सनोज उर्फ बहादुर के रूप में हुई है, जो किसी दूसरे प्रदेश में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे।घटना के संदर्भ में मृतक के भाई सोनू कुमार ने बताया कि सनोज होली की छुट्टी में घर आया हुआ था। किसी काम के सिलसिले में वह ससुराल गया और ससुराल से लौटने के क्रम में गांव के समीप मिट्टी अनलोड कर तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रैक्टर से उसके बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर का एक पहिया सनोज उर्फ बहादुर के सिर के ऊपर से गुजर गया और घटना स्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटना स्थल पर जुट गए और सड़क को जाम कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन, अमझोर थाना अध्यक्ष श्याम कुमार एवं तिलौथू अपर थानाध्यक्ष ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा बुझाकर सड़क से हटा दिया।

# पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर पहुंचे कन्हैया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** एनएसयूआइ (भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ) के राष्ट्रीय संयोजक कन्हैया कुमार ने कहा है कि बिहार समेत देश के युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। हर घंटे देश के दो युवा बेरोजगारी के कारण आत्महत्या कर रहे हैं, मगर सरकार की आंख नहीं खुल रही है। शनिवार को पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर पहुंचे कन्हैया कुमार ने मेहंदी हसन चौक स्थित एक मैदान में संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज बिहार दिवस है, इसकी राज्य के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। बिहार का इतिहास गौरवशाली रहा है, लेकिन वर्तमान मुश्किलों में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा, बिहार में आधारभूत संरचनाओं का घोर अभाव है। बेरोजगारी चरम पर है। पढ़ लिखकर युवा पलायन को मजबूर हैं। एक तो समय पर परीक्षा नहीं होती और होती भी है तो पेपर लीक हो जाता है।

सरकार पलायन रोकने में पूरी तरह से विफल है। उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य हर क्षेत्र में बिहार पीछे है। शिक्षा प्राप्त करने से लेकर नौकरी तक के लिए बिहार के युवाओं को अन्य प्रदेशों की ओर मुंह देखना पड़ता है। सरकार इस पर ध्यान देने की जगह राजनीति करने में लगी है। कन्हैया कुमार ने कहा कि उनकी यह पदयात्रा राजनीतिक नहीं बल्कि पीड़ित युवाओं को संघर्ष का मंच उपलब्ध कराना है। पद यात्रा के दौरान वह जहां-जहां गए युवाओं की समस्या को समझात्र अब वह इसे आवाज देंगे।

संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने किसी भी राजनीति बयानबाजी से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह राजनीति करने नहीं बल्कि युवाओं के पलायन को रोकने और उनके लिए रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए संघर्ष करने निकले हैं।

इससे पूर्व मुजफ्फरपुर में उनकी पदयात्रा के पहुंचने के बाद जीरो माइल चौक से लेकर तिलक मैदान तक विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

# जिरादेई विधायक आश्रय गृह के समक्ष बैठे धरना पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** सीवान के आश्रय गृह से 20 मार्च की रात में मौका पाकर 13 लड़कियां फरार हो गई थी। इनमें से चार को आर्केस्ट्रा ग्रुप से छुड़ाया गया था। इस मामले में जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिरादेई के विधायक अमरजीत कुशवाहा अपने कार्यकर्ताओं के साथ आश्रय गृह के सामने धरने पर बैठे हैं। जिला अधिकारी ने इस मामले में जांच की बात कही है ।माले नेता व विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि प्रशासन के मिलीभगत से इन लड़कियों को भगा दिया गया है। आश्रय गृह के वार्डन और अन्य कर्मचारी कहां थे कि लड़कियां यहां से फरार हो गईं। यह आश्रय गृह के कर्मचारियों और वार्डन की लापरवाही है। जिला प्रशासन भी जांच के नाम पर सिर्फ लीपापोती करने में जुटा है। डीएम और एसपी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एसडीएम से पूछे जाने पर कहते हैं कि आप डीएम से पूछिए, डीएम सिर्फ जांच की बात कर रहे हैं। आखिर ये लड़कियां कहां गईं। इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हुई।

मामला सीवान जिले के जिरादेई प्रखंड अंतर्गत भैंसाखल गांव के आश्रय गृह का है। दरअसल, 20 मार्च की रात 13 नाबालिग लड़कियां आश्रय गृह की चारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। यह मामला तब सामने आया, जब आश्रय गृह के वार्डन ऋतु कुमारी ने जिरादेई थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मामला सामने आने के तुरंत बाद जिला प्रशासन एक्टिव होकर उन लड़कियों को ढूंढना शुरू किया है। हालांकि, अभी तक कोई बरामदगी नहीं हुई है। इन फरार लड़कियों में से चार लड़कियां आर्केस्ट्रा संचालक के चंगुल से छुड़ाया गया था। अन्य 10 को अन्य अलग-अलग मामलों में आश्रय गृह में लाया गया था। इन सबकी उम्र 18 साल से कम है।

जिलाधिकारी ने कहा कि लड़कियों के भागने के मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इसके लिए धावा दल का गठन किया गया है। इस मामले में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। सभी के ऊपर कार्रवाई होगी। फरार लड़कियों में से एक लड़की को बरामद किया गया है। अन्य को भी ट्रैस किया गया है, जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा। आगे कहा कि यह प्रशासन के तरफ से निश्चित ही चूक है। आरोपियों पर कार्रवाई होगी। भैंसाखाल आश्रय गृह का उद्घाटन जनवरी महीने में ही सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया है।

## सड़क सुरक्षा को ले दिलायी गयी शपथ

**पटना।** आज यानी 22 मार्च को निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग वैभव श्रीवास्तव ने विभाग के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के संबंध में शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोगः बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन नहीं चालाऊंगा/चालाऊंगी। बिना सीट बेल्ट बांधे चारपहिया वाहन नहीं चालाऊंगा/चालाऊंगी। मोबाइल फोन का उपयोगः वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करूंगा/करूंगी। सुरक्षित गति से वाहन चलानाः तेज गति और गलत तरीके से वाहन नहीं चालाऊंगा/चालाऊंगी। सामाजिक जागरुकताः अपने परिवार, समाज और संपर्क के सभी लोगों को भी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों एवं प्रावधानों का पालन करने हेतु प्रेरित करूंगा/करूंगी।

दुर्घटना पीड़ितों की मददः मैं सड़क पर दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की हमेशा मदद करने के साथ एक स्वच्छ-स्वस्थ-सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास करूंगा/करूंगी।

# बिहार में जल्द होगी ड्रोन पुलिस यूनिट की स्थापना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार पुलिस में जल्द ही अलग से ड्रोन पुलिस यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसमें अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी से लेकर शराब और बालू की तस्करी रोकने के लिए की जाने वाली रेकी में ड्रोन की मदद ली जाएगी।

इसके अलावा ट्रैफिक नियंत्रण में भी ड्रोन यूनिट मदद करेगी। इसकी नोडल एजेंसी विशेष कार्य बल (एसटीएफ) होगी।

विभागीय जानकारी के अनुसार, ड्रोन यूनिट बनाने की दिशा में काम भी शुरू हो गया है। बिहार पुलिस ने तमिलनाडु पुलिस, उत्तराखंड पुलिस और वायुसेना की भी मदद ली है।

ड्रोन पुलिस यूनिट में शामिल पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों को इसके संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वजन के अनुसार अलग-अलग ड्रोन उड़ाने के लिए ड्रोन पायलट लाइसेंस भी प्राप्त किया जाएगा।

इसमें 250 ग्राम से कम का नैनो ड्रोन, 2 से 25 किग्रा तक माइक्रो ड्रोन, 25 से 150 किग्रा तक मध्यम ड्रोन और 150 किग्रा से अधिक वजन के बड़े ड्रोन शामिल हैं।

वर्तमान में दियारा में अवैध शराब निर्माण और बालू के अवैध खनन को रोकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। इस बार होली के मौके पर मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने शहरी क्षेत्र के होटल-रेस्तरां और ढाबे की रेकी में भी




ड्रोन का इस्तेमाल किया था।

बड़े सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों में ड्रोन की मदद ली जा रही है। यूनिट बनने से एक निश्चित एसओपी के तहत इसकी सेवा ली जा सकेगी।

**अश्लील गानों के खिलाफ बिहार पुलिस की मुहिम को मिला कलाकारों का साथ**

वहीं, दूसरी ओर भोजपुरी गानों में अश्लीलता के खिलाफ बिहार पुलिस की ओर से शुरू की गई पहल को कलाकारों का भी साथ मिलने लगा है। अश्लील गाने बजाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज कराने के आदेश के बाद कई गायक-अभिनेताओं ने भी इस कार्रवाई का समर्थन किया है।

बिहार से जुड़ी गायिका प्रिया मलिक ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा है कि जननी मां सीता की धरती पर स्त्रियों की मान-मयार्दा और सम्मान को अश्लील गीत-संगीत आघात पहुंचाते हैं।

यू-ट्यूब पर फूहड़ कंटेंट, अश्लील नृत्य और फूहड़ वातालार्प से मंच सजाने वाले मूर्ख आयोजक पर कार्रवाई होनी चाहिए। मैं अभिनंदन करना चाहती हूं बिहार पुलिस का, जिन्होंने हमारी इस आवाज को हौसला देते हुए जबरदस्त पहल की है। जय बिहार।

आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया जैसी फिल्मों के अभिनेता विनय आनंद ने बिहार पुलिस की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी मुहिम है, आपलोग भी इस मुहिम से जुड़कर अच्छे समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

टीवी और भोजपुर फिल्म अभिनेत्री रीना रानी ने कहा कि ऐसे गानों को बजाने वालों के खिलाफ बिहार पुलिस का अभियान वाकई तारीफ के काबिल है। मेरी आप सबसे अपील है कि बिहार पुलिस के इस मिशन में आप भी सहयोगी बनें। न ऐसे गाने बजाएं और न ही किसी को बजाने दें।

द माउंटेनमैन, करियट्ठी जैसी फिल्मों की अभिनेत्री स्नेहा पल्लवी ने भी बिहार के लोगों से अपील की है कि वे बिहार पुलिस के इस मिशन में साथ आएं।

## काशी-अयोध्या केवल आध्यात्मिक चिंतन का आधार नहीं...

# यूपी में अनंत काल से टेक्सटाइल की संभावनाएं: सीएम

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को पीएम मित्र पार्क इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान समेत कई व्यापारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उद्यमियों और मंत्री ने अपनी-अपनी बातें रखीं। यूपी में इन्वेस्ट करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करने का मिशन बनाया है। सीएम रहने उन्होंने गुजरात को टेक्सटाइल हब बनाया। अब इस विजन को देश में सात पार्क स्थापित करके बढ़ाया। यूपी देश का एकमात्र राज्य है जहां पार्क राजधानी में स्थित है।






### निवेश मित्र के माध्यम से 500 से ज्यादा क्लीयरेंस दिए

आसपास के राज्यों की आबादी भी यूपी पर निर्भर है। तीन बेसिक जरूरतों में वस्त्र भी है। यहां एक ही स्थान पर डिजाइन, सिलाई और कटाई का काम होता है। प्रदेश में आठ वर्ष में सकारात्मक माहौल तैयार किया। 33 सेक्टोरल पॉलिसी वाला यूपी देश का पहला राज्य है। निवेश मित्र के माध्यम से 500 से ज्यादा क्लीयरेंस दिए गए। एमओयू की मॉनिटरिंग के लिए निवेश सारथी है। मैं खुद मॉनिटरिंग करता हूं कि एमओयू के बाद क्या समस्या आ रही है? उसे दूर करने पर मंथन करता हूं। सीएम ने कहा कि इंसेंटिव वितरण प्रक्रिया डीबीटी के माध्यम से करते हैं। निवेशक को मंच पर बुलाकर सम्मानित करते हैं। ताकि, ये पता चले हम धरातल पर काम कर रहे हैं। जो कहा वो करके दिखाया। यूपी टेक्सटाइल के बेहतरीन हब के रूप में स्थापित हो सकता है। इसमें आश्चर्य की बात नहीं है।

### अयोध्या के पास अम्बेडकरनगर वस्त्र का गढ़ बना

प्राचीन नगरी काशी और अयोध्या केवल आध्यात्मिक चिंतन का आधार नहीं थी। बल्कि, समृद्धि को भी नई ऊंचाई दी। वहां टेक्सटाइल की संभावनाएं अनंत काल से थी। वाराणसी में साड़ी, सिल्क क्लस्टर, कार्पेट के लिए वाराणसी, भदोही और मिर्जापुर का नाम आता है। अयोध्या के पास अम्बेडकरनगर वस्त्र का गढ़ बना। गोरखपुर के पास संत कबीरनगर, आजमगढ़, मऊ, लखनऊ में टेक्सटाइल का गढ़ है। पश्चिम में मेरठ और पिलखुआ भी हैं। सीएम ने आगे कहा कि पॉलिसी लागू करने का परिणाम है कि सप्लाई के ऑर्डर ज्यादा हैं। इसलिए तय किया कि यूपी में दस नए टेक्सटाइल पार्क बनेंगे। दो नए लेदर पार्क, संत रविदास के नाम पर बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के तहत पीएम मित्र पार्क पांच एफ के तहत बढ़ाएंगे। रेडीमेड गार्मेंट्स में अनंत संभावनाएं हैं। बांग्लादेश की आबादी 16 करोड़ है। लेकिन, टेक्सटाइल में दुनिया भर में छा गया। 140 करोड़ की आबादी वाला भारत क्यों नहीं आगे बढ़ सका? ये सोचने वाली बात है।

**पीएम मित्र पार्क में मिल चुके 83 एमओयू-** सीएम योगी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि पीएम मित्र पार्क के लिए चार लेन सड़क को मंजूरी दे दी गई है। गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी में होंगे। लखनऊ से कानपुर इन्लैंड तक डेडिकेटेड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की सुविधा हो जाएगी। पीएम मित्र पार्क में 83 एमओयू मिल चुके हैं। हमारे पास लैंड, कनेक्टिविटी, सुरक्षा और कौशल सभी कुछ है। जहां जितनी पुरानी मानव सभ्यता होगी, वहां कृषि और टेक्सटाइल सबसे समृद्ध रहा होगा। बीच के काले अध्याय को छोड़ दिया जाए तो उससे उभरकर प्रदेश आगे बढ़ चुका है। सीएम ने कहा कि यूपी 13 फीसदी वस्त्र उत्पादन के साथ देश में तीसरे थान पर है। 30 फीसदी को रोजगार मिलेगा। टेक्सटाइल एमओयू से प्रदेश में 50 हजार से अधिक रोजगार आएंगे। यूपी देश में नंबर दो की अर्थव्यवस्था है। 2029 तक दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दस नए क्लस्टर पार्क पीएम मित्र पार्क के एक्सटेंशन के रूप में काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इन्वेस्ट यूपी से लेकर थानों तक में भ्रष्टाचार...

#### अखिलेश बोले-सत्ता संरक्षण में चल रहा लूट का गिरोह

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी में उगाही के मामले को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। इन्वेस्ट यूपी से लेकर थाने, तहसील तक फैले भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। सत्ता संरक्षण में वसूली और लूट का पूरा गिरोह चल



रहा है। हर विभाग में लूट मची है। इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के कई अफसरों की भी साठगांठ है। अखिलेश ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है। खुलेआम कमीशनखोरी चल रही है। जब वसूली का खुलासा हो गया तो निलंबन का नाटक रचा जा रहा है। इस भ्रष्टाचार का अंतिम पड़ाव अधिकारी नहीं, कोई और है। इस खेल में बड़े-बड़े शामिल हैं।

**हर काम में लूट हो रही है-** सपा अध्यक्ष ने कहा कि जब बंटवारा सही नहीं हो पाता तो मामला उजागर होता है। भाजपा के नेता और पदाधिकारी स्वयं स्वीकार करते हैं कि उन्होंने इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर सड़कों के निर्माण कार्यों तक में हर जगह लूट हो रही है।

### जल्द शुरू होगी गोरखपुर से लखनऊ की उड़ान

#### जानिए किस एयर ने शुरू की तैयारी- ये है संभावित तारीख

गोरखपुर, एजेंसी। एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए फिर उड़ान शुरू करने की तैयारी चल रही है। करीब एक साल बाद इस रूट पर सीधी हवाई सेवा का लाभ यात्री ले सकेंगे। 15 मई से शंख एयर की उड़ान शुरू होने की संभावना है। कंपनी ने गोरखपुर एयरपोर्ट प्रशासन से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के साथ टर्मिनल में कार्यालय के लिए जगह मांगी है। गोरखपुर से



लखनऊ के लिए पहले एयर एलायंस की उड़ान संचालित होती थी, जो क्षेत्रीय संपर्क योजना (उड़ान) के तहत 28 मार्च 2021 को शुरू हुई थी। यह उड़ान गोरखपुर से दिल्ली जाने वाले एटीआर विमान के जरिये संचालित की जाती थी। रोजाना दिन में 11:45 बजे गोरखपुर से लखनऊ के लिए उड़ान भरने वाला यह विमान दोपहर 2:10 बजे वापस गोरखपुर आकर दिल्ली के लिए रवाना होता था। लेकिन एक साल पहले यह सेवा बंद हो गई। इससे यात्रियों को बस और ट्रेन का सहारा लेना पड़ रहा था। नए विमानन सेवा की शुरुआत होने से यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी। फिलहाल, गोरखपुर से लखनऊ जाने के लिए ट्रेन या सड़क मार्ग से सफर करना पड़ता है।

# नागपुर हिंसा के लिए महाराष्ट्र सरकार जिम्मेदार सांसद डिंपल यादव ने भाजपा पर बोला हमला

**मैनपुरी , एजेंसी।** मैनपुरी में जिला विकास एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाग लेने आईं सांसद डिंपल यादव ने भाजपा सरकार पर कड़ा जुबानी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नागपुर की हिंसा के लिए महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उत्तर प्रदेश में भी माहौल खराब है। महिलाओं के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं।

मैनपुरी सांसद डिंपल ने कहा कि विकास की बात पूरी तरह से पीछे चली गई है। भड़काने वाली राजनीति शुरू हो गई है। जो लोग लोगों को लड़ाने के हथकंडे अपना रहे हैं, वे लोग नहीं चाहते कि देश में अमन चैन रहे और देश आगे बढ़े। संविधान ने जो अधिकार लोगों को दिए हैं, उन अधिकारों के जरिए लोग आगे बढ़ें। समाजवादी पार्टी जनता की लड़ाई लड़ेगी। सपा सांसद जिया उर रहमान का आवास तोड़ने को लेकर कहा कि चिन्हित कर भाजपा सरकार परेशान तो कर सकती है। मगर, अपने मंसूबे में सफल नहीं हो पाएगी। उन्होंने कहा कि जनता जान रही है कि यूपी में माहौल बिगाड़ने के लिए क्या-क्या हो रहा है। इससे पूर्व उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ दिशा की बैठक की। कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, विद्युत बिलिंग की व्यवस्था सुधारी जाए, हाईटेंशन विद्युत से होने वाले हादसों को रोकने, विद्युत पोल में करंट की समस्या, ढीले तार प्राथमिकता पर ठीक कराएं। शहरी, ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति खुले में शौच न जाए। सफाईकर्मी अपने तैनाती ग्राम में प्रतिदिन जाकर सफाई का करें। कोई भी सफाईकर्मी किसी कार्यालय में संबद्ध न रहे। किसानों को समय से यूरिया, डीएपी, सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। किसानों की उपज का सामान निर्धारित एमएसपी पर क्रय केंद्रों पर आसानी से क्रय किया जाए, आकस्मिक दुर्घटना, निराश्रित पशु के हमलों में मृतकों के परिजनों को कृषक दुर्घटना बीमा में लाभान्वित कराया जाए। जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन ग्रामों की सड़कों, सीसी रोड की मरम्मत प्राथमिकता पर कराई जाए। बैठक में विधायक, विधान परिषद सदस्य सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों ने हाई टेंशन लाइट की चपेट में आने से अक्सर होने वाले हादसों, विद्युत पोल में करंट आने, ढीले विद्युत तारों को ठीक कराने के साथ ही नई बसावटों में विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किए जाने, विद्युत बिलिंग व्यवस्था सुधारने, जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने के लिए सीसी सड़कों, अन्य सड़कों की मरम्मत कराए जाने की मांग की। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन, जन-प्रतिनिधियों के सुझावों पर तत्काल कार्यवाही होगी। संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक बिना किसी कठिनाई के पहुंचेगा।



### 12 घंटे की पूछताछ

### पूर्व अध्यक्ष के बेटे...कला निकेतन कर्मचारी का आमना-सामना, राजघाट पुलिस ने की सख्ती

गोरखपुर , एजेंसी। कला निकेतन में 31 जनवरी को हुए बवाल पर पुलिस ने अब एक्शन लिया है। सराफा मंडल हिंदी बाजार के पूर्व अध्यक्ष शरद चंद अग्रहरि उर्फ बबलू अग्रहरि के बेटे दीपक और अन्य को राजघाट थाने की पुलिस ने दुकान में घुसकर मारपीट के मामले में उठा लिया है। उनसे 12 घंटे पूछताछ हुई। बीती 31 जनवरी को दीपक, बबलू अग्रहरि और अन्य लोगों पर नौ गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। बबलू अग्रहरि की तरफ से भी घंटाघर कला निकेतन के कर्मचारियों पर केस दर्ज कराया गया था। इसी के बाद से मामले में बीचबचाव और समझौते की चर्चा चल रही थी। शुक्रवार सुबह 10 बजे करीब राजघाट थानाध्यक्ष सदानंद सिन्हा अपनी टीम के साथ पूर्व अध्यक्ष के घर पहुंचे और उनके बेटे को राजघाट थाने पूछताछ के लिए ले गए। दरअसल, पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि 31 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे बबलू अग्रहरि और उनके साथ 20 लोग किसी पुराने विवाद को लेकर दुकान (कला निकेतन) में घुस आए। उन्होंने दुकान में कर्मचारियों के साथ मारपीट की। इसी तहरीर के आधार पर राजघाट थाने में बबलू अग्रहरि, बेटे संग 20 अज्ञात के खिलाफ नौ धाराओं में केस दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत दुकान के सामने गाड़ी पार्किंग को लेकर हुई थी। दुकान में काम करने वाले एक कर्मचारी से पहले बबलू अग्रहरि के बेटे की कहासुनी हुई। आरोप है कि दुकान के कर्मियों ने बबलू अग्रहरि के बेटे को चौराहे पर पीट दिया था।

### काशी में डॉल्फिन सफारी की सैर: वन विभाग की नाव से एक बार में सात पर्यटक कर सकेंगे भ्रमण, रोज उठा सकेंगे आनंद

**वाराणसी, एजेंसी।** एक पल के लिए पानी से बाहर आना और गायब हो जाना। अठखेलियां करती डॉल्फिन (सूंस) को देखने के लिए हमें कितनी मशक्कत करनी पड़ती है। माना जाता है कि डॉल्फिन दो से तीन मिनट में सांस लेने के लिए पानी से ऊपर कूदती है। इसको देखने वालों की दीवानगी देखते हुए वन विभाग टाइगर सफारी की तर्ज पर वाराणसी में डॉल्फिन सफारी बनाने जा रहा है। इसमें लोग वन विभाग की नाव से सफारी की सैर कर सकते हैं। इसके लिए वन विभाग पर्यटन विभाग की भी मदद लेगा। वन संरक्षक डॉ. रवि सिंह ने बताया कि एक बार में सात पर्यटक नौका में आधे घंटे तक भ्रमण कर सकते है। भ्रमण करने के लिए उनको रजिस्ट्रेशन करना है, रजिस्ट्रेशन के लिए विभाग जल्द ही एक वेबसाइट बनाएगा। विभाग के अधिकारी पर्यटकों को डॉल्फिन के बारे में जानकारी भी देंगे। प्रतिदिन तीन से चार बार नाव का संचालन किया जाएगा। एक बार भ्रमण के लिए समय निर्धारित किया गया है। कैथी से ढकवां गांव के बीच में अभी डॉल्फिन की संख्या 50 से 60 तक होने का अनुमान है। डॉल्फिन की संख्या का बढ़ना गंगाजल की गुणवत्ता में सुधार से संभव हुआ है। साथ ही यह मौसम विज्ञानियों और डॉल्फिन प्रेमियों के लिए एक राहत भरी बात है।



ये डॉल्फिन दो से तीन मिनट में सांस लेने के लिए पानी के ऊपर आती हैं। गंगाजल की गुणवत्ता में सुधार होने से कैथी के निकट इनकी संख्या में बढ़ोतरी होने की संभावना बढ़ गई है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि कैथी में डॉल्फिन देखने के लिए लगातार पर्यटक आते है। बढ़ते पर्यटकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए विभाग इसकी शुरुआत कर रहा है। गंगा में इन दिनों बड़ी डॉल्फिन के साथ उनके बच्चों को भी देखा जा सकता है। मछुआरों को डॉल्फिन के बारे में जागरूक किया जा रहा, जिससे इनको बचाया जा सके।

### 28 को है मुख्तार अंसारी की पहली बरसी

# पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने आ सकते हैं अब्बास अंसारी

**गाजीपुर , एजेंसी।** मऊ विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कासगंज जेल से अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई की खबर सुनते हुए शुभचिंतकों में खुशी दौड़ गई। अब हर जुबां पर यही चर्चा है कि वह अपने मरहूम मुख्तार अंसारी की पहली बरसी पर 28 मार्च को कालीबाग कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ने जरूर आएंगे। हालांकि परिवार के लोग इस बाबत कुछ नहीं बोल रहे हैं।



**दो साल आठ महीने बाद जेल से हुए रिहा-** मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और मरहूम गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को दो साल आठ महीने बाद शुक्रवार को कासगंज जेल से रिहा कर दिया गया। हालांकि इसके पहले पेरोल पर वह जेल से दो बार बाहर आ चुके हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च 2025 को उन्हें गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में अंतरिम जमानत दी थी, जिसके बाद चित्रकूट कोर्ट ने 2-2 लाख रुपये के जमानतदारों की जमानत पर उनकी रिहाई का आदेश जारी किया। अब्बास अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय ने नवंबर 2022 में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

### ईद पर भी घर रह सकते हैं विधायक अब्बास अंसारी

चित्रकूट जेल से फरवरी 2023 में प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए कासगंज जेल भेज दिया गया। इस दौरान अब्बास पर कई अन्य मामले भी दर्ज हुए थे। इधर, उनके अंतरिम जमानत की खबर मिलने पर मुहम्मदाबाद स्थित उनके पैतृक घर में खुशी का माहौल है। समर्थकों और परिजनों को उम्मीद है कि अब्बास अंसारी अपने पिता, मरहूम मुख्तार अंसारी की पहली बरसी पर 28 मार्च को कालीबाग कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ने जरूर आएंगे। इसके साथ ही, 30-31 मार्च को पड़ने वाली ईद भी वह यहीं मना सकते हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों के तहत उन्हें लखनऊ स्थित विधायक निवास पर रहने का आदेश दिया है। मऊ या गाजीपुर जाने के लिए उन्हें अदालत से अनुमति लेनी होगी और स्थानीय पुलिस को भी सूचित करना होगा। अब यह देखना होगा कि क्या अब्बास अंसारी अपने पिता की कब्र पर दुआ के लिए पहुंच पाते हैं या नहीं और इस बार उनकी ईद कहां मनती है।

### दर्दनाक हादसा: बस्ती से काशी घूमने आया था युवक, गंगा स्नान के दौरान डूबने से हुई मौत; मचा कोहराम

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी जिले की कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बालाजी घाट पर शनिवार को गंगा में डूबने से बस्ती जिले से आए 40 वर्षीय विवेक शर्मा की मौत हो गई। वह अपनी बहन और जीजा के साथ वाराणसी घूमने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवेक शर्मा सुबह गंगा स्नान कर रहा था। इसी दौरान पानी में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया। विवेक को डूबता देख बहन और जीजा ने बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद विवेक का शव गंगा से बाहर निकाला गया। दोपहर बाद तक पुलिस शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई कर रही थी।

#### परिवार में मचा कोहराम

विवेक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने बताया कि विवेक के अन्य परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। वे बस्ती से वाराणसी के लिए निकल गए हैं। परिजनों के आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### रेलवे तोड़ रहा घर, यहीं पैदा हुए...अब कहां जाएंगे, नगला लाल सिंह बस्ती के लोग लगा रहे गुहार



**आगरा , एजेंसी।** आगरा के बारहखंभा रेल फाटक के पास रेलवे लाइन के किनारे स्थित नगला लाल सिंह बस्ती के करीब 21 मकानों को अवैध घोषित करने से लोगों में दहशत का माहौल है। दशकों से रह रहे लोगों में इस बात पर नाराजगी है कि उनके मकान बनते वक्त क्यों नहीं रोका गया। लोन कैसे पास किए गए। बस्ती में करीब 30 साल से रह रहीं शीला देवी का कहना है कि वह इसी घर में ब्याह कर आई थीं। बच्चे बड़े हुए तो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2020 में अनुदान लेकर मकान बनवाया था। अगर मकान अवैध बना है तो फिर नगर निगम ने कैसे लोन दे दिया। रेलवे विभाग हमें बेघर करना चाहता है। 6 लोगों का परिवार है अब उन्हें लेकर कहां जाएं। नोटिस पाने वाले पप्पू का कहना है कि मेरी 60 साल की उम्र हो गई। मेरा जन्म यहीं हुआ। अब कहां जाएंगे। करीब 10 साल पहले रेलवे ने पिलर लगाया था, तब उनके घर का कुछ हिस्सा टूटा था। उन्होंने पिलर से दूर अपना घर बनाया। अब फिर तोड़ रहे। पहले ही बता देते तो हम यहां घर नहीं बनाते। दरअसल रेलवे ने 11 मार्च को एक नोटिस जारी किया। जिसके तहत नगला लाल सिंह बस्ती के 21 मकानों को अवैध घोषित कर 15 दिन में गिरा देने का नोटिस दिया गया है। इन मकानों में करीब 150 लोग रहते हैं। 26 मार्च तक अवैध कब्जा न हटा लेने पर रेलवे विभाग उसे तोड़ देने की चेतावनी दी है। रेलवे ट्रैक के किनारे बाउंड्रीवॉल बना रहा है। नोटिस के बाद से यहां रहने वालों की नींद उड़ गई है।

# बिहार दिवस पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर देशभर के नेताओं की मिली बधाई

## भारतीय परंपराओं और संस्कृति के केंद्र में रहे बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार आज 113 साल का हो गया। इस मौके पर शनिवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में शनिवार से बुधवार तक पांच दिन बिहार दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। बिहार दिवस पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही देश भर के नेताओं ने बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में सभी ने कहा है कि बिहार की खुशहाली और तरक्की के लिए भरपूर सहयोग दिया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा है 'बिहार दिवस पर सभी निवासियों को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। बिहार की धरती प्राचीन काल से ही ज्ञान और विकास का केन्द्र रही है। मेरा विश्वास है कि बिहार के निवासी अपनी प्रतिभा, दृढ़संकल्प तथा परिश्रम के बल पर विकसित बिहार और विकसित भारत के निर्माण में अपना भरपूर योगदान देते रहेंगे। पीएम मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर लिखा है कि बिहार के विकास के लिए हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम सभी मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि भारतीय परंपराओं और संस्कृति के केंद्र में रहे राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि वीरों और महान विभूतियों की पावन धरती बिहार के अपने सभी भाई-बहनों को बिहार दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय इतिहास को गौरवान्वित करने वाला हमारा यह प्रदेश आज अपनी विकास यात्रा के जिस महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, उसमें यहां के परिश्रमी और प्रतिभाशाली बिहारवासियों की अहम भागीदारी है। हमारी संस्कृति और परंपरा के केंद्र-बिंदु रहे अपने इस राज्य के चौतरफा विकास के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे जबकि नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बिहार का इतिहास गौरवशाली है और हम वर्तमान में अपने निश्चय से बिहार का गौरवशाली भविष्य तैयार कर रहे हैं। विकसित बिहार के सपने को साकार करने में भागीदारी के लिए मैं आप सभी का आह्वान करता हूं। हम सब मिलकर बिहार के गौरव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अतुल्य परंपरा, शौर्य एवं ज्ञान की भूमि बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं देता हूं। भगवान बुद्ध और महावीर की तपोस्थली बिहार ने अपने ज्ञान, दर्शन और अध्यात्म के प्रकाश से सदैव सम्पूर्ण विश्व को आलोकित किया है। इसके साथ ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी बिहारवासियों को 'बिहार दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। ज्ञान, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की भूमि बिहार ने हमेशा देश को नेतृत्व और नई ऊर्जा प्रदान की है। इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक, बिहार ने हर क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एनडीए सरकार बिहार को प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशवासियों की सुख, शांति और उन्नति की कामना करता हूं। वहीं, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ज्ञान, अध्यात्म, संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और समृद्ध परंपराओं की भूमि बिहार के 113वें स्थापना दिवस पर सभी बिहारवासियों को अनंत शुभकामनाएं। ज्ञान और संस्कृति का है आधार, ऐसा है हमारा बिहार! जबकि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि ज्ञान, प्रतिभा, ऐतिहासिक गौरव, विद्वता, साधना, अहिंसा, संस्कृति, शौर्य, पराक्रम, प्रेम की पुण्यधरा और लोकतंत्र की जननी- बिहार के स्थापना दिवस पर समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई।

# 14 करोड़ बिहारवासियों की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं नीतीश कुमार: राजीव रंजन प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास का नारा देने वाले और उसे सफलता पूर्वक लागू करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार असल में महानायक हैं। उन्होंने कहा कि बिहार जैसा राज्य जो कभी गुमनामी के अंधेरों में खोया हुआ था उसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास के शिखर पर पहुंचाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 50 वर्षों के दागरहित राजनीतिक जीवन का मूल्यांकन राजद अपने तुच्छ आरोप लगाकर नहीं कर सकता है।

राजद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सवाल उठाने से पहले राजद को पिता, माता और बेटे की राष्ट्रभक्ति का जवाब देना चाहिए। जब साल 1997 में लालू प्रसाद यादव ने उल्टा तिरंगा झंडा फहरा दिया था। वहीं साल 2002 में मार्च पास्ट के दौरान जब राष्ट्र गान बज रहा था तो लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी अपनी सीट से खड़े तक नहीं हुए थे। साल 2020 की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की राष्ट्रभक्ति कहां चली गई थी जब वो तिरंगा फहराने वाले पोस्ट पर ही चढ़ गए थे? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश बिहार की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं और राज्य की 14 करोड़ जनता उनके साथ खड़ी है।

# बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. ने लगाई प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोगों के आर्थिक विकास में बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. सब के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखा जाता है कि साधारण से साधारण व्यक्ति को ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। यह उक्त बातें बिहार दिवस पर बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में अपर निबंधक प्रभात कुमार ने कहीं। यह प्रदर्शनी पटना गांधी मैदान के समीप सहकारिता मंडप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि उधारकर्ताओं का भी दायित्व है कि समयानुसार बैंक का पैसा वापस किया जाए, ताकि भविष्य में उन्हें ऋण लेने में कोई परेशानी न हो तथा अधिक से अधिक लोगों को आवश्यकतानुसार ये सुविधा प्राप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि हमारा एटीम वैन लोगों सहज उपलब्ध हैं, इससे लोगों को काफी सहूलियत हो रही हैं। इसके अलावा अन्य सेवाओं का ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को ऋण सुविधाएं एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके तहत संपत्ति पर ऋण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, महिला सशक्तिकरण ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण शिखा ऋण गोल्ड ऋण , किसान क्रेडिट कार्ड, व्यतिगत कर्ज. एवं ओवर ड्राफ्ट की जानकारी दी गई। वहीं जमा और बचत योजनाएं के तहत आरडी, एफडी, एलडी, एसटीडी, एमआईएस, पीएसीएस, मोबाइल एप से एजेंटों के माध्यम से, दैनिक जमा योजना, जमा राशि पर 75 प्रतिशत ऋण की सुविधा, जमे राशि की जानकारी एसएमएस से, बाल बचत योजना की जानकारी दी गई। इसके अलावा योजनाएं एवं सुविधाएं में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, बाल विकास योजना, ई-स्टाम्पिंग और ई - कोर्ट सुविधाएं, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना एवं क्यूआर कोड सुविधाएं के बारे में जानकारी दी गई।

# थाना के मुंशी को दिनदहाड़े सड़क पर दौड़ा कर पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अपराधियों के निशाने पर पुलिस, दरअसल मसौढ़ी स्टेशन रोड में पोस्ट ऑफिस के पास ओकरी थाना के मुंशी अविनाश मिश्रा को कुछ युवकों ने बुरी तरह से दौड़ा-दौड़ा कर पिटाई कर दी। पिटाई होने के बाद घायल मुंशी दौड़ते हुए तारेगना रेल थाना पहुंचा जहां वह अपनी आपबीती सुनाई। मौके पर मौजूद तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजू दुबे मुंशी अविनाश मिश्रा के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की जिस जगह पर मुंशी की पिटाई हुई थी। पिटाई के बाद घायल थाना के मुंशी ने अपने ओकरी थाना में इसकी सूचना दिया जहां से ओकरी थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मसौढ़ी पहुंचे और मामले की जांच करते हुए घटनास्थल का मुआयना किया।

# बिहार को विकसित और स्वच्छ बनाने का लें संकल्प : नीतू नवगीत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित हो रहे बिहार उत्सव के तहत पटना नगर निगम के मंडप में स्वच्छता जागरूकता के संबंध में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के अनेक पारंपरिक लोकगीतों को गाते हुए पटना के सभी निवासियों से अनुरोध किया कि वह शहर की स्वच्छता के लिए संकल्पित रहें और स्वच्छता सर्वेक्षण में जरूर से जरूर भाग लें। उन्होंने कहा कि पटना नगर को साफ रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार काम किया जा रहा है, लेकिन पूर्ण स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है। हमें अपनी जीवन शैली में भी सुधार करना जरूरी है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किसी को नहीं करना चाहिए। इसकी जगह थैली लेकर मार्केटिंग के लिए जाने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि बिहार को न सिर्फ विकसित बनाएंगे बल्कि स्वच्छ और सुंदर भी बनाएंगे। कार्यक्रम में उन्होंने ए बिहार की धरती तुझ पर जीवन कुर्बान है, जिस धरा पर हमने जन्म लिया वही हमारा मान है, बिहार के अनेक पारंपरिक लोकगीत और स्वच्छता गीत प्रस्तुत करके उपस्थित श्रोताओं का मनोरंजन किया। गायक राजेश केसरी ने भी कार्यक्रम में कई गीत पेश किया और लोगों को स्वच्छता के लिए काम करने का अनुरोध किया।

# राजकीय संस्कृत महाविद्यालय ने मनाया बिहार दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय द्वारा'बिहार की सांस्कृतिक धरोहर' विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दर्शन विषय के प्राध्यापक डा शशिकान्त तिवारी ने कहा कि बिहार सदैव वीरों की भूमि रही है। इस भूमि को कुंअर सिंह, चाणक्य, आर्यभट्ट, अशोक शारदा सिन्हा आदि महापुरुषों ने अपने कर्मों से पल्लवित पुष्पित किया है। यह भूमि माता सीता की जन्मस्थली हैं जिसको प्रभु श्रीराम ने जामाता बनकर पवित्र कर दिया। संस्कृत तथा संस्कृति की रक्षा में बिहार की भूमिका अविस्मरणीय रही है। अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने कहा कि बिहार वैसी पवित्र भूमि है जहां साक्षात भगवान भी नौकर बनकर रहना पसंद करते हैं। बिहार की मिथिला भूमि के अयाची मिश्र को कौन नहीं जानता है, जिनका भारतीय संस्कृतिक योगदान अद्वितीय अप्रतिम है। भारत की स्वतन्त्रता संग्राम में बिहार तथा बिहारियों की भूमिका विशिष्ट है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महाविद्यालय की सहायक प्राचार्या डा ज्योत्सना ने कहा कि बिहार का छठ पर्व आज महापर्व के रूप में न केवल बिहार का अपितु समस्त संसार का पर्व बन चुका है।

# गांधी मैदान में लगा प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् का स्टॉल




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के पंडाल में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा एक विशेष स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। स्टॉल पर आने वाले आगंतुकों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मुद्रित रंगीन फोल्डर निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही पर्षद् के प्रकाशनों को डिजिटल रूप में डाउनलोड करने की सुविधा भी दी गई है जिसके लिए प्रत्येक प्रकाशन का एक अलग क्यू आर कोड बनाया गया है। स्टॉल पर प्रदूषण मापन उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया है। वायु गुणवत्ता को लेकर वातावरण में मौजूद धूलकण के नमूना संग्रहण यंत्र को दिखाया गया जिससे आगंतुक यह समझ सकें कि वायु प्रदूषण कैसे मापा जाता है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण को मापने वाले यंत्र का भी संचालन कर लोगों को इसकी प्रक्रिया समझाई जा रही है। इन यंत्रों के संचालन और उनके उपयोग के बारे में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के वैज्ञानिक कर्मी आम जनता की जिज्ञासाओं का समाधान कर रहे हैं। पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने के लिए स्टॉल पर रंगीन फ्लैक्स, होर्डिंग्स और स्टैंडी भी प्रदर्शित किए गए हैं जिनमें विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों और उनके समाधानों को सरल भाषा में समझाया गया है। इसके अतिरिक्त साउंड बॉक्स और स्पीकर के माध्यम से पर्यावरणीय गीत और रेडियो जिंगल का प्रसारण किया जा रहा है जिससे लोगों तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचे। बिहार दिवस के इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की यह पहल जनसामान्य को प्रकृति के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया यौन शोषण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर के एक मुहल्ले की रहने वाली एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर एक साल तक उसके साथ यौन शोषण करने के बाद शादी से इंकार कर देने के मामले का आरोपी संघतपर निवासी रविशंकर कुमार को मसौढ़ी पुलिस ने नाटकीय ढंग से शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस उसे जेल भेज दिया। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर बीते 04 मार्च को युवती ने रविशंकर कुमार व उसके भाई गुड्डू कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी जिसमें आरोप लगाया थी कि रविशंकर कुमार ने एक साल तक शारीरिक संबंध स्थापित किया और इस दौरान उसने दो बार गर्भपात भी करा दिया। प्राथमिकी दर्ज हो जाने के बाद रविशंकर पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ रहा था। शनिवार को युवती ने योजना बनाकर रविशंकर को समझौता कर लेने व मिलने की इच्छा जता, उसे गांधी मैदान बुलायी। रविशंकर के आने की हामी भर देने के बाद युवती ने इसकी खबर पुलिस को दे दी। रविशंकर युवती से गांधी मैदान मिलने आया उसके पहले कुछ पुलिसकर्मी सादे लिवास में वहां मौजूद थे। इधर ज्योंहि रविशंकर युवती से मिला पुलिस उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर ली।

# राजभाषा के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल को मिला प्रथम पुरस्कार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेल भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सतीश कुमार, अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली ने पूर्व मध्य रेल को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान किया। पूर्व मध्य रेल के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उसे उत्तम कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। रेलवे बोर्ड में आयोजित इस समारोह में रेलवे बोर्ड के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल से इस पुरस्कार को मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार ने प्राप्त किया। इसके साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में इस रेल के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अमित कुमार अग्रवाल को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया।

# जयप्रभा मेदांता में छोटा चीरा लगाकर छाती दर्द से परेशान महिला के हृदय की सर्जरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना में छाती में दर्द से परेशान मधुमेह रोगी 57 साल की एक महिला श्रीमती पुष्पा की मिनिमली इनवेसिव कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग द्वारा सफलतापूर्वक इलाज कर राहत दिलाई गई। यह एक नवीनतम तकनीक है जो पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी की तुलना में अधिक सुरक्षित और प्रभावी है। चूंकि महिला मधुमेह की रोगी थी, इसलिए उसके परिजन ओपन हार्ट सर्जरी नहीं कराना चाहते थे। ओपन हार्ट सर्जरी में घाव में इंफेक्शन की संभावना से बचने के लिए इस नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल किया गया। नयी तकनीक में छाती के बाएं हिस्से में एक छोटा-सा चीरा लगाकर हृदय तक पहुंचा जाता है। इस तकनीक से पारंपरिक कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग की तुलना में कम दर्द, कम जटिलताएं और तेजी से रिकवरी होती है। हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ सर्जन ने बताया कि इस तकनीक से सर्जरी में विशेषज्ञता तथा टीम वर्क की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे अस्पताल में इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जाता है जिससे मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने ली सड़क सुरक्षा शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सड़क सुरक्षा दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने शनिवार (22 मार्च) को ली सड़क सुरक्षा शपथ। सूचना एवं जन-सम्पर्क निदेशक वैभव श्रीवास्ताव ने विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं सभी कर्मियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाया। पदाधिकारियों और कर्मियों ने शपथ लिया कि 'मैं यह शपथ लेता/लेती हूं कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करूंगा / करूंगी। बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन नहीं चलाऊंगा / चलाऊंगी। बिना सीटबेल्ट बांधे चारपहिया वाहन नहीं चलाऊंगा / चालाऊंगी। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करूंगा / करूंगी। तेज गति और गलत तरीके से वाहन नहीं चलाऊंगा / चलाऊंगी। अपने परिवार, समाज एवं सम्पर्क के सभी लोगों को भी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों एवं प्रावधानों का पालन करने हेतु प्रेरित करूंगा / करूंगी। मैं सड़क पर दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की हमेशा मदद करने के साथ एक स्वच्छ-स्वस्थ-सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास करूंगा / करूंगी। सड़क सुरक्षा शपथ में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के संयुक्त सचिव विद्यु भूषण चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी, कुमारिल सत्यनन्दन, संयुक्त निदेशक, रवि भूषण सहाय सहित विभाग के सभी पदाधिकारी एवं सभी कर्मी उपस्थित थे।

# पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा पटना में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पूमरे, हाजीपुर के तत्वावधान में पाटलिपुत्र रेल परिसर, अधिकारी क्लब, दीघा, पटना में अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए सुनीता सिंह, अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की गरिमामयी उपस्थिति में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 115 अधिकारियों एवं उनकी परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य जांच सेंट्रल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटना के चिकित्सकों के द्वारा की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में महाप्रबंधक, पूमरे छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण अपने परिवार के सदस्यों के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर में सम्मिलित हुए। यह कार्यक्रम डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। डा. संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य, डा. कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिशियन, डा. पंकज कुमार, वरीय मंडल चिकित्सा अधिकारी/ऑर्थो, डा. नेहा कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी/प्रसूति रोग एवं पारामेडीकल कर्मचारी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 12 लाख को नौकरी व 34 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार : श्रवण कुमार

## 16 कंपनियों ने लगाये स्टॉल 254 लोगों को प्लेसमेंट,1806 रजिस्ट्रेशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के अंतर्गत जीविका के माध्यम से बिहार दिवस पर मसौढ़ी गांधी मैदान में शनिवार को रोजगार मेला सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया जिसका विधिवत्त उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं एमएलसी रवींद्र कुमार के साथ जीविका जिला प्रबंधक मुकेश ससमल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। मौके पर एसडीएम अमित कुमार पटेल मसौढ़ी एवं पुनपुन बीडीओ उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले में कुल 16 कंपनियों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर दिया जहां कुल 10 युवक-युवतियों को ऑन स्पॉट मंत्री श्रवण कुमार ने नियुक्ति पत्र बांटे। इस मौके पर संबोधन करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि 2025 तक हमारी सरकार 12 लाख लोगों को नौकरी और 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिहार में रोजगार का मतलब नीतीश कुमार है जब तक बिहार के मुखिया नीतीश कुमार हैं- बेरोजगार को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और बिहार में विकास होंगे। जीविका दीदियां सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन्होंने महिलाओं के समूह बनाकर और उन्हें बैंक से ऋण दिलाकर स्वरोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया है। रोजगार मेले में 16 कंपनियों के स्टॉल लगाये गये थे जिनमें तीन कंपनियां प्रशिक्षण देने वाली थी। पटना जिले में यह छठा रोजगार मेला है। मंत्री ने आगे कहा कि लगभग एक हजार युवाओं का मेले में पंजीकरण हुआ है। आज 10 युवतियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए जबकि कुछ के नियुक्ति पत्र बाद में मिलेंगे। कुल 254 लोगों को प्लेसमेंट मिला है जबकि 1809 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ। मौके पर जीविका के प्रबंधक जयप्रकाश शर्मा, नोडल पदाधिकारी युसूफ, एरिया कोऑर्डिनेटर श्वेता कुमारी के अलावा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष ग्रामीण सुनील कुमार वर्मा, कुमारी खुशबुरानी, चंद्रकला देवी, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल, पिंकू मुखिया, अश्विनी गोलडी, बीजेपी के आशा किरण सिंह, आशीष आदि शामिल रहे।

# टोयोटा ने पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दुनिया जब 'विश्व वन दिवस' और 'विश्व जल दिवस' मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज (पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें 'शून्य पर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना' जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियां शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम और इष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भी की जानी है। टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015 में हुई थी। तब से टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज कंपनी की निरंतर जारी रहने वाली पहल का मार्गदर्शन करना जारी रखती है। इससे पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली में सकारात्मक योगदान संभव हो पाता है, इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनों की कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता के नुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम की प्रतिबद्धता के केंद्र में 'ग्रह के प्रति सम्मान' का गहन दर्शन निहित है, जो पारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है।

CMYK

## संपादकीय

# तुलसी गबार्ड की यात्रा - भारत-अमेरिका सहयोग पर लगेगा ब्रेक या बढ़ेगा भरोसा?

ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति के भारी शुल्क थोपने को लेकर भारत में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, दोनों देशों के बीच सहयोग के रिश्तों में रुकावट आने का अनुमान लगाया जा रहा है, अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा कई अर्थों में महत्त्वपूर्ण है। गबार्ड ने प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने जिस तरह आतंकवाद, रक्षा, सुरक्षा और सूचनाओं को साझा करने जैसे मुद्दों पर बेबाक ढंग से ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया और भारत की चिंताओं पर सहयोग का भरोसा दिलाया, उससे साफ हो गया कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में खटास की आशंकाओं में कोई दम नहीं है। गबार्ड ने स्पष्ट कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्लामिक आतंकवाद खत्म करने को लेकर गंभीर हैं। आतंकवाद ने हमें चारों ओर से घेर लिया है और इसका दूरगामी असर पड़ेगा। उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम लेकर आतंकवाद और सांप्रदायिक उन्माद से निपटने पर जोर दिया। दरअसल, भारत और अमेरिका के संबंध केवल व्यापारिक मुद्दों से नहीं जुड़े हैं। दोनों के बीच आतंकवाद भी एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके खिलाफ युद्ध छेड़ने का दोनों का साझा वादा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ गबार्ड की बैठक में सुरक्षा और सूचनाओं के साझाकरण पर विशेष रूप से बातचीत हुई। रक्षामंत्री ने खालिस्तानी अलगाववादियों पर अंकुश लगाने का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों पर अमेरिका प्रतिबंध लगाए। अगर ट्रंप प्रशासन इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठाता है, तो भारत के लिए पन्नू जैसे अलगाववादियों के खिलाफ नकेल कसने में आसानी होगी। ये अलगाववादी अमेरिका और ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों की नागरिकता प्राप्त कर सुरक्षा घेरे में पहुंच गए हैं। भारत लगातार उनके खिलाफ दस्तावेज पेश करता रहा है, मगर अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के कानून कुछ ऐसे हैं कि भारत-विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। अमेरिका अगर इस दिशा में कोई कड़ी पहल करता है, तो स्वाभाविक रूप से ब्रिटेन और कनाडा पर भी ऐसा करने का दबाव बनेगा। गबार्ड ने आतंकी गतिविधियों के संदर्भ में पाकिस्तान का विशेष रूप से उल्लेख किया। यह बात पूरी दुनिया को पता है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की पनाहगाह बन चुका है। विश्व व्यापार संगठन कार्यालय पर हमले के बाद अमेरिका ने जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसने की कोशिश की थी, वह बाद में शिथिल पड़ गई। इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन एक नई विश्व व्यवस्था बनाने के दावे कर रहा है। हालांकि उसका जोर फिलहाल आर्थिक गतिविधियों को संतुलित और कारगर बनाने पर अधिक नजर आ रहा है। मगर सामाजिक और राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां अपने लक्ष्य तक कभी नहीं पहुंच सकतीं।

**आज मुस्लिम समाज के बीच इस बात की छटपटाहट है कि वे कैसे स्वयं को कट्टरपंथी ताकतों के दबाव से मुक्त करके सुधारों का हिस्सा बनें। मुस्लिम समाज जडता से निकल कर कौम की बेहतरी का रास्ता चाहता है। वह विकास की मुख्यधारा से जुडना चाहता है। मुस्लिम महिलाएं भी चाहती हैं कि उनकी समान भागीदारी का रास्ता खुले। कोई भी समाज अपनी महिलाओं को पीछे रखकर आगे नहीं बढ सकता। लेकिन वे कट्टरपंथी भला इसका समर्थन कैसे करेंगे जो हमारी बहनों को तीन तलाक की बेडी से भी मुक्त नहीं होने देना चाहते थे। जब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन तलाक प्रथा खत्म करने का कानून बना तो सबसे ज्यादा खुश मुस्लिम महिलाएं ही थीं।**

# वक्फ संशोधन कानून- कौम के लिए बेहतरी का रास्ता

(कौसर जहां)

वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन कानून समय के अनुरूप जरूरी लदान है। आम मुसलमानों को इस मुद्दे पर भडकाने का प्रयास कर रहे कट्टरपंथी तत्व अपनी कौम और देश का बडा नुकसान कर रहे हैं। वास्तव में अगर कोई भी समाज सही दिशा में हो रहे परिवर्तन को पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर स्वीकार नहीं करता तो वह जडता का शिकार हो जाता है।

समय के अनुरूप सुधार के साथ परिवर्तन ही प्रगति का सही रास्ता है। यह मुस्लिम समुदाय में अधिकांश लोगों को समझ आ गया है लेकिन उनको भडकाने की एक सुनियोजित साजिश हो रही है। मैं तर्क सहित कई मुस्लिम विद्वानों से बात करके जानने की कोशिश कर चुकी हूं कि वक्फ सुधार से आखिर आम मुसलमान को फायदा है या नुकसान? कोई भी मुझे यह नहीं समझा सका कि देश के आम मुसलमान का एक भी नुकसान होगा। हां, आम मुसलमान के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को इस बात का डर जरूर है कि कहीं उनकी दुकान न बंद हो जाये। उनके अवैध कब्जों की पोल न खुल जाये। जिस संपत्ति का उपयोग आम मुसलमान की बेहतरी के लिए होना चाहिए था उसके दुरुपयोग का भांडा न फूट जाये। अपने इस डर के लिए कट्टरपंथी आम मुसलमान को ढाल बनाना चाहते हैं।

मेरा स्पष्ट मानना है कि आम मुसलमान को वक्फ सुधारों से फायदा है। यह चंद लोगों के एकाधिकार को खत्म करने का प्रयास है जिसका स्वागत होना चाहिए। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में इस पर व्यापक चर्चा हुई तो वहां भी विपक्ष और कौम का नुकसान करने का ठेका ले चुके नेताओं ने विध्वंसक एजेंडा अपनाया। इन्होंने सार्थक सुझाव के बजाय चर्चा को रोकने का प्रयास किया। फिर भी जेपीसी रिपोर्ट के बाद मेरा दृढ मत है कि जो लोग आज इसका विरोध कर रहे हैं , आज नहीं तो कल उन्हें भी यह समझ आएगा कि यह उनकी भूल थी। यह सुधार मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए है। यह पारदर्शिता के लिए सुधार हैं और भ्रष्टाचार के चंगुल से मुक्त होने का रास्ता इन सुधारों में है।

आज मुस्लिम समाज के बीच इस बात की छटपटाहट है कि वे कैसे स्वयं को कट्टरपंथी ताकतों के दबाव से मुक्त करके सुधारों का हिस्सा बनें। मुस्लिम समाज जडता से निकल कर कौम की बेहतरी का रास्ता चाहता है । वह विकास की मुख्यधारा से जुडना चाहता है। मुस्लिम महिलाएं भी चाहती हैं कि उनकी समान भागीदारी का रास्ता खुले। कोई भी समाज अपनी महिलाओं को पीछे रखकर आगे नहीं बढ सकता। लेकिन वे कट्टरपंथी भला इसका समर्थन कैसे करेंगे जो हमारी बहनों को तीन तलाक की बेडी से भी मुक्त नहीं होने देना चाहते थे। जब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीन तलाक प्रथा खत्म करने का कानून बना तो सबसे ज्यादा खुश मुस्लिम महिलाएं ही थीं। वक्फ में महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के प्रस्ताव से भी वैसी ही स्वाभाविक खुशी है। महिलाएं संवेदनशील होती हैं। उनकी भागीदारी से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया से जुडेंगी तो इस संस्था में नये विचार भी आयेंगे।

वास्तव में वक्फ सुधार का कदम बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था। लेकिन देर आयद




दुरुस्त आये। अब मोदी सरकार ने पुरानी गलतियों को सुधार कर नई व्यवस्था के लिए जो संशोधन प्रस्तावित किए हैं उससे वक्फ बोर्ड ज्यादा प्रभावी रूप से काम कर पाएगा। यह सच्चर कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप है। जिसकी वकालत कभी यूपीए के लोग करते थे। वोट की राजनीति ने विपक्ष की सोचने समझने की शक्ति खत्म कर दी है।

लेकिन मोदी सरकार ने वोट के लिए नहीं, देश के लिए फैसले करने का साहस दिखाया है। वक्फ संशोधन वक्त की जरूरत है और संविधान की भावना के अनुरूप है। संविधान की बुनियाद ही बराबरी के सिद्धांत पर टिकी है। फिर महिलाओं से भेदभाव का अधिकार भला संविधान कैसे दे सकता है। जो लोग इसे धार्मिक मामलों में दखल बता रहे हैं उन्हें यह समझना चाहिए कि यह इबादत से जुडा हुआ मामला नहीं है बल्कि संपत्तियों के प्रबंधन का मामला है। संपत्तियों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आज वक्फ को चुनिंदा लोगों के चंगुल से मुक्त करना जरूरी है।

अधिनियम में संशोधन करके एक पारदर्शी, जवाबदेह और समान प्रतिनिधित्व की व्यवस्था लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के उपेक्षित तबकों की भागीदारी का इंतजाम संशोधन में किया गया है। वहीं महिलाओं को प्रतिनिधित्व देकर मोदी जी की सरकार ने अपनी इस सोच को पुख्ता रूप से सामने रखा है कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करना है तो महिलाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्हें हर स्तर पर प्रतिनिधित्व देना होगा।

वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग नहीं हो, उनका सही मूल्यांकन किया जाये। भ्रष्टाचार की संभावना को खत्म करके संपत्ति के अनुपात में राजस्व की व्यवस्था हो , आखिर इसमें क्या बुराई है? कोई भी बोर्ड या निकाय तभी प्रभावी होता है जब उसके संचालन और प्रबंधन में पारदर्शिता हो और जवाबदेही सुनिश्चित की जाये। यही प्रयास नये संशोधनों के माध्यम से सरकार ने किया है। कोई भी व्यवस्था बिना जवाबदेही के निरंकुश हो जाती है। नये प्रावधानों में यह व्यवस्था है कि वक्फ संपत्ति को निष्पक्ष तरीके से चिह्नित किया जाये और अगर कोई विवाद है तो उसका समुचित कानूनी निस्तारण हो। कानून इस लोकतंत्र में सर्वोपरि है।

मेरा मानना है इन संशोधनों से वक्फ बोर्ड ज्यादा सक्षम होगा। ज्यादा पारदर्शिता से काम करेगा और ज्यादा जवाबदेह होगा। आखिर कौन से लोग हैं जो वक्फ संशोधन बिल से वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने का विरोध करना चाहते हैं। नियमन से ऐसी संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने का अधिकार मिलेगा। साथ ही बिल के जरिए वक्फ की संपत्ति का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और मुस्लिम महिलाओं को भी मदद मिल पाएगी।

कानून बदलकर वक्फ में महिलाओं की भागीदारी बढाई जायेगी। इसका विरोध क्या महिलाओं का विरोध नहीं है। सेक्शन-9 और 14 में बदलाव करके केन्द्रीय वक्फ परिषद में दो महिलाओं को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा नए बिल में बोहरा और आगाखानी मुस्लिमों के लिए अतिरिक्त प्रावधान होना क्यों गलत है। हम कैसे कह सकते हैं कि एक अमुक समूह का ही वक्फ पर कब्जा होगा। मेरा मानना है कि पुराना कानून मुसलमानों को बाँटने वाला कानून था। हमें एलीट सोच पर आधारित पुराने कानून की जगह सर्वसमावेशी नए कानून का स्वागत करना होगा।

वक्फ बोर्ड के मैनेजमेंट में गैर-मुस्लिम एक्सपर्ट्स को शामिल करने और सरकारी अधिकारियों से वक्फ का ऑडिट कराने से वक्फ के पैसे और संपत्ति का हिसाब-किताब पारदर्शी बनेगा। इसका कोई भी आम मुसलमान भला क्यों विरोध करे? मुस्लिम मौलवी या जो भी तत्व विरोध कर रहे हैं उनको बताना चाहिए कि मुसलमानों की शिक्षा और उनकी बुनियादी जरूरतों को बेहतर करने के लिए उन्होंने कब कोई आंदोलन किया। केंद्र सरकार अब कैग के जरिए वक्फ की संपत्ति का ऑडिट करा सकेगी। इसका विरोध वही करेगा जिसके मन में भ्रष्टाचार से बचने का खौफ हो। कानूनी बदलाव के लिए सरकार ने जस्टिस सच्चर आयोग और के रहमान खान की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त कमेटी की सिफारिशों का हवाला दिया है। आखिर यह सिफारिशें गैर मुसलमानों की तो नहीं थीं। यह पढे लिखे मुस्लिम समुदाय के नुमाइंदे थे जो कट्टरपंथियों की नहीं कौम की बेहतरी चाहते थे। वक्फ जमीनों को जिला मुख्यालयों के राजस्व विभाग में रजिस्टर्ड कराने और कम्प्यूटर में रिकॉर्ड बनाने से पारदर्शिता आएगी।

# मुस्लिम आरक्षण का मोह नहीं छोड़ पा रही है कांग्रेस

(योगेंद्र योगी)

कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता।

कांग्रेस ने शायद ठान ली है कि चाहे कुछ भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े पर वोट बैंक के लिए मुसलमानों से प्रेम कम नहीं होने वाला। ऐसे ही कारणों से कांग्रेस न सिर्फ केंद्र की सत्ता से बल्कि ज्यादातर राज्यों में भी सत्ता से बाहर है। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया। कांग्रेस की इस नीति ने खुद को तो दरबदर कर ही दिया, इससे देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया। मुसलमानों को बेवजह देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। भाजपा ने कांग्रेस के जरिए मुसलमानों को भी घेरने में कसर बाकी नहीं रखी। ऐसे में बेवजह राजनीति में घसीटे गए मुसलमानों की मुश्किलें बढ़ गई। मुसलमान कांग्रेस के दिखावटी वोट प्रेम का विरोध नहीं कर सके और भाजपा के निशाने पर आ गए।

कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। जबकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। कर्नाटक सरकार के इस निर्णय ने भाजपा को कांग्रेस और मुसलमानों के खिलाफ फिर से नया हथियार थमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दर्शाने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ



देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है।

मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है।

# पनडुब्बी, मिसाइल, युद्धपोत, लड़ाकू विमान... पाकिस्तान की सैन्य क्षमता कैसे बढ़ा रहा चीन

**चीन ने पहले ही अपने इस सदाबहार सहयोगी को चार आधुनिक फ्रिगेट सौंपे हैं। यह कदम अरब सागर में, विशेष रूप से बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के आसपास चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति के अनुरूप है, जो कि अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का एक प्रमुख घटक है। चीन की योजना पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत कर उसे अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की है। वहीं, पाकिस्तान का फायदा यह है कि वह इन युद्धपोतों और पनडुब्बियों की मदद से भारत को चुनौती दे सकता है।**

(प्रियेश मिश्र)

चीन ने पाकिस्तान के लिए बनाई गई दूसरी उन्नत हैंगोर क्लास की पनडुब्बी को डिलीवर कर दिया है। इससे पाकिस्तान के साथ चीन की रणनीतिक साझेदारी और गहरी हो गई है। यह डिलीवरी आठ ऐसी पनडुब्बियों के लिए 5 अरब डॉलर के समझौते का हिस्सा है, जिससे अरब सागर और हिंद महासागर में पाकिस्तान की नौसैनिक क्षमताओं में इजाफा होने की उम्मीद है। मध्य चीन के वुहान में लॉन्च की गई इस पनडुब्बी में अत्याधुनिक हथियार और सेंसर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। चीन ने पहले ही अपने इस सदाबहार सहयोगी को चार आधुनिक फ्रिगेट सौंपे हैं। यह कदम अरब सागर में, विशेष रूप से बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के आसपास चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति के अनुरूप है, जो कि अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) का एक प्रमुख घटक है। चीन की योजना पाकिस्तानी नौसेना को मजबूत कर उसे अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की है। वहीं, पाकिस्तान का फायदा यह है कि वह इन युद्धपोतों और पनडुब्बियों की मदद से भारत को चुनौती दे सकता है।

**चीन से सबसे ज्यादा हथियार खरीदता है पाकिस्तान–** चीन वर्षों से पाकिस्तान के लिए हथियारों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता रहा है। हालांकि, पाकिस्तान इन दिनों अमेरिका के साथ भी अपने रक्षा संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है। इसी लिए कुछ दिनों पहले पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट-खोरासन (आईएस-के) के आतंकवादी मोहम्मद शरीफुल्लाह का अमेरिका प्रत्यर्पण किया था। इस पर ट्रंप ने अमेरिकी संसद में पाकिस्तान की तारीफ की थी। आरोप है कि मोहम्मद शरीफुल्लाह ने कथित तौर पर 2021 के काबुल हवाई अड्डे पर हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसमें 170 अफगान और 12 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे।



**आतंकी भेज खुद की पीठ थपथपा रहा पाकिस्तान**

3 मार्च को ट्रंप की घोषणा के तुरंत बाद, पाकिस्तान ने वाशिंगटन के साथ अपने आतंकवाद विरोधी सहयोग को उजागर करते हुए अपनी खुद की शान बढ़ाई। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, 'हम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए अमेरिका के साथ निकटता से साझेदारी करना जारी रखेंगे।' हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि यह उत्साह अल्पकालिक हो सकता है क्योंकि ट्रंप प्रशासन पाकिस्तान के साथ अपने सुरक्षा और रक्षा सहयोग को बढ़ाने की संभावना नहीं रखता है।

**पाकिस्तान को नहीं मिलेगा अमेरिका का साथ–** शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी पर द्विपक्षीय सहयोग को एक नई आतंकवाद विरोधी साझेदारी की प्रस्तावना के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। वाशिंगटन के दृष्टिकोण से, भारत के साथ अमेरिकी सुरक्षा संबंधों को गहरा करना और चीन के साथ पाकिस्तान का गठबंधन सहयोग की संभावनाओं और प्रोत्साहनों को सीमित करता है - यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि ट्रंप प्रशासन में पाकिस्तान के कई कठोर आलोचक हैं ।

**अमेरिका और पाकिस्तान के खतरे अलग-अलग–** उन्होंने आगे तर्क दिया कि हालांकि अमेरिका और पाकिस्तान दोनों ही आईएसके को एक खतरे के रूप में देखते हैं, लेकिन वे व्यापक खतरे की धारणाओं पर एकमत नहीं हैं। इस्लामाबाद की मुख्य चिंता आईएसके नहीं बल्कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान है, जो अफगानिस्तान से संचालित होता है और हाल ही में पाकिस्तान में सबसे शक्तिशाली आतंकवादी समूह रहा है। विदेश नीति विशेषज्ञ कुगेलमैन के अनुसार, अफगानिस्तान से परे आईएसके के बढ़ते खतरे को लेकर अमेरिका सबसे अधिक चिंतित है, इसलिए ट्रंप प्रशासन समूह की बढ़ती पहुंच से निपटने के लिए क्षेत्र के बाहर के देशों के साथ साझेदारी करने पर विचार कर सकता है।

**पाकिस्तान के आतंकियों से दोस्ती से अमेरिका वाकिफ–** इसके अतिरिक्त, अमेरिकी एजेंसियां पाकिस्तान के डीप स्टेट के उन आतंकी समूहों के साथ नापाक गठबंधन से पूरी तरह वाकिफ हैं, जो वाशिंगटन के करीबी सुरक्षा साझेदारों में से एक भारत को निशाना बनाते हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान की आलोचना की थी और आतंकवाद से निपटने के लिए अरबों की सहायता प्राप्त करने के बावजूद उस पर 'झूठ और धोखे' का आरोप लगाया था। इसका मतलब यह है कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ सुरक्षा और रक्षा सहयोग बढ़ाएगा।

**क्या पाकिस्तान के पास चीन के अलावा कोई और विकल्प है?**

अमेरिका के पाकिस्तान के साथ बड़े पैमाने पर लेन-देन के रिश्ते होने के कारण, पाकिस्तान के पास अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए अपने 'आयरन ब्रदर' चीन पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 51 दिव्यांगजनों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को बिहार दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा 51 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का वितरण टाउन हॉल सिवान में किया गया। सभी दिव्यांगजनों के मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल को हरी झंडी दिखाकर जिला पदाधिकारी ने रवाना किया।



इसके पूर्व अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने बताया कि मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल का उपयोग वे अपने निजी एवं व्यावसायिक उपयोग के लिए कर सकते हैं।किसी तरह की खराबी मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल में आने पर सरकार के द्वारा निर्धारित सर्विसिंग सेंटर की भी जानकारी दी गई। जहां वे मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल की मरम्मति करवा सकते हैं। मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल में किसी भी तरह की समस्या आने पर सहायक निदेशक दिव्यांगजन से भी संपर्क करने को भी कहा गया।इस संबंध में सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सिवान ने जानकारी दी कि एक मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल की कीमत लगभग ₹60000 है। इस प्रकार 51 मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल की कुल कीमत 30 लाख 60 हजार रुपए है।

### हुसैनगंज में निकली बिहार दिवस पर प्रभात फेरी

**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शनिवार को 113वीं बिहार दिवस बड़े धुमधाम से मनाया गया. वहीं बिहार सरकार के भी सभी विभाग के कार्यालयों में कार्यरत पदाधिकारियों सहित कर्मियों ने सुबह में प्रभात फेरी निकाल कर बिहार दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत किए. प्रखंड के सभी प्राथमिक, माध्य, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्र और छात्राओं ने अपने हाथों में तख्ती पर लिखे नशा मुक्ति, सुलभ शौचालय, दहेज प्रथा, पानी की सुरक्षा, विद्यालय में बच्चों की नामांकन सहित अन्य लिखे गए स्लोगन लेकर अपने पोशक क्षेत्रों की भ्रमण करते हुए नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किए. इस संदर्भ में उमवि कुतुबछपरा उर्दू के प्रधानाध्यापक मो हसमुद्दीन ने बच्चों को संबोधित करते हुए बिहार दिवस पर विस्तार से प्रकाश ड़ाला. प्रभात फेरी में वरीय शिक्षक आर के प्रसाद, नेसार अहमद, तौसीफ अनवर, शहाबुद्दीन, खलील अहमद, हरेन्द्र मांझी सहित अन्य शिक्षिकायें सम्मिलित थी.



### साधु चौक से लापता छात्र का नहीं मिला अभी तक कोई सुराग, तलाश में जुटी पुलिस

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपालगंज शहर के साधु चौक से लापता पांचवीं कक्षा का छात्र अंश राज भी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। सरेया वार्ड नं तीन के साधु चौक के पास का रहने वाले विमल किशोर पांडेय का पुत्र है. जो शहर के ज्ञान भारती स्कूल में क्लास पांचवीं का छात्र है. परिजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद नगर थाने में मिसिंग की शिकायत को दर्ज कराया है. पुलिस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है. समाचार लिखे जाने तक बच्चे की कोई सुराग नहीं मिल पाया है. उधर, परिजन व उसके संगे-संबंधी भी बच्चे की तलाश में खाक छान रहे है. जबकि उसकी मां संगीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है. घटना की सूचना मिलने पर रिश्तेदारों की भीड़ लगी हुई है. परिजनों ने बताया कि 18 मार्च की शाम पांच बजे अंश राज अपने घर से खेलने के लिए निकला और देर रात तक नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी. पूरी रात तलाश के बाद नगर थाने को जानकारी दी पुलिस ने भी अपने स्तर से तलाश की, नहीं मिला, तो उसके चाचा विद्या भूषण पांडेय की आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया. पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों फुटेज को खंगाला. सीसीटीवी के फुटेज में उसको एक बच्चे के साथ व जाते देखा गया. थोड़ी दूर बाद वह बच्चा किसी के साथ नहीं बल्कि अकेले अपने घर से जाते हुए दिखा है. उसके बाद ट्रेस लेस हो गया. नगर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि पुलिस अपने स्तर से एक-एक बिंदु पर जांच कर रही है.



### दो लोगों पर 30 हजार नगद व सोने की चेन छीनने की प्राथमिकी दर्ज

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा निवासी सुल्तान अहमद के पुत्र गुड्डू अली ने दो लोगों पर हथियार के बल पर नगद व सोने की चेन छीनने का प्राथमिकी दर्ज कराया है। अपने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि बीते 20 मार्च को शाम करीब 6 बजे अपने नानी के घर खाजेपुर कलां से अपने घर हसनपुरा जा रहा था। तभी जैसे ही सरैंया पुल के पास पहुंचा। तभी पहले से घात लगाए शेख मेराज व शेख फैयाज साकिन खाजेपुर कलां द्वारा मेरा पल्सर बाइक रोक कर कनपटी पर पिस्टल सटा दिया और बोला कि जितना पैसा लिए हो दे दो, नही तो गोली मार देंगे। मैं डर गया और पॉकेट में रखे 30 हजार रुपये और गले से 10 ग्राम के सोने की चेन छीन पुनः खाजेपुर गांव के तरफ भाग गए। वही उपरोक्त व्यक्तियों ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की। इस मामले में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वही पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### जिलाधिकारी ने दिलायी सड़क सुरक्षा शपथ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क सुरक्षा के मद्देनजर आज समाहरणालय सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को 'मैं यह शपथ लेता हूं कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करूंगा। बिना हेलमेट पहले दोपहिया वाहन नहीं चलाउंगा। बिना सीटबेल्ट बांधे चार पहिया वाहन नहीं चलाउंगा। वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग नहीं करूंगा। तेज गति और गलत तरीके से वाहन नहीं चलाउंगा। अपने परिवार, समाज एवं संपर्क के सभी लोगों को भी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों एवं प्रावधानों का पालन करने हेतु प्रेरित करूंगा। मैं सड़क पर दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की हमेशा मदद करने के साथ एक स्वच्छ-स्वस्थ-सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास करूंगा का सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य जिलास्तरीय, अनुमंडलस्तरीय प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### जनसुराज की रैली की सफलता के लिए बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी 11 अप्रैल को पटना में आहुत जनसुराज की रैली की सफलता के लिए जनसुराज कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बिहार बदलाव कार्यक्रम के प्रभारी सुभाष कुशवाहा एवं जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि 11 अप्रैल को आयोजित जनसुराज की बिहार बदलाव रैली बिहार का भविष्य तय करेगा। जनसुराज बिहार के युवाओं के हक दिलाने के लिए हरपल संकल्पित है और उनकी हक की लड़ाई जनसुराज के पहली प्राथमिकता है। बिहार के प्रत्येक समाज के लोग काफी निष्ठा के साथ जनसुराज को बिहार के बेहतर भविष्य के लिए अपना रहे है। उन्होंने रैली को सफल बनाने का आहवान किया। मौके पर जिला अध्यक्ष एजाज हुसैन, जिला महासचिव सचिंद्र पाण्डेय, सिकंदर चंद्रा,मधु देवी, युवा अध्यक्ष राजकिशोर चौधरी, कृष्ण बिंद, अरविंद मिश्रा, डा. अर्चना बाला, कंचन बाला ,शमशाद अली, जवाहिर मुखिया, प्रेम दुबे आदि भी मौजूद रहे।

### स्पशार्घात से एक की मौत

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में विद्यूत स्पशार्घात से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृत व्यक्ति आनारूल मियां है।

### 50 एकड़ भूमि लीज पर लेकर उत्कर्ष ने लगायी थी खेती

**लोहरदगा/सेन्हा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केसीसी और अन्य माध्यम से ऋण लेकर और महंगे बीच खरीद कर खेतों में फसल उगाने के लिए जी तोड़ मेहनत करने वाले किसान शुक्रवार को हुए भारी ओलावृष्टि से हुए क्षति के कारण वह मायूस हैं। मंझौले, मध्यम और छोटे किसान ओलावृष्टि से हुए नुकसान की वजह से कर्ज में पूरी तरह डूब जाएंगे। किसानों में जज्बा यह था कि वह न केवल मांगे बीज खरीदे, लोन लिया, बल्कि खेत भी ठेके में लेकर सब्जी उगाया था। तरबूज की फसल भी आनी शुरू हुई थी। समृद्धि का सपना सजाया था, पर ओलावृष्टि ने लोहरदगा सेन्हा प्रखंड के किसानों के सपने को चूर-चूर कर दिया। किसान परेशान हैं। प्रकृति ने किसानों को ओलावृष्टि के रूप में ऐसा दर्द दिया है, जिसे वह उबरने की स्थिति में नहीं है। सेन्हा के किसान उत्कर्ष महतो ने भड़गांव में दक्षिण कोयल नदी के किनारे किसने से 50 एकड़ भूमि खेती के लिए लीज पर लेकर खेती की थी। लगभग पूरी भूमि पर तरबूज, गोभी, खीरा ,लौकी, टमाटर, भिंडी, फ्रेंच बीन आदि की फसल लगायी थी।

## हल्की बारिश होने से सड़कों पर जगह-जगह गंदगी का लगा ढेर

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुमका शहर में लगातार दो दिन तक हल्की बारिश होने से सड़कों पर गंदगी पसरी हुई है। जगह-जगह कूड़े-कचरे का ढेर लगा हुआ है। गंदगी ने शहर की सूरत बिगाड़ दी है। शहर के ज्यादातर इलाकों में कचरा उठाने के नाम पर खानापूर्ति के चलते जगह-जगह गंदगी के ढेर लगा हुआ है। शहर के प्रमुख बाजार चौराहों पर कचरे के ढेर लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्री राम पाड़ा रोड से फूलों झांनो मेडिकल कॉलेज जानी वाले रास्ते में चारों और कूड़ा पसार गया है। आने वाले वाले राहगीरों और मोहल्ले में रहने वाले लोगों को उस उठ रही दुर्गंध की वजह से समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के कारण वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कचरे के ढेर से निकलने वाली दुर्गंध और मक्खियों के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो रही हैं। मोहल्ले में रहने ने बताया की एक ही कूड़ादान के अभाव में लोग कचरा सड़क जहां-तहां फेंक देते हैं। इसी रस्ते में सब्जी विक्रेता से लेकर अन्य लोग सड़क पर ही कचरा फेंकते है। जिनमें आकर आवारा जानवर बैठते। आस-पास के लोगों सहित गुजरने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सब्जी बेचने वाली विक्रेता लोग सड़ी-गली सब्जियों को भी कचरे के ढेर में फेंक दिया जाता है। जिससे बदबू के साथ-साथ लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी ढेर पर आकर आवारा जानवर आकर बैठ जाते है। दुमका शहर में एक रास्ते में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। इस समस्या के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल में जाने वाली विद्यार्थियों और अस्पताल में जाने वाले रोगियों को होती है। इसके अलावा इस रास्ते में यातायात जाम की समस्या के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी होती है। विद्यार्थियों को स्कूल में देरी से पहुंचना पड़ता है और रोगियों को अस्पताल में इलाज के लिए देरी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए यातायात पुलिस और नगर निगम को तत्काल कदम उठाने चाहिए।



### भगत सिंह के शहादत दिवस पर झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा करेगा श्रध्दांजलि अर्पित

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता** भगत सिंह के शहादत दिवस 23 मार्च को होस्पीटल चौक पर 11 बजे माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। साथ ही भगत सिंह के आदर्श पर चर्चा होगी। शनिवार को केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार के आवास पर आन्दोलनकारियों के नेतृत्व में बैठक हुई। 24 मार्च झारखण्ड विधान सभा के घेराव में पलामू प्रमंडल के हजारों लोगों के जाने की व्यवस्था पर चर्चा की गई। समीक्षात्मक बैठक में केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, प्रमंडलीय अध्यक्ष बालकिशुन उरांव, जिला अध्यक्ष दाउद केरकेट्टा, जिला महासचिव धर्मेंद्र चन्द्रवंशी, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा व केन्द्रीय सचिव शंखनाथ सिंह मौजूद थे।

## पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक में छाया रहा नल-जल मिशन की विफलता का मामला

- प्रखंड के 2523 अधूरे पीएम आवास पूर्ण कराने का निर्देश
- 155 एकड़ जमीन पर आम के बागवानी लगाने का है लक्ष्य
- 15 वें वित्त के उपलब्ध 34 लाख रुपये से 13 योजनाओं के क्रियान्वयन पर बनी सहमति

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख रंभा कुमारी ने किया। बैठक में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल मिशन की विफलता का मुद्दा छाया रहा। प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों ने एक स्वर से कहा कि संवेदक की मनमानी व विभागीय अनदेखी के कारण ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना विफल साबित हो रही है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन नहीं किये जाने के मामले को भी सदस्यों ने प्रमुखता से उठाया। बैठक में अब तक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभ से वंचित लाभुकों का सर्वे कराकर सूची तैयार करने का निर्देश सम्बंधित कर्मियों को दिया गया। वहीं अबतक अधूरे पड़े 1523 पीएम आवास को पूर्ण कराने के लिए कर्मियों के अलावे जनप्रतिनिधियों को भी सहयोग करने पर सहमति बनी। इसी तरह 15 वें वित्त की उपलब्ध 34 लाख रुपये को इस वित्तीय वर्ष में खर्च करने के लिए विभिन्न पंचायतों में 13 योजनाओं को चालू करने की स्वीकृति प्रदान की गई। गरीब परिवार के कन्याओं की शादी कराने के लिए सरकार की ओर से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप उनका चयन करने व मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान के लिए भी 25 लोगों की सूची तैयार करने पर भी चर्चा हुई। बीडीओ सह सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में अबुआ आवास में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला उठाया गया। इस पर कमेटी गठित कर उसकी जांच कर सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वैसे परिवारो की सूची तैयार करने पर भी चर्चा हुई, जिन्हें अबतक शौचालय नहीं मिल पाया है। इसके अलावा राजस्व से जुड़े मुद्दे पर भी चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा, चिकित्सा व विद्युत विभाग से कोई पदाधिकारी उपस्थित नहीं था। अगली बैठक में शामिल नहीं होने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई का निर्णय लिया गया। बैठक में उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, बीपीआरओ रौशन पाठक सहित कई विभाग के पदाधिकारी व सभी पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।




## चैम्बर ऑफ कॉमर्स डालटनगंज अध्यक्ष विनोद उदयपुरी व निवर्तमान उपमहापौर मंगल सिंह ने नगर आयुक्त के समक्ष उठाई मांग

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स डालटनगंज अध्यक्ष विनोद उदयपुरी व निवर्तमान उपमहापौर मंगल सिंह ने नगर आयुक्त के समक्ष पेय जलापूर्ति व सफाई व्यवस्था संबंधित ध्यान आकृष्ट कराया।मांग से संबंधित पत्र भी उपलब्ध कराया है। मांग में कहा है कि आने वाली भीषण गर्मी को देखते हुए सूदना वार्ड 2 जलापूर्ति योजना के कुएं की सफाई, मशीन के उचित रख- रखाव, ब्लिचिंग पाउडर की आपूर्ति पर ध्यान देना व आम जनता को निर्वाध रूप से पेय जलापूर्ति मिल सके।

चैनपुर जलापूर्ति, पम्पूनल जलापूर्ति बेलवाटिका व रेडमा जलापूर्ति की साफ सफाई व समुचित व्यवस्था। इसमे आगामी गर्मी से पहले जनता को पानी मिल सके।शहर का हृदयस्थल बड़ा तालाब सह अम्बेडकर पार्क जहां से तालाब का पानी निकलता है उसे एक से दो फीट ऊंचा करने की जरूरत है। इससे पानी का जलस्तर बाजार क्षेत्र सहित अगल बगल के पूरे क्षेत्र में बना रहे। साथ ही इस तालाब में लाईट एवं साफ सफाई का घोर अभाव है। इसलिए इसकी भी समुचित व्यवस्था हो ताकि आगंतुक इस उद्यान में स्वच्छ वातारण का अनुभव करे। छह मुहान से लाल कोठा तक जो डिवाइडर लगा हुआ है उसे हटाने की दिशा में पहल हो। क्योंकि इस डिवाइडर के कारण शहर में जाम व दुर्घटना की स्थिति हमेशा बनी रहती है। साथ ही दो तीन बार इससे बड़ी दुर्घटना भी हो चुकी है। छह मुहान से गीता भवन तक जो पार्किंग स्थल है। उसकी भी स्थिति सही नही है डिवाइडर एवं जाम के कारण लोग पार्किंग का भी लाभ नही ले पा रहे हैं। इसकी भी समुचित व्यवस्था एवं रख रखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता है। महिला महाविद्यालय (विमेंस कॉलेज) रोड में जो नगर निगम मेदिनीनगर द्वारा सौन्दरीकरण किया जा रहा है जिसमे जो फूल पौधे लगाया जा रहा है,उसे दिवार की ओर सटा कर लगाया जाये जिससे सड़क का अतिक्रमण न हो और पौधे भी सुरक्षित रह सके। इसके अलावे कई प्रमुख विषयों पर सम्मानित जनता के लिए हमेशा प्रतिबद्धता के साथ खड़े रहेंगे। प्रथम उपमहापौर ने कहा कि कोई भी गहन मुद्दा हो जो आम जनता को प्रभावित करता है, उसके लिए वे सदैव तत्पर हैं। वे जन मानस के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। कोई भी सम्मानित जनता उन्हें कभी भी कही भी अपनी समस्या को बता सकता है वे उसके निदान के लिए हमेशा अपने स्तर से खड़े है।




## नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के तीरंदाज सुधीर सांगा ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्राप्त किया पहला स्थान

### उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला समेत पूरे राज्य के लिए यह गर्व की बात है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी के प्रतिभावान तीरंदाज सुधीर सांगा ने मिनी ओपन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में अंडर-13 कंपाउंड श्रेणी के 30 मीटर दूरी स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर खूँटी जिला एवं पूरे राज्य का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता गुंटूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित हुई थी। इसके अलावा, जिले के दो अन्य युवा तीरंदाज सत्यम महतो और रौनक राज (अंडर-10 आयु वर्ग) ने भी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा ने इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि खूँटी जिला समेत पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह साबित करता है कि खूंटी जिला में प्रतिभा की कोई कमी नही है, हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है और हम सब को गौरवान्वित कर रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन ऐसे खिलाड़ियों को हर संभव सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।



## दो दिनों की बारिश में टमाटर समेत कई फसलों को पहुंचा नुकसान

**चक्रधरपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पोड़ाहाट अनुमंडल क्षेत्र में पिछले दो दिनों हुई बारिश से कई फसलों को नुकासान पहुंचा हैं। गुरुवार की देर शाम तेज आंधी के साथ-साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के कारण कई फसलों को नुकसान पहुंचा हैं। जबकि शुक्रवार को भी शाम से लेकर शनिवार की सुबह तक हल्की बारिश होती हैं। दो दिनों की बारिश में सबसे ज्यादा टमाटर, बैगन, भींडी तथा कैरेला की सब्जी की खेती को नुकसान पहुंचा हैं। बतातें चलें कि चक्रधरपुर प्रखंड में ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा काफी मात्रा में सब्जी की खेती की जाती हैं। बारिश के कारण फसल नुकसान होने पर किसानों को काफी हानी पहुंचा हैं। चक्रधरपुर प्रखंड के भरनियां, गुलकेड़ा, पदमपुर, बाईपी, कुलीतोडांग, होयोहातु, नलिता, केनके, जामिद, आसनतलिया, केरा, सुरबुड़ा आदि पंचायतों में किसानों द्वारा काफी मात्रा में सब्जी की खेती की जाती हैं। खेती से ही किसानों को साल भर की कमाई होती हैं। वहीं बारिश के पानी से कई फसलों को फायदा भी पहुंचा है। नेनुवा, लौकी, साग, मिर्चा, खीरा समेत अन्य कई फसलों को फायदा हुआ हैं।

### टेम्पो से गिरने वाले व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टेम्पो से गिरने और जख्मी होने से गोइलकेरा के बाड़ेला गांव निवासी 40 वर्षीय राम अंगरिया की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार टेंपो में सवार होकर बाजार से अपना गांव जा रहा था। रास्ते में अचानक टेम्पो से गिर गया। जिससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया।उसे घटना स्थल से उठाकर गोइलकेरा अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदरअस्पताल चाइबासा रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर शाम को मौत हो गई। शनिवार को सदर थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से भावविभोर हुए श्रद्धालु

**दुमका/रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत पथरिया पंचायत के मयूरनाथ श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति मयूरनाथ एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के द्वारा आयोजित। श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्री धाम वृंदावन से पधारी अनंत विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी मां ध्यान मूर्ति गिरी ने बतायी कृष्ण जन्म की कथा और नंदोत्सव का वर्णन किया गया। धरती पर जब चारों तरफ त्राहि त्राहि मच गई जब चारों ओर अत्याचार अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान ने माता देवकी के आठवें गर्व के रूप में जन्म लिया। पूज्य मां ने इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया ।कंस के कारागार में देवकी वसुदेव के यहां भादों की अष्टमी को श्री कृष्ण ने अवतार लिया ।और उनका लालन पालन नन्द बाबा के यहां माता यशोदा ने किया बाल्य काल से ही भगवान ने राक्षसों का अंत करना आरंभ किया। पूतना , अघासुर, तृणावर्त , धेनुकासुर,बकासुर , केशी आदि राक्षसों का अंत किया ।, बृज मै माखन चोरी की लीला करी गौ चारण किया , यज्ञ पत्नियों पर कृपा करी, यमुना को कालिया नाग के विष से मुक्त कराया , चीर हरण की लीला करी और वर्षो से चली आ रही इंद्र की पूजा को बंद करवा कर गिर्राज जी की पूजा स्वयं बृजवासियों के साथ जाकर करी गिर्राज जी कलयुग के प्रत्यक्ष देवता है ।जो सच्चे हृदय से गिर्राज महाराज की कथा सुनता है उनका पूजन कर-के भोग लगाया है उसके सारे मनोरथ पूर्ण हो जाते है। कथा श्रवण करने आए श्रद्धालुओं के लिए श्रीमद्भागवत कमिटी की ओर से भोजन प्रबंध किया गया है। एवं मयूरनाथ के समस्त ग्रामीणों के द्वारा व्यवस्था देखी जा रही है।



## चाईबासा महिला कॉलेज में मांगे झुमुर का आयोजन

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला कॉलेज चाईबासा के प्रांगण में पारंपरिक रूप से मांगे झुमुर का आयोजन हो विभाग के चंद्र मोहन हेंब्रम द्वारा बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दिवरी के रूप में की गई। जिसमें कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने साल के पौधों को लगाकर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही, जोहर प्रार्थना का आयोजन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम की शुरूआत धार्मिक और सांस्कृतिक भावना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पीजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर बसंत चाकी उपस्थित थे। जिन्होंने अपने संबोधन में मांगे झुमुर के महत्व और संस्कृति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और एकता को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर है। इस पर्व के दौरान लोग अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाते हुए आपसी भेदभाव को दूर कर एकजुट होते हैं। महिला कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रीति बाला सिन्हा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मांगे झुमुर का आयोजन केवल एक पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि यह समाज में भाईचारे और सौहार्द्र का एक प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस पर्व के माध्यम से हम प्रकृति के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर सकते हैं और एक साथ मिलकर समाज की सशक्तीकरण की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मांगे झुमुर का पर्व प्राचीन साहित्य और संस्कृति का प्रतीक है, जिसमें सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। इस अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक गीतों और नृत्य के माध्यम से इस पर्व को मनाया, जिससे माहौल में एक नयापन और उल्लास का संचार हुआ।मांगे झुमुर के आयोजन में सजीव सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ-साथ सामूहिक भागीदारी ने इस पर्व को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज के छात्र छात्राओं, प्रो. संगीता लकड़ा, प्रो अंजू बाला, प्रो बबीता , प्रोफेसर प्रीति , प्रो ओनीमा, डॉ. राजीव लोचन, प्रोफेसर नम्रता और प्रशासन के कर्मचारियों ने मिलकर पर्व की धूमधाम से भाग लिया, और हर किसी ने इस अवसर पर सांस्कृतिक विविधता और समाजिक एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।



## बोलेरो वाहन पलटने से महिला समेत तीन लोगों की मौत

**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मझगाँव थाना क्षेत्र में एक बोलेरो गाड़ी केपलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गयी। जिसमें एक महिला शामिल है। मृतकों में मझगांव के चतरीसाईं गांव निवासी 62 वर्षीय रमेश पिंगुवा, 72 वर्षीय गांगी पिंगुवा और सगरडीहा निवासी 45 वर्षीय चरण हेंब्रम शामिल है। जानकारी के अनुसार आधी रात के बाद उक्त सभी लोग उड़ीसा क्योझर के झुमपुरा से एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव बोलोरो गाड़ी से आ रहे थे। रास्ते में गाडासाइ डोगाबुराम गांव के तीखी मोड़ के पास अचानक वाहन पलट गई। उस पर सवार उक्त तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए, कुछ ही देर में घटना स्थल पर तीनों की मौत हो गई। बताया गया है कि मझगांव के चतरीसाई निवासी गांगी पिंगुवा की पुत्री की शादी ओड़िशा क्योंझर थानाके झुमपुरा में हुई थी । चतरीसाई गाँव से तीन गाड़ी में लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे । तीनों गाड़ी वापस देर रात को आ रहीं थीं। जिसमें एक गाड़ी बीच रास्ते में खराब हो गयी तो खराब गाड़ी में सवार लोगो ने ओड़िशा से दूसरी बोलेरो गाड़ी बुक वापस लौट रहे थे। करीब बारह बजे रात को आसनपाठ पँचायत के गाड़ासाई डोंगाबुराय तीखी मोड़ में बोलेरो पलट गई, जिसमें तीन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । शनिवार को मझगांव पुलिस ने तीनों शवों को घटना स्थल से उठाकर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल लाई।

## अंबानी की झोली में आई एक और कंपनी, 383 करोड़ रुपये की है डील

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की झोली में शिपिंग कारोबार से जुड़ी कंपनी आ गई है। रिलायंस ने शुक्रवार (21 मार्च) को बताया कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (एनटीपीएल) ने वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड से नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड (एनएसपीएल) का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इसके तहत करीब 383 करोड़ रुपये में 74 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया गया है।



### क्या है रिलायंस का कहना

रिलायंस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि इस ट्रांजैक्शन के साथ नौयान शिपयार्ड प्राइवेट, रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी बन गई है। अधिग्रहण से पहले रिलायंस की सब्सिडयरी नौयान ट्रेडिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने नौयान शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड को ?93.66 करोड़ का अनसिक्योर डेब्ट दिया था। जुलाई 2021 में एनएसपीएल वजूद में आई थी। इस कंपनी का गुजरात में रिलायंस के दाहेज विनिर्माण परिसर के पास 138 एकड़ भूमि के पट्टे के अधिकार हैं। रिलायंस की योजना सॉल्ट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग निर्माण और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण सहित औद्योगिक इंफ्रा स्ट्रक्चर के लिए भूमि को विकसित करने की है।

## 19वीं बार डिविडेंड देने जा रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट 5 दिन के बाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने एक बार फिर से डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी 19वीं बार अपने योग्य निवेशकों के बीच डिविडेंड बांटने जा रही है। जिसका ऐलान कंपनी ने शुक्रवार यानी 21 मार्च को किया था। नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड रिकॉर्ड डेट का भी फैसला कर दिया है। जोकि इसी महीने है।

### अगले हफ्ते है रिकॉर्ड डेट



एक्सचेंज को दी जानकारी में नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 90 प्रतिशत का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी हर शेयर पर योग्य निवेशकों को 9 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने इस डिविडेंड के लिए 27 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जोकि अगले हफ्ते है। बता दें, कंपनी 19वीं बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने जा रही है।

**2006 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर-** नेपरोल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने एक बार निवेशकों को बोनस शेयर भी दिया है। कंपनी ने 2006 में 2 शेयर पर 3 शेयर बोनस दिया था। हालांकि, यह पहली और आखिरी बार था जब कंपनी ने बोनस शेयर दिया था।

## रिपोर्ट का दावा- भारत दिग्गज देशों को पीछे छोड़ने की राह पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में खपत लगातार बढ़ रही है। देश की कुल जीडीपी में 56 फीसदी का योगदान देने वाला यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसकी वृद्धि की रफ्तार सबसे तेज है। इसके दम पर भारत जल्द ही प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दुनिया की खपत राजधानी बन जाएगा। एंजल वन और आइकॉनिक एसेट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता आधार की वजह से भारत में खपत 2034 तक बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। इसमें एकल परिवार के चलन की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी वजह से भारत में घरेलू विकास जनसंख्या वृद्धि से आगे निकल रहा है और यह बढ़ती खपत का प्रमुख चालक बनकर उभर रहा है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में टैक्स के मोर्चे पर करदाताओं को दी राहत से एक लाख करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिससे 3.3 लाख करोड़ रुपये की वृद्धिशील खपत को बढ़ावा मिलेगा। इसमें भारतीय जीडीपी को एक फीसदी तक बढ़ाने की क्षमता है।

### अगले 25 साल में होगी 10 गुना अधिक बचत

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अगले 25 वर्षों में पिछले 25 साल की तुलना में 10 गुना अधिक बचत होने की उम्मीद है। 1996-97 से 2022-23 के बीच भारत की कुल बचत 12 लाख करोड़ डॉलर थी, जो 2027 तक करीब 10 गुना बढ़कर 103 लाख करोड़ डॉलर पहुंच जाएगी। इससे वृद्धिशील उपभोग की व्यापक संभावनाएं खुलेंगी। खास बात है कि सरकार की नीतियों से भारत वैश्विक कार्यबल वृद्धि में भी अग्रणी बनने के लिए तैयार है। उपभोग के मोर्चे पर अमेरिका-चीन की राह पर चलने को देश तैयार एंजल वन एवं आइकॉनिक एसेट ने अपनी रिपोर्ट में कहा, आर्थिक और आय विस्तार के दौरान अमेरिका व चीन दोनों देशों में गैर-विवेकाधीन खर्च की तुलना में विवेकाधीन उपभोग अधिक रहा। भारत भी अब इसी राह पर चलने के लिए तैयार है।

प्रति व्यक्ति आय में मजबूत वृद्धि के दौर में अमेरिका में उपभोग खर्च में 10 गुना की वृद्धि हुई। प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के साथ भारत में भी उपभोग खर्च में ऐसी ही बढ़ोतरी देखे जाने की उम्मीद है।

### 2034 तक खपत दोगुनी...



### रिपोर्ट की अन्य खास बातें...

- विवेकाधीन उपभोग में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, आभूषण और एसेसरीज तेजी से उभरने वाले सेगमेंट हैं।
- 92 फीसदी खुदरा व्यापार अब भी किराना स्टोर के जरिये होता है।
- आधुनिक खुदरा व्यापार के लिए भी आगे बढ़ने और बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का एक बड़ा अवसर है।
- भारत में अमेरिका की कुल आबादी से अधिक जनरेशन जेड की संख्या हैं। 2035 तक खर्च किया जाने वाला हर दूसरा रुपया जनरेशन जेड की जेब से आएगा, जिससे खपत वृद्धि को जोरदार समर्थन मिलेगा।

### वैश्विक खपत में होगा 16 फीसदी हिस्सा

दुनिया की कुल खपत में भारत की हिस्सेदारी 2050 तक बढ़कर 16 फीसदी पहुंच सकती है, जो 2023 में 9 फीसदी थी। मैकेंजी ग्लोबल इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक, 17 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सिर्फ उत्तरी अमेरिका ही भारत से आगे होगा।

## एलन मस्क ने टेस्ला की प्रतिष्ठा नष्ट कर दी

### कंपनी के निवेशक ने की नया सीईओ चुनने की मांग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला में लंबे समय से निवेश कर रहे रॉस गेरबर ने सार्वजनिक रूप से एलन मस्क से सीईओ के पद से इस्तीफा देने की मांग की है। गेरबल का तर्क है कि विशेष रूप से व्हाइट हाउस में ट्रंप की भूमिका के कारण उनका ध्यान बंट रहा है, जो कंपनी को संकट की ओर ले जा रहा है।

गेरबर कावासाकी वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ गेरबर ने स्काई न्यूज से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे (मस्क) सरकार में अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यहीं वह अपना समय बिता रहे हैं। वह टेस्ला नहीं चला रहे हैं। मुझे लगता है कि टेस्ला को एक नए सीईओ की जरूरत है। व्यवसाय को बहुत लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है।

एक दशक से ज्यादा समय से गेरबर कावासाकी ने मस्क के नेतृत्व में टेस्ला में निवेश किया है। टेस्ला के सबसे बड़े शेयरधारकों में से न होने के बावजूद- फरवरी 2025 तक उनके पास कंपनी के 262,352 शेयर हैं। उनका फर्म 2023 से लगातार टेस्ला में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही है। कंपनी के बोर्ड में बदलाव के मुखर समर्थक रॉस गेरबर ने मस्क की आलोचना करना शुरू कर दिया है। मस्क के व्हाइट हाउस की गतिविधियों में शामिल होने के बाद उनका विरोध और बढ़ गया है। उन्होंने आउटलेट से कहा, टेस्ला बहुत सारे महत्वपूर्ण काम कर रहा है, इसलिए या तो एलन को टेस्ला में वापस आ जाना चाहिए और टेस्ला का सीईओ बन जाना चाहिए और अपनी अन्य व्यस्तताएं छोड़ देनी चाहिए या फिर उन्हें सरकार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और वह काम करते रहना चाहिए जो वह कर रहे हैं, लेकिन टेस्ला के लिए एक उपयुक्त सीईओ ढूंढना चाहिए।

टेस्ला के शेयरों में गिरावट जारी है। पिछले पांच दिनों में शेयरों पांच प्रतिशत की गिरावट आई है। दिसंबर के शिखर से कंपनी के शेयर 50 प्रतिशत से ज्यादा टूट चुके हैं।

## वित्त वर्ष 25 में पस्त रहे टाटा के शेयर, निवेशकों के 2.56 लाख करोड़ स्वाहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2025 के अब कुछ दिन ही बचे हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव रहा है। इस अवधि में सेंसेक्स और निफ्टी ने अपने ऑल टाइम हाई को भी देखा तो लगातार पांच महीने तक बिकवाली भी रही। इस माहौल के बीच वित्त वर्ष 2025 के दौरान टाटा ग्रुप की कंपनियों को बड़ा नुकसान हुआ। टाटा ग्रुप के शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण वित्त वर्ष 2025 में 2.56 लाख करोड़ रुपये कम हुआ है। वहीं, वित्त वर्ष 2024 में 30 लाख करोड़ रुपये की तुलना में बाजार पूंजीकरण लगभग 27.46 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया है।

### ग्रुप की 15 कंपनियां हैं जिम्मेदार

ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक इस गिरावट के पीछे टाटा ग्रुप की 15 कंपनियां हैं। इनमें आईटी दिग्गज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , टाटा मोटर्स और टाइटन कंपनी शामिल हैं। टाटा समूह के अन्य शेयर जिनके बाजार पूंजीकरण में गिरावट देखी गई है, उनमें आर्टसन, ऑटोमोबाइल कॉर्पोरेशन ऑफ गोवा, ऑटोमोटिव स्टैम्पिंग्स एंड असेंबलीज, रैलिस इंडिया, टाटा केमिकल्स, टाटा कम्युनिकेशंस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टाटा एलेक्सी, टाटा पावर कंपनी, टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा टेलीसर्विसेज (महाराष्ट्र) शामिल हैं।

**टीसीएस के निवेशकों को कितना बड़ा नुकसान-** वित्त वर्ष 2025 में टीसीएस के निवेशकों ने अपनी संपत्ति 1.39 लाख करोड़ रुपये गंवा दी।

## एलजी से टाटा कैपिटल तक

### शेयर बाजार के बदले हालात में 5 कंपनियों का आइपीओ दस्तक देने को तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा समय में प्राइमरी मार्केट पूरी तरह से ठंडा पड़ा हुआ है। लेकिन आने वाले समय में कई दिग्गज कंपनियों के आईपीओ आने जा रहे हैं। इन कंपनियों की लिस्ट में एनएसई, एनएसडीएल, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, बोट, एलटी, रिलायंस जियो, जेएसडब्ल्यू सीमेंट, एथर




एनर्जी, जेप्टो, फोनपे, टाटा कैपिटल और फ्लिपकार्ट शामिल है। ऐसे में इन कंपनियों के आईपीओ के आने से सेंकेंड्री मार्केट में भी हलचल देखने को मिल सकती है।

### मेनबोर्ड आईपीओ में आई कमी

मौजूदा समय में शेयर बाजार के बदले हालात की वजह से मेनबोर्ड आईपीओ में गिरावट आई है। एक्सपर्ट्स की मानें तो प्रमोटर्स और इंवेस्टमेंट बैंकर्स मौजूदा समय में इंतजार करने का तरीका अपना रहे हैं। इन कंपनियों की निगाह इस बात पर भी है कि एफआईआई की बिकवाली में कमी आए, ट्रंप के टैरिफ प्लान की पूरी तरह से पता चल पाए। एक बार इन तमाम विषयों पर स्पष्टता आने के बाद ही किसी दिग्गज कंपनी के आईपीओ की उम्मीद करनी चाहिए। माना जा रहा है कि अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही में कई कंपनियों के आईपीओ दस्तक दे सकते हैं।

### बाजार आया रिकवरी के मोड पर

वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के बीते निफ्टी में बीते 2 से 3 हफ्तों के दौरान रिकवरी देखने को मिली है। मार्च 21964 अंक से निफ्टी में 1400 अंक या फिर 6.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। ट्रेंड टेंशन और अमेरिका की पॉलिसी की वजह से वैश्विक स्तर पर मार्केट की स्थिति अच्छी नहीं है। लेकिन इसके बाद भी घरेलू शेयर बाजारों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जिन 5 बड़े आईपीओ का इंतजार निवेशक बेसब्री से कर रहे हैं उसमें एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, एनएसडीएल, टाटा कैपिटल, बोट और जेएसडब्ल्यू सीमेंट है। बता दें, एलजी के प्रस्तावित आईपीओ में 10.18 करोड़ शेयरों की बिक्री ऑफर फार सेल के जरिए हो सकती है।

## आरबीआई ने अधिकारियों को पद छोड़ने के लिए नहीं कहा, इंडसइंड बैंक ने किया खारिज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट को पद छोड़ने के लिए नहीं कहा है। बैंक के प्रवक्ता ने कहा-हाल ही में मीडिया में आई रिपोर्ट तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। बैंक इन रिपोर्ट्स में किए गए दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। प्रसारित की जा रही जानकारी पूरी तरह से गलत है और वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है।




### क्या थी रिपोर्ट

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि रिजर्व बैंक ने इंडसइंड बैंक के सीईओ सुमंत कठपालिया और उनके डिप्टी अरुण खुराना को पद से हटने को कहा है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक रिजर्व बैंक ने अकाउंटिंग गड़बड़ी के बाद इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट से यह बात कही है। आरबीआई जमाकर्ताओं के विश्वास को प्रभावित होने से बचाने के लिए व्यवस्थित बदलाव चाहता है।

### बैंक ने पेशेवर को किया नियुक्त

इस बीच, इंडसइंड बैंक ने अपने वायदा-विकल्प खंड से संबंधित ऑडिटिंग विसंगतियों के मूल कारण का पता लगाने के लिए एक पेशेवर कंपनी को नियुक्त किया है। अनुमान के अनुसार, ऑडिटिंग में 2,100 करोड़ रुपये की विसंगति से बैंक की निवल संपत्ति पर 2.35 प्रतिशत का असर पड़ सकता है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, निदेशक मंडल ने गुरुवार को अपनी बैठक में विसंगतियों के मूल कारण की पहचान करने, प्रचलित ऑडिटिंग मानकों के संबंध में व्युत्पन्न अनुबंधों के लेखांकन उपचार की शुद्धता व प्रभाव का आकलन करने के लिए एक व्यापक जांच करने हेतु स्वतंत्र पेशेवर कंपनी को नियुक्त करने का निर्णय लिया।

## 77 के शेयर वाली कंपनी को मिली गुड न्यूज, एयरपोर्ट से जुड़ा है कारोबार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एविएशन सेक्टर की कंपनी-जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड को अच्छी खबर मिली है। दरअसल, भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) ने कुछ ठेकों के आवंटन में जीएमआर एयरपोर्ट्स और दिल्ली एयरपोर्ट के खिलाफ प्रतिस्पर्द्धा-रोधी तरीके अपनाए जाने के आरोपों को खारिज कर दिया है।

### क्या है मामला

दरअसल, एक गैर सरकारी संगठन ने आरोप लगाया था कि जीएमआर एयरपोर्ट्स ने एकाधिकार वाले तरीके अपनाए और वह हवाई अड्डे पर पार्किंग एवं लाउंज सेवाओं से संबंधित ठेकों के लिए अत्यधिक शुल्क वसूल रहा था। संबंधित पक्षों की प्रस्तुतियों की समीक्षा करने के बाद सीसीआई ने कहा कि पार्किंग और लाउंज सेवाओं के लिए अनुबंध एक प्रतिस्पर्द्धी बोली प्रक्रिया के जरिये दिए गए थे जो कि परिचालन, प्रबंधन और विकास समझौते के तहत अनिवार्य है। इस मामले में शिकायत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागरिक उड्डयन मंत्रालय और फ्रापोर्ट एजी फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट सर्विसेज वर्ल्डवाइड के खिलाफ भी की गई थी। प्रतिस्पर्धा कानून के उल्लंघन का कोई प्रथम दृष्ट्या मामला नहीं पाते हुए सीसीआई ने शिकायत को खारिज कर दिया।




## अपने विदेशी मुद्रा भंडार में हुई लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ोतरी, पाकिस्तान का भी बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिवर्ज बैंक ने ओपन मार्केट ऑपरेशन या ह्स्ह्र ऑक्शन के तहत बीते दिनों काई कार्य किए। इसके साथ ही 10 अरब डॉलर के फॉरेक्स स्वैप का फैसला लिया। इसका असर दिखा और बीते 14 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 305 मिलियन डॉलर की मामूली बढ़ोतरी दिखी। इसी के साथ अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार 654.27 बिलियन पर पहुंच गया है। इससे एक सप्ताह पहले अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 15.26 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई थी। उधर, इसी सप्ताह अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में भी बढ़ोतरी की खबर है।

### फॉरेक्स स्वैप से हुआ फायदा

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 305 मिलियन की मामूली बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, यह रिजर्व बैंक के 10 बिलियन डॉलर के फॉरेक्स स्वैप के फैसले का असर है कि इस सप्ताह अपना विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ कर 654.27 बिलियन पहुंच गया है।



इससे एक सप्ताह पहले यानी 7 मार्च को अपने भंडार में 15.267 बिलियन की भारी बढ़ोतरी हुई थी। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन पर के रेकार्ड उच्चतम स्तर पर था।

रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में कमी हुई है। 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने एफसीएएस में 96 मिलियन की कमी हुई है। अब अपना एफसीए भंडार घट कर 557.186 बिलियन का रह गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है।

### गोल्ड रिजर्व बढ़ा

बीते सप्ताह अपने गोल्ड रिजर्व या स्वर्ण भंडार में भी वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक 14 मार्च 2025 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के स्वर्ण भंडार में 66 मिलियन की वृद्धि हुई है। इसी के साथ अब अपना सोने का भंडार बढ़ कर यूएसडी 74.391 बिलियन तक चला गया है।

### एसडीआर भी बढ़ा

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में भी बढ़ोतरी हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 51 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 18.262 बिलियन डॉलर का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में 283 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 22-03-2025 21:42 Page 1



# विस में फोन कर रहे मंत्री पर अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

## मार्शल ने किया मोबाइल जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में शनिवार को पहली पाली में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री हफीजुल हसन मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे थे।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने अपने सवाल के दौरान उनके फोन पर बात करने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इससे डिस्टर्बेंस हो रहा है।

विधायक जयराम महतो ने कहा कि उनका मोबाइल सीज करना चाहिए। इसपर स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि शुक्रवार को भी इस तरह की बात आई थी। इसलिए मंत्री को मोबाइल जमा कर देना चाहिए। स्पीकर के आदेश पर मार्शल ने उनका मोबाइल जब्त कर लिया।

वहीं, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रश्नकाल के दौरान सूचना के माध्यम से पलामू के एक परिवार पर पुलिस द्वारा किए गए जुल्म के आरोप का मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार उनसे मिलने पहुंचा था। उनके अनुसार, परिवार के सदस्य महफूज को पुलिस एक मार्च को उठा कर ले गई थी। उसे हिरासत में रखते हुए पांच दिनों तक पिटाई की गई, जिसके बाद छह मार्च को जेल भेज दिया गया।

वहां जब उसकी हालात बिगड़ी तो उसे आनन-फानन में रिम्स में भर्ती कराया गया। उन्होंने उसका बेहतर इलाज कराने तथा दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

इस पर प्रभारी संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने भी एक दिन पूर्व मामले को उठाया था। आसन के आदेश का अनुपालन करते हुए डीजीपी को पत्र लिखा जा चुका है।

48 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट डीजीपी को मिल जाएगी, जिसके आधार पर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी।

# जैक बोर्ड में बदला कॉपी जांचने का तरीका

## मई माह के अंत तक रिजल्ट प्रकाशित होने की संभावना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** जैक मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य शुरू किया जा रहा है। राज्य के 60 केंद्रों में मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। जिसके बाद यह उम्मीद जतायी जा रही है कि मई माह के अंत तक मैट्रिक व इंटर का रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। कुछ संकाय का रिजल्ट जून के पहले सप्ताह तक जारी कर दिया जाएगा।

जैक की ओर से बताया गया कि परीक्षा में इस बार ओएमआर शीट पर मार्क्स फ्वायल बनाया गया है जो डिजीटली डाटा रिट्रीव करेगा। इस तकनीक से मूल्यांकन के बाद परीक्षार्थियों के अंकों को तेज गति व सटीक तरीके से स्टोर किया जा सकेगा।

इससे मैट्रिक व इंटर का रिजल्ट समय पर प्रकाशित हो सकेगा। इंटरमीडिएट की आर्ट्स और कामर्स संकाय का रिजल्ट जून में जारी हो सकती है।

मैट्रिक व इंटर परीक्षा में करीब सात लाख बच्चे शामिल हुए हैं। मैट्रिक की परीक्षा के दो प्रश्न पत्र लीक हो जाने के बाद परीक्षा देर से समाप्त हुई।

लेकिन मूल्यांकन की नई तकनीक से बच्चों के मार्क्स लिखने में अब गलती की संभावना कम होगी और ओएमआर से डिजिटल तरीके से जल्द मार्क्सशीट पर अंकित हो सकेगा।

इससे बच्चों को समय पर तो रिजल्ट मिलेगा ही, साथ ही उनके नामांकन की प्रक्रिया में भी देर नहीं होगी। मालूम हो कि इंटरमीडिएट की परीक्षा तीन मार्च तक पूरी हो गई थी, जबकि मैट्रिक की परीक्षा पेपर लीक होने के कारण 8 मार्च तक चली। फिलहाल, प्रैक्टिकल की परीक्षा चल रही है। 25 मार्च के बीच सभी स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं आयोजित कर ली जाएगी।

मूल्यांकन कार्य में लगाए गए वीक्षक किसी प्रकार गैजेट केंद्र के अंदर नहीं ले जा सकेंगे। सभी को मोबाइल फोन लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही केंद्र के अंदर ही उन्हें मूल्यांकन कर अपनी पूरी रिपोर्ट सौंपकर ही एक बार बाहर जाने की अनुमति होगी।

कॉपी की संख्या के अनुसार जैक उन वीक्षकों को भुगतान भी करेगा। फिलहाल पूरी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित केंद्रों में स्थित जिला प्रशासन की होगी।

# 1932 के खतियान आधारित डोमिसाइल को लागू करने की हुई बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को विधि व्यवस्था पर चर्चा के दौरान झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने 1932 के खतियान आधारित डोमिसाइल को लागू कराने की बात कही। वहीं, इस दौरान बाबू लाल मरांडी ने भी पलटवार किया और बताया कि उस समय उनकी सरकार को किसने गिराया था।

दरअसल, विधानसभा में चर्चा के दौरान झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि 15 नवंबर 2000 को जब अलग झारखंड राज्य बना तो बाबूलाल मरांडी को प्रथम मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

तब उन्होंने 1932 आधारित डोमिसाइल लाया था, जिसका परिणाम यह हुआ कि बाबूलाल को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी और सत्ता की बागडोर अर्जुन मुंडा के हाथ में चली गई। लेकिन हेमलाल मुर्मू की बात पर बाबू लाल मरांडी बुरी तरह भड़क गए और सीधा पलटवार कर दिया और कहा कि मेरी सरकार गिराने में आपकी बड़ी भूमिका थी।

बाबू लाल मरांडी बोले- हेम लाल मुर्मू ने गिराई थी हमारी सरकार

प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलटवार करते हुए कहा कि उनकी सरकार गिराने में हेमलाल मुर्मू की भी बड़ी भूमिका थी। हेमलाल मुर्मू की वजह से हमारी सरकार गिरी थी।

हेमलाल मुर्मू भारत की 14वीं लोकसभा के मेंबर थे। उन्होंने झारखंड के राजमहल निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2019 में राजमहल (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। उन्होंने 2023 में पार्टी छोड़ दी और वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य हैं।

वहीं एक अन्य सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान में किसी तरह की गड़बड़ी से इंकार किया। उन्होंने भाजपा विधायक राज सिन्हा के 50 करोड़ की अनियमितता के आरोप पर कहा कि हवा में आरोप मत लगाइए। स्वास्थ्य में कोई गड़बड़ी नहीं है।

उन्होंने कहा कि कोडरमा और गोड्डा में जननी सुरक्षा योजना में कुछ गड़बड़ी हुई है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई भी हुई है। इससे पहले राज सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के कार्यक्रमों में भारी अनियमितता हुई है।

राज्य सरकार इसमें लीपापोती करने का काम कर रही है। अनियमितता की बात आडिट में भी आई है, जिसे मंत्री चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इसपर मंत्री ने कहा कि विधायक साक्ष्य के साथ लिखित जानकारी दें।

# सूबे के लोगों का बनेगा हेल्थ कार्ड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज तरह-तरह की बीमारियां तेजी से फैल रही है। ये बीमारियां कैसे और किन लोगों को अपनी चपेट ले रही है, इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए।

हेमंत सोरेन ने कहा कि अब हमलोग हेल्थ को लेकर बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं। इसके लिए राज्य स्तर पर हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने पर विशेष जोर है ताकि बीमारी का सही तरीके से उपचार हो सके। वे शुक्रवार को यूनिसेफ के राउंड टेबल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इसका विषय पौष्टिक आहार के जरिए बच्चों में गैर संचारी रोगों का प्रसार रोकना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

जीवनशैली में बदलाव, रहन-सहन, खानपान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है।

### सिमडेगा में सिकल सेल और एनीमिया बीमारी आम

हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही है। अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती है।

जीवनशैली में बदलाव लाने के साथ खानपान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों पर फोकस करने की जरूरत है। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र महतो, सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन समेत कई और विधायकगण, यूनिसेफ की आस्था अलंग एवं डा. कनीनिका मित्रा तथा अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। सिमडेगा में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम है तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है।

ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही है। ऐसे में क्षेत्र विशेष तथा वहां व्याप्त बीमारियों को चिन्हित कर उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है ताकि उन इलाकों में रहने वाले लोगों और उनकी आने वाली पीढियां को ऐसी बीमारियों से बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई-नई बीमारियां तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसके पीछे कहीं ना कहीं सबसे बड़ी वजह हमारा खानपान है।

आज ज्यादा से ज्यादा जंक फूड्स का इस्तेमाल बच्चों को बीमार बना रहा है और आगे चलकर उन्हें कई गंभीर बीमारियां भी हो रही है।

अगर हमें अपने को स्वस्थ रखना है, तो अपने खानपान में लोकल इंडिजिनस फूड्स मिलेट्स लेना होगा। बच्चों को जंक फूड्स की बजाय हेल्दी डाइट्स दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के दूरदराज इलाकों में रहने वाले गरीब ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की अहम भागीदारी रही है। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

## स्मार्ट मीटर का मामला पहुंचा विधान सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झरिया।** स्मार्ट मीटर का मामला अब झारखंड विधानसभा पहुंच गया है। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने बिजली विभाग द्वारा नए स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों को सदन में रखा।

विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि जब से बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाया गया है, तब से उपभोक्ताओं को लगातार दोगुना बिल दिए जाने की शिकायत मिल रही है। जिससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यही नहीं ग्रामीण इलाकों में लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया है। कई नए स्मार्ट मीटर को उखाड़ फेंका गया है। दोगुने बिल को लेकर उपभोक्ताओं में काफी मायूसी है। इसलिए विभाग द्वारा जांच होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को सही बिल मिल सके और उपभोक्ताओं को बिजली उपयोग करने और बिल भुगतान करने में सहूलियत हो सके।

# दो परिवारों के बीच पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में दो परिवारों के बीच पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

ब्रिज के पास रहने वाले बंटी कोहली और राकेश कोहली के परिवार के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। हालात इतने बिगड़ गए कि महिलाओं ने भी सड़क पर उतरकर हंगामा किया।

इस झड़प में बंटी कोहली और उसके दोस्त संजय के पैरों में गंभीर चोटें आईं, जबकि भाजपा नेता शैलेश गुप्ता की मां अनारी देवी के हाथ में चाकू से वार हो गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों परिवार आपस में रिश्तेदार हैं, लेकिन इनके बीच आए दिन झगड़े होते रहते हैं। पहले भी कई बार इनकी लड़ाई पुलिस थाने तक पहुंच चुकी है।

लोगों का कहना है कि आए दिन होने वाली इनकी झड़पों से मोहल्ले के लोग भी परेशान हो चुके हैं।

शुक्रवार रात भी दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई, जो जल्द ही हाथापाई और मारपीट में बदल गई।

झगड़े के दौरान बंटी कोहली और उसका दोस्त संजय बुरी तरह घायल हो गए। दोनों के पैरों में गहरी चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

वहीं, बीच-बचाव करने पहुंची भाजपा नेता शैलेश गुप्ता की मां अनारी देवी को चाकू से हाथ में चोट लगी। इस घटना के बाद महिलाओं ने सड़क पर उतरकर जमकर हंगामा किया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सीतारामडेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने ले गई और मामले को शांत कराने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि यह कोई पहली बार की घटना नहीं है। इन दोनों परिवारों के बीच अक्सर लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं, जिससे पूरे इलाके का माहौल खराब हो रहा है।

# नवरात्र की तैयारी में जुटे श्रद्धालु

**हीरोडीह।** सनातन धर्मावलंबियों के नवसंवत्सर, विक्रम संवत 2082 व शक्ति की पूजा चैत्र नवरात्र की शुरूआत रविवार 30 मार्च से होगी और 6 अप्रैल को महानवमी है।

ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परम पिता ब्रह्मा ने इसी दिन सृष्टि की रचना की थी। नवरात्र के दौरान श्रद्धालु मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करेंगे। इन 9 दिनों में भक्त अलग-अलग तरीकों से मां को खुश करने का प्रयास करते हैं।

नवरात्र के अवसर पर देवी मां की कृपा पाने के लिए लोग दुर्गा सप्तशती, कील, कवच, अर्गला, दुर्गा चालीसा, बीज मंत्र का जाप, भगवती पुराण आदि का पाठ करेंगे। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से नवरात्र के 9 दिनों तक मां की अराधना करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र में महानवमी चैत्री शुक्ल नवमी छह अप्रैल रविवार की सुबह 9:40 बजे तक पुनर्वसु नक्षत्र तथा इसके बाद पूरे दिन पुष्य नक्षत्र के युग्म संयोग में महानवमी का पर्व मनाया जाएगा।

# मंईया सम्मान योजना में गड़बड़ी से तिलमिलाये बीडीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गांडेय।** झारखंड में होली से पहले हेमंत सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना की तीन महीने की राशि महिला लाभुकों के खाते में भेजी गई थी। हालांकि, कई महिलाओं के खाते में अलग-अलग गलतियों की वजह से राशि नहीं पहुंची। इसके बाद से कार्यालयों में महिलाओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई है।

वहीं, गांडेय के बड़कीटांड़ पंचायत में विभागीय आदेश के बावजूद मंईयां सम्मान योजना के अयोग्य लाभुकों के सत्यापन के बाद नाम सूची से नहीं हटाने पर पंचायत सचिव जय नारायण चौधरी से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

बड़कीटांड़ पंचायत में विभागीय आदेश जारी होने के बाद भी मंईयां सम्मान योजना के अयोग्य लाभुकों का सत्यापन करने के बाद उनका नाम लिस्ट से नहीं हटाया गया। इस मामले में गांडेय बीडीओ निशात अंजुम ने पंचायत सचिव जय नारायण चौधरी से स्पष्टीकरण मांगा है।

पंचायत सचिव को दिए गए पत्र में बीडीओ ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक के पत्र के आलोक में पंचायत में मंईयां सम्मान योजना के अयोग्य लाभार्थियों की गाइडलाइंस व सूची उपलब्ध कराई गई है। भौतिक सत्यापन में बड़कीटांड़ की पोषण सखी सह आंगनबाड़ी सेविका बेगम खालिदा पांडेयडीह आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं। उनके पति बड़कीटांड़ के उप मुखिया हैं। इसके बावजूद बेगम खालिदा का भौतिक सत्यापन कर अयोग्य करते हुए उनका नाम सूची से नहीं हटाया गया। यह सरकारी कार्य के प्रति घोर लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है।

बीडीओ ने पंचायत सचिव को पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। स्पष्टीकरण नहीं देने पर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित करने की चेतावनी दी गई है।

बता दें कि दो दिन पूर्व गांडेय के जेई व एई ने बीडीओ को पत्र देकर बड़कीटांड़ के उप मुखिया की पत्नी बेगम खालिदा पर पोषण सखी के पद पर रहते हुए मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने का आरोप लगाया था।

# कई ट्रेनों के रूट बदले, कई ट्रेनें हुई रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के कानपुर पुल बायां किनारा-कानपुर सेंट्रल के मध्य इंजीनियरिंग कार्य हेतु ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है।

पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ सरस्वती चंद ने बताया कि पुरी से 23, 25, 28 एवं 30 मार्च तथा 1, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 अप्रैल को खुलने वाली 12875 पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के स्थान नहीं चलेगी। इसके बजाय परिवर्तित मार्ग पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-मिजार्पुर-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जाएगी।

मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी काशी, वाराणसी जं., भदोही, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, गौरीगंज, रायबरेली, लखनऊ एवं उन्नाव स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

आद्रा मंडल के पुरूलिया-कोटशिला रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के लिए नान इंटरलाकिंग कार्य की वजह से ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस दौरान कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया गया है, तो कुछ को रद किया गया है।

ट्रेन सं.- 18035/18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 21 व 22 मार्च को रद रहेगी। ट्रेन सं.- 68041/68042 आद्रा-बरकाकाना-आद्रा मेमू 21 व 22 मार्च को और ट्रेन सं.- 63598/63597 आसनसोल-रांची-आसनसोल मेमू 22 मार्च को रद रहेंगी।

ट्रेन सं.- 63597 रांची-आसनसोल मेमू 21 मार्च को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 1 घंटे विलंब से रांची से प्रस्थान करेगी।

ट्रेन सं.- 18085/18086 खड़गपुर-रांची-खड़गपुर एक्सप्रेस 22 मार्च का आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ होगा। इन ट्रेनों का आद्रा-रांची-आद्रा के बीच परिचालन रद रहेगा।

ट्रेन सं.- 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 21 व 22 मार्च को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोरखपुर कैंट रेलखंड के अंतर्गत विकास कार्य के लिए नान इंटरलाकिंग कार्य की वजह से ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

# रांची बंद बुलाकर आदिवासी समाज ने सरकार पर बनाया दबाव

## सिरमटोली के समीप फ्लाईओवर निर्माण से नाराज हैं आदिवासी समाज

### हजारों की संख्या में बंद समर्थक उतरे बंद कराने



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मनाए जाने वाला प्रमुख त्योहारों में से एक सरहुल नजदीक है। लेकिन इससे पूर्व आदिवासी समाज आक्रोशित नजर आ रहा है। दरअसल, आदिवासी समाज के आस्था का स्थल सिरमटोली सरना स्थल के समीप फ्लाईओवर के रैंप का निर्माण हो रहा है, जिसको लेकर आदिवासी समाज सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुके हैं। आंदोलन के तहत विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा रांची बंद बुलाया गया।

झारखंड की राजनीति में इन दिनों हाल चल तेज हो चुकी है। कारण है राजधानी रांची में आदिवासी समाज का आक्रोश। सिरमटोली सरना स्थल के समीप फ्लाईओवर रैंप निर्माण का विरोध आदिवासी समाज द्वारा किया जा रहा है। इसको लेकर चरणबद्ध आंदोलन किए गया। विधानसभा सत्र के दौरान बहस हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासी समाज को संदेश देते हुए कहा था, सरहुल खुशी-खुशी मनाएं, चिंता करने की बात नहीं है। लेकिन इसके बावजूद आदिवासी संगठन रैंप के निर्माण को बंद कराने की मांग पर डटे हैं।

आंदोलन के तहत शनिवार को राजधानी रांची में संपूर्ण आदिवासी संगठनों के द्वारा रांची बंद बुलाया गया। तमाम आदिवासी संगठन के लोग रांची के सड़कों में बंद कराने उतरे। जगह-जगह टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

केंद्रीय सरना समिति एवं चडरी सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में बंद समर्थक बंद कराने निकले। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रांची के चारो ओर सरना धमार्वालंबी ने सड़क पर उतरकर रांची बंद कराने का कार्य किया। सरना समाज अपने धर्म की रक्षा के लिए एकजुट है। झारखंड विधानसभा में कई विधायकों ने केन्द्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का मामला उठाया एवं विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा जांच समिति बनाकर समस्या का समाधान करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मौन है। आज की बंदी को सफल बनाने के लिए व्यवसाय प्रतिष्ठानों,बस ओटो ई-रिक्शा बंद में शामिल तमाम आदिवासी संगठनों एवं बंद को समर्थन देने वाले उन सभी राजनीति पार्टी को केन्द्रीय सरना समिति इन सभो का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करती है। मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि सरना स्थल से छेड़छाड़ करना आदिवासी समाज के साथ आघात है। इस बंदी को सफल करने के लिए सभी को धन्यवाद आभार।

### जगह-जगह टायर जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

आज की बंदी में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, जगलाल पहान, सुरेन्द्र लिंडा झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा, विकास संगा, प्रकाश मंडा, प्रेम लिंडा, नाइन लिंडा, बादल नायक, आशीष लिंडा, कैलाश मंडा, महादेव टोप्पो, अमर टोप्पो, पनीर मुंडा, मुन्ना हेमरोम, राहुल मुंडा, ओम वर्मा, हरिश कुमार आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रांची बंद का दिखा मिलाजुला असर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार सुबह आदिवासी संगठनों के बुलाए बंद का मिलाजुला असर दिखा। आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ता 18 घंटे के बंद को लागू कराने के लिए सड़कों पर उतरे। बंद आदिवासी धार्मिक स्थल सरना स्थल के पास फ्लाईओवर के निर्माण के विरोध में किया गया। प्रदर्शनकारियों को टायर जलाते और मुख्य रूप से रांची के बाहरी इलाकों में सड़कों को अवरुद्ध करते देखा गया। रांची में टिटला चौक के पास रांची-लोहरदगा मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया, जबकि आंदोलनकारी शहर के कांके चौक और अन्य इलाकों में बंद लागू करने के लिए इकट्ठा हुए।

प्रदर्शनकारी सिरम टोली में बनाए जा रहे रैंप को हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि यह धार्मिक स्थल तक पहुंच में बाधा डालता है और लगातार यातायात की आवाजाही के कारण इसकी पवित्रता को भंग कर सकता है।

इससे पहले कई आदिवासी संगठनों ने शुक्रवार शाम को मशाल जुलूस निकाला और बंद के लिए लोगों से समर्थन मांगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया है। उन्होंने कहा कि जब हजारों आदिवासी सरहुल के दौरान सिरम टोली सरना स्थल पर इकट्ठा होते हैं, तो फ्लाईओवर रैंप साइट तक पहुंच को बाधित करेगा।

बंद के आह्वान को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। प्रशासन ने संगठनों से बिना किसी को परेशानी पहुंचाए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का आग्रह किया है।

2.34 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड सड़क का निर्माण, जिसमें रेलवे लाइन पर 132 मीटर का खंड शामिल है, का उद्देश्य सिरम टोली को मेकॉन से जोड़कर यातायात की आवाजाही को आसान बनाना है।

बॉक्सिंग

## भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की चुनावी प्रक्रिया रोकी गई, अदालती फैसलों के बाद निर्वाचन अधिकारी का कदम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव की प्रक्रिया रोक दी गई है। निर्वाचन अधिकारी आरके गाबा ने शुक्रवार को कहा, चुनावी प्रक्रिया तब तक रुकी रहेगी जब तक बीएफआई उन्हें इसे शुरू करने के लिए नहीं कहती है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने खुद निर्वाचन अधिकारी को चुनावी प्रक्रिया रोकने की प्रार्थना की थी। उन्होंने यह कदम हिमाचल प्रदेश और दिल्ली हाईकोर्ट के फैसलों के बाद उठाया। अजय सिंह ने गाबा से प्रार्थना की कि अदालत के फैसलों के बाद चुनाव में बाधा पड़ सकती है और वह इन फैसलों को उच्च अदालत में चुनौती देने जा रहे हैं। उच्च अदालत के आदेश के बाद ही चुनावी प्रक्रिया बहाल की जाए। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बीएफआई के निर्वाचन मंडल से बाहर किए जाने पर रोक लगाते हुए उनके नामांकन को स्वीकार करने का आदेश दिया था। अदालत ने बीएफआई के सात मार्च के आदेश पर भी रोक लगा दी थी। मुक्केबाजी महासंघ ने कहा था कि चुनाव में चुने हुए पदाधिकारी ही हिस्सा ले सकते हैं। इसके आधार पर ही ठाकुर को निर्वाचन मंडल से बाहर किया गया था। जिसे आदालत में चुनौती दी गई।

## फीडे महिला ग्रां प्री शतरंजः झू जिनर ने दूसरे दौर के बाद बढ़त बनाई



**निकोसिया, एजेंसी।** फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज 2024-25 के चौथे चरण के दूसरे दौर में सिर्फ एक ही मुकाबले का परिणाम निर्णायक रहा, जिसमें चीन की झू जिनर ने जर्मनी की एलिज़ाबेथ पेहट्ज़ नें जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली, लेकिन सभी पांच मुकाबले अपने आप में काफी रोमांचक रहे। पूर्व महिला विश्व चैम्पियन उक्रेन की मारिया मुजयचुक और भारत की पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन दिव्या देशमुख के बीच का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ। हालांकि सर्दी-जुकाम के चलते दिव्या का स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक नहीं था, फिर भी उन्होंने फ्रेंच डिफेंस के स्टीनिट्ज़ वेरिएशन में आसानी से स्थिति को बराबर कर लिया। जिससे ऊंट के एंडगेम में मुकाबला 40 चालो पर ड्रा पर समाप्त हुआ।

भारत की शीर्ष खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली का सामना ग्रीस की स्टावरूला त्सोलाकिडु से था और यह मुकाबला निश्चित रूप से दौर का सबसे मनोरंजक था। हरिका ने रॉसोलिमो अटैक को चुना, जो एक साहसी विकल्प था, क्योंकि स्टावरूला ने पिछले दौर में इसी ओपनिंग में जीत दर्ज की थी। हालांकि हारिका एक समय थोड़ा बेहतर लग रही थी पर 42 चालों के बाद खेल ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दूसरे दौर के बाद झू जिनर टूर्नामेंट में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने जीत दर्ज की और अंकतालिका में बढ़त बनाई है।

# मेसी के बिना भी जीता अर्जेंटीना, विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने से बस एक अंक दूर



**मोंटेवीडियो, एजेंसी।** अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रा करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना भी शुक्रवार को खेले गए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में उरुग्वे को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल थियागो अल्माडा ने 68वें मिनट में दागा जो कि निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही गत चैंपियन अर्जेंटीना अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश पाने से केवल एक अंक दूर रह गया है।

अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रॉ करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। इससे पहले जब फुटबॉल जगत की इन दो दिग्गज टीमों के बीच मुकाबला हुआ था तब अर्जेंटीना ने रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में 1-0 से जीत हासिल की थी। कोच लियोनेल स्कालोनी की टीम पहले से ही सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से 15 अंक आगे है, जबकि प्रतियोगिता में अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। इससे पहले इक्वाडोर ने वेनेजुएला को 2-1 से हराया और दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

ब्राजील 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह उरुग्वे और पराग्वे से एक अंक आगे है। कोलंबिया 19 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीमों को अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

आईपीएल 2025:

## केएल राहुल 2 मैचों से बाहर रह सकते हैं, पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं; दिल्ली ने 14 करोड़ में खरीदा था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे। यह जानकारी दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे मिचेल स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एलिसा हीली ने दी। उन्होंने बताया, केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं। इसी वजह से वह लीग के शुरुआत दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। राहुल और उनकी बॉलीवुड अभिनेत्री पत्नी अथिया शेट्टी ने नवंबर 2024 में गुड न्यूज की जानकारी दी थी।



18 जनवरी को केएल राहुल ने उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह की देहरी से पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने यूट्यूब पर दी जानकारी एलिसा हीली ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि हैरी ब्रूक की जगह कौन आता है। उनके पास केएल राहुल हैं जो शायद पहले कुछ मैच नहीं खेलेंगे। वे अपने बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे है। दिल्ली कैपिटल्स के पास युवा खिलाड़ियों की फौज है जो कुछ भी कर सकते हैं। उनके पास केएल राहुल भी हैं जो टी20 क्रिकेट में पारी को मजबूती देंगे। उन्हें देखना बहुत रोमांचक होगा।

14 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा था दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह इससे पहले तीन साल तक लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेले। स्त्र ने नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। राहुल आईपीएल में कई टीमों की कप्तानी कर चुके हैं, ऐसे में माना जा रहा था कि फ्रेंचाइजी उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप सकती है। राहुल आईपीएल में 4683 रन बना चुके हैं।

# अल्काराज दूसरे दौर में गाफिन से हारे

**मियामी, एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज को शुक्रवार (स्थानीय समय) को मियामी ओपन के दूसरे दौर में बेल्जियम के डेविड गाफिन ने 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। गाफिन ने प्रत्येक सेट में दूसरे सीड की सर्विस को तोड़ने में कामयाबी हासिल की, अपने दूसरे मैच पॉइंट पर जीत को पक्का किया जब कोर्ट में स्लाइड करते हुए अल्काराज एक फोरहैंड को वापस नहीं कर पाए जिसे गाफिन ने कोने में कुशलता से रखा था।

गाफिन के लिए अगला मुकाबला अमेरिकी ब्रैंडन नकाशिमा से है, जिन्होंने रॉबर्टो कार्बेल्स बेना पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत हासिल की।

छह बार के मियामी ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा पर 6-0, 7-6(1) की शानदार जीत के साथ टूर्नामेंट में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी की और तीसरे दौर में प्रवेश किया। यह 2019 के बाद से जोकोविच की मियामी में पहली उपस्थिति थी और उनकी जीत उनकी 410वीं एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीत थी, जिसने उन्हें श्रृंखला में सबसे अधिक जीत के लिए राफेल नडाल के साथ बराबरी पर ला खड़ा किया। जोकोविच ने संवाददाताओं से कहा, मैं खुद को और दूसरों को भी यह बताना चाहता था कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेलने में सक्षम हूं। दूसरी ओर, सातवें वरीय रूस के दानिल मेदवेदेव, जो मौजूदा मियामी चैंपियन हैं और इंडियन वेल्स में सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, पहले दौर में ही स्पेन के जौम मुनार से 6-2, 6-3 से हार गए। अन्य उल्लेखनीय परिणामों में मियामी के पूर्व फाइनलिस्ट कैस्पर रूड और ग्रिगोर दिमित्रोव आगे बढ़े, जबकि ऑस्ट्रेलियाई निक किर्गियोस, जिन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में 2022 के बाद से अपनी पहली जीत हासिल की, को करेन खाचानोव ने 7-6(3), 6-0 से हराया।

महिलाओं की ओर से, रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा, इंडियन वेल्स में सनशाइन डबल का पहला भाग जीतने के बाद मियामी ओपन में पदार्पण कर रही हैं, उन्होंने वेरोनिका कुडरमेतोवा को 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा का सामना अगले दौर में दोहा चैंपियन अमांडा अनिसिमोवा से होगा।

दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने अपनी मजबूत फॉर्म जारी रखते हुए कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 7-5 से हराकर लगातार दो टूर्नामेंट में दूसरी बार जीत दर्ज की। स्वीयाटेक तीसरे दौर में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस से भिड़ेंगी,जिन्होंने पीटन स्टर्न्स को 6-4, 6-1 से हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने अर्मेनिया की एलिना अवनेस्यान को 6-3, 6-3 से हराया और अब उनका अगला मुकाबला फिलिपिनो वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा एला से होगा, जिन्होंने 25वीं वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 7-6(2), 7-5 से हराया।

जोकोविच ने नडाल की बराबरी की



## आईपीएल 2025 के कमेंट्री पैनल से गायब इरफान पठान का नाम, खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चलाने की मिली सजा!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत होने वाली है। ब्रॉडकास्टर्स ने इस सीजन के लिए अपने कमेंटेटर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का नाम शामिल नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई ने यह फैसला जानबूझ कर किया है। पठान पर कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चलाने का आरोप लगा है।

### इरफान पठान से खुश नहीं खिलाड़ी

मायखेल ने सूत्रों के हवाले से लिखा कि कुछ क्रिकेटर्स ने इरफान पठान के खिलाफ शिकायत की थी। उनका कहना था कि ऑलराउंडर कमेंट्री के दौरान खिलाड़ियों के खिलाफ निजी टिप्पणी करते हैं। खिलाड़ियों को यह पसंद नहीं आया। एक स्टार प्लेयर ने इरफान पठान का नंबर ब्लॉक कर दिया। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इरफान पठान द्वारा उनपर की गई टिप्पणी से खुश नहीं थे।

### बीसीसीआई पठान के व्यवहार से नाराज

सूत्रों ने यहां भी कहा कि पठान ने आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों का इंटरव्यू लेते हुए ऐसा व्यवहार किया जो कि बीसीसीआई को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा, 'यह पिछले दो साल से हो रहा है। वह कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ निजी एजेंडा चला रहे हैं। यह बात बीसीसीआई को पसंद नहीं है। इसी कारण उनका नाम हटाया गया नहीं तो उनका नाम लिस्ट में होना चाहिए था। इरफान पठान इकलौते कमेंटेटर नहीं हैं जिन्हें बीसीसीआई के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर कान्ट्रैक्ट नहीं मिला। इससे पहले संजय मांजरेकर को भी उनकी टिप्पणी के कारण करार नहीं दिया गया था।

## आईओसी की नई अध्यक्ष कोवेंट्री के घर डकैती

माता-पिता को बंदूक दिखाकर बनाया बंधक, दो आरोपी गिरफ्तार



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव निर्वाचित अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री के माता-पिता के हरार स्थित घर पर सशस्त्र डकैती डालने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जिम्बाब्वे की एक अदालत में पेश किया गया। इन दोनों पर कथित तौर पर कोवेंट्री के कुछ खेल संबंधी यादगार वस्तुएं चुराने का आरोप है। न्यूज एजेंसी एपी (एसोसिएटेड प्रेस) की रिपोर्ट्स के मुताबिक, डकैती 10 मार्च को हुई थी। पुलिस और कोवेंट्री के परिवार ने हालांकि यादगार वस्तुओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन वस्तुओं में कोवेंट्री के कुछ ओलंपिक कपड़े शामिल थे।

### माता-पिता को बंदूक के दम पर बनाया बंधक

पुलिस के मुताबिक, जॉन और माइक नहोंगवे पर 90 हजार डॉलर के सामान चोरी करने तथा कोवेंट्री के माता-पिता को बंदूक की नोक पर बंधक बनाने का आरोप है। चोरी की गई वस्तुओं में आभूषण, आग्नेयास्त्र और जिम्बाब्वे की पूर्व ओलंपिक तैराक कोवेंट्री के करियर से जुड़ी कुछ स्मृति चिन्ह के साथ ही 15,000 अमेरिकी डॉलर की नकदी शामिल है।

### कोवेंट्री के ओलंपिक के कपड़े भी चुराए

पुलिस और कोवेंट्री के परिवार ने हालांकि यादगार वस्तुओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन वस्तुओं में कोवेंट्री के कुछ ओलंपिक कपड़े शामिल थे। पुलिस ने बताया कि नहोंगवे भाइयों ने कोवेंट्री के माता-पिता को हरारे में अपने घर पर जूतों के फीतों से बांध दिया था। यह स्पष्ट नहीं है कि कोवेंट्री उस समय जिम्बाब्वे में थीं या नहीं।

# मुक्केबाजी में विवाद पर आया आईओए अध्यक्ष पीटी उषा का बयान, कहा- दुखी हूं कि...

बॉक्सिंग कॉन्ट्रोवर्सी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के विवादों में फंसने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मुद्दे उन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अधिकारियों के बीच आपसी झगड़े के कारण चल रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप प्रभावित हुई है।

### बुरा लग रहा है

टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित असम की टीम को कथित तौर पर राज्य इकाई के सचिव हेमंत कलिता द्वारा इस टूर्नामेंट का बहिष्कार करने के लिए मजबूर किया गया था। कलिता को हाल में महासंघ प्रमुख अजय सिंह द्वारा बीएफआई के महासचिव के पद से निलंबित कर दिया गया था। उषा ने चैंपियनशिप के मौके पर कहा, मुझे बुरा लग रहा है कि खिलाड़ियों को विवाद में घसीटा गया है।

### चाहती थी खिलाड़ी आएं

उन्होंने कहा, मैं चाहती थी कि खिलाड़ी यहां आएं और प्रतिस्पर्धा करें। मुझे खुशी है कि ऐसा हो रहा है। अब मुक्केबाजी लॉस एंजिल्स ओलंपिक का भी हिस्सा है। प्रतियोगिता में उषा की उपस्थिति उल्लेखनीय थी क्योंकि उन्होंने पिछले महीने बीएफआई के कामकाज की देखरेख के लिए एक तदर्थ समिति नियुक्त की थी, जिस कदम पर बाद में अदालत ने रोक लगा दी थी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी उपस्थिति केवल खिलाड़ियों के लाभ के लिए थी।

### ऐसा नहीं होना चाहिए था

उन्होंने कहा, आमतौर पर मैं अंतिम समय के निमंत्रण स्वीकार नहीं करती, लेकिन मैं आई क्योंकि मैं चाहती थी कि यह प्रतियोगिता हो। मुक्केबाज लंबे समय से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या शिविरों से दूर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, खासकर अब जब मुक्केबाजी की लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए पुष्टि कर दी गई है, लेकिन मुझे उन खिलाड़ियों के लिए बुरा लगता है जो भाग नहीं ले सकी। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

### कोवेंट्री को लेकर कही यह बात

उन्होंने कहा, यह हर जगह खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। मेरे पूरे जीवन में हमेशा बाधाएं और चुनौतियां रही हैं। लेकिन उन्हें अपनी स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, कुछ हासिल करने के लिए जुनून और समर्पण के साथ लड़ना चाहिए, चाहे कुछ भी हो जाए। आईओए की पहली महिला अध्यक्ष उषा ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रमुख के रूप में क्रिस्टी कोवेंट्री के चुनाव पर भी खुशी व्यक्त की। कोवेंट्री शीर्ष पद पाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी अधिकारी हैं।

### 2036 ओलंपिक को लेकर आशावादी

उन्होंने कहा, मैं पहली महिला अध्यक्ष को देखकर बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि वह खेलों में महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगी। जहां तक मुझे पता है, वह डोपिंग के सख्त खिलाफ हैं और मुझे उम्मीद है कि वह इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगी। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य बना रहा है और उषा आशावादी हैं। उन्होंने कहा, आईओसी में अब मेरे बहुत सारे दोस्त हैं और बहुत से लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि ऐसा हो, यह प्रधानमंत्री का विजन है और मैं इसे हकीकत बनाने में मदद करने की पूरी कोशिश करूंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### खरगे साहब को मटन बहुत पसंद, खिलाने वाले को 2 बार भेजा राज्यसभा; पूर्व कांग्रेसी का दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक पूर्व कांग्रेसी और वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने अपनी पुरानी पार्टी के वर्किंग कल्चर को लेकर कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी में चाटुकारिता हावी हो चुकी है। एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कई दावे किए। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर यहां तक कहा है कि कांग्रेस पार्टी में एक नेता को दो बार राज्यसभा जाने का मौका इसलिए मिला क्योंकि उन्हें पता है कि मल्लिकार्जुन खरगे को मीट खाना बहुत पसंद और दिल्ली में किस दुकान का मटन उन्हें सबसे अच्छा लगता है। पत्रकार आदेश रावल के साथ एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पार्टी के पतन और अपने इस्तीफे को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कांग्रेस में पीए कल्चर हावी होने की बात भी कही है। साथ ही उन्होंने परिवारवाद और भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए हैं। गौरव वल्लभ ने कहा, 'कांग्रेस में मैं एक ऐसे आदमी को जानता हूं जो खरगे साहब के काफी करीबी हैं। उस व्यक्ति की एक ही योग्यता है कि उसे पता है कि दिल्ली में मटन कहां अच्छा मिलता है। खरगे साहब मटन के शौकीन है। मैं तो शुद्ध शाकाहारी आदमी हूं। मैं दाल भी किसी के लिए नहीं लेकर जाऊंगा। उस व्यक्ति को यह पता है कि पुरानी दिल्ली की कौन सी दुकान पर मटन अच्छा मिलता है। वह मटन लाते-लाते दूसरी बार राज्यसभा में पहुंच गया। ना वह अक्ल से समझदार, ना ज्ञान से समझदार। योग्यता इतनी ही कि मटन कहां अच्छा मिलता है। मुझे किसी के कुछ खाने से दिक्कत नहीं, लेकिन कांग्रेस पार्टी में मटन राज्यसभा की योग्यता नहीं हो सकता है।' उन्होंने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन आदेश रावल के द्वारा जम्मू-कश्मीर के प्रभारी नासिर हुसैन का नाम लेने पर उन्होंने कहा कि मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, लेकिन कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता को यह पाता है कि कांग्रेस पार्टी में मटन लाने की योग्यता किसमें हैं।

### एफएनजी एक्सप्रेसवे को मंजूरी, फरीदाबाद से उप्र जाना होगा आसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनसीआर के शहर फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए अच्छी खबर है। इन दोनों शहरों को जोड़ने वाली फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे (एफएनजी एक्सप्रेसवे) योजना को हरियाणा सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसका नक्शा भी पास कर दिया गया है। जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को हरियाणा के बजट पर चर्चा को लेकर बुलाई प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री विपुल गोयल ने यह जानकारी दी।अधिकारियों के मुताबिक, फरीदाबाद से रोजाना करीब एक लाख लोग नौकरी व अन्य कामों के लिए नोएडा-गाजियाबाद आवाजाही करते हैं। फरीदाबाद-नोएडा के बीच यमुना होने के कारण अभी कोई सीधी सड़क नहीं है। ऐसे में लोगों को नोएडा आने-जाने के लिए सड़क मार्ग से दिल्ली कालिंदीकुंज से जाना पड़ता है। आगरा नहर के साथ बनी इस सड़क पर सुबह-शाम जाम होने के कारण वाहन चालकों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है। उत्तर प्रदेश की नोएडा अथॉरिटी ने करीब 20 साल पहले एफएनजी की योजना तैयार की थी।

# और तीखे होंगे गर्मी के तेवर, दिल्ली-यूपी में चढ़ेगा तापमान

### बहार-बंगाल में होगी बारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली का पारा अगले 48 घंटे में दो डिग्री तक चढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, सुबह से निकलने वाली तेज धूप के चलते दिल्ली के अधिकतम तापमान में अब तेजी से इजाफा होगा। इस बीच दिल्ली का वायु गुणवत्ता संतोषजनक बनी हुई है। शुक्रवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 144 अंक रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शुक्रवार की सुबह से ही तेज धूप निकली रही। इसके चलते अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यह इस समय का सामान्य तापमान है। आर्द्रता का स्तर 84 से 24 फीसदी तक रहा।

पिछले दिनों आए पश्चिमी विक्षोभ के बाद हल्की बूंदाबांदी हुई थी और बाद में कुछ दिनों तक तेज हवाओं का दौर चला था। इसके चलते तेजी से गर्म हो रहे मौसम से थोड़ी राहत मिली थी। अब फिर तेज धूप का दौर शुरू होने से तापमान में तेजी से इजाफा होगा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि रविवार तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटे से नीचे ही रहेगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51-100 के बीच 'संतोषजनक', 101-200 के बीच 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' माना जाता है। आईएमडी ने अगले दो दिन तक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसके प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा-पंजाब, यूपी और बिहार में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई जा रही है।

इस बीच दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान जहां सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 32.8 डिग्री सेल्सियस वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य स्तर पर 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 84 से 24 प्रतिशत रहा। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री की दृष्टि से रिज क्षेत्र और पीतमपुरा जबकि सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री की दृष्टि से पीतमपुरा दिल्ली के सबसे गर्म इलाके रहे। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार को आसमान साफ रहेगा। दिन में तेज धूप खिलेगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमश- 34 और 16 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 26 मार्च तक यह 37 और 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। दूसरी तरफ दिल्ली की हवा लगातार साफ ही चल रही है।

## एलन मस्क की मां बन रिटायर्ड आर्मी अफसर से एक्स पर की दोस्ती, फिर लगाई 72 लाख की चपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साइबर ठगों ने अमेरिका के प्रसिद्ध कारोबारी एलन मस्क के नाम पर सेना के पूर्व कैप्टन से करीब 72 लाख 16 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स, टेस्ला आदि में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया था। पीड़ित आरोपियों से करीब एक साल तक सोशल मीडिया पर जुड़े रहे। फरीदाबाद के साइबर थाना एनआईटी की पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार के साथ रहते हैं। वह सेना से कैप्टन के पद से रिटायर्ड हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि जनवरी 2024 में उन्हें सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' के दो अकाउंट से फॉलो किया गया। उन्हें मेई मस्क एक्स ऑफिशियल और एना शेरमन नाम से फॉलो किया गया। फॉलो करने वालों से एक ने अपने आपको एलन मस्क की मां मेई मस्क बताया। वहीं, दूसरे ने एना शेरमन जो एलन मस्क की मां मेई मस्क का मैनेजर बताया। इनसे ऑनलाइन ही बात होने लगी। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर ही एलन मस्क के कामों की सराहना की। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद उन्हें झांसा दिया जाने लगा। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों से मिले वॉट्सऐप नंबर जब बात हुई तो उन्हें निवेश करने को कहा गया। साथ ही बताया गया कि उनके द्वारा निवेश किए गए पैसों को स्पेसएक्स व टेस्ला के शेयरों में लगाया जाएगा। इससे पीड़ित उनके झांसे में आ गए और पहली बार 25 जनवरी 2025 को 2 लाख 91 हजार रुपये निवेश किए, जिसे कुछ देर में बढ़ा हुआ दिखाया जाने लगा। पीड़ित के अनुसार, एलन मस्क का बताकर दिए गए वॉट्सऐप नंबर पर बात करने के दौरान उन्हें एक रोलैक्स घड़ी का फर्जी फोटो भेजा गया। साथ ही कहा कि यह घड़ी उनकी पत्नी के लिए उपहार स्वरूप दी जाएगी। इससे पीड़ित का आरोपियों पर विश्वास और बढ़ गया। वह अपने जानकार आदि से कर्ज लेकर आरोपियों द्वारा बताए बैंक खाते में निवेश के नाम पर पैसे जमा कराते चले गए।

## अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र स्थानीय कानूनों का पालन करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों को स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए। हाल ही में हमास के समर्थन के आरोप में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन के वीजा रद कर दिया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों भारतीयों ने सहायता के लिए अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क नहीं किया।

अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग ने वॉशिंगटन डीसी स्थित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के पोस्टडॉक्टरल फेलो बदर खान सूरी को सोमवार रात हिरासत में लिया। उन पर हमास के दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं। अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने सूरी के निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है। विदेश मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि वीजा और आव्रजन नीतियों पर निर्णय लेना प्रत्येक देश का संप्रभु अधिकार है और वहां रह रहे सभी लोगों को इन कानूनों का पालन करना चाहिए। रणधीर जायसवाल ने कहा कि जब वीजा और आव्रजन नीति की बात



आती है, तो यह संबंधित देश की नीति के अनुसार तय होता है। हम उम्मीद करते हैं कि जब विदेशी नागरिक भारत आते हैं, तो वे हमारे कानूनों का पालन करते हैं। इसी तरह, जब भारतीय नागरिक विदेश में होते हैं, तो उनसे भी यह अपेक्षा की जाती है कि वे वहां के स्थानीय नियमों और कानूनों का पालन करें।जानकारी के मुताबिक, सूरी को अमेरिका से डिपोर्ट किया जाएगा। बदर खान सूरी की पत्नी फलस्तीनी मूल की है।सूरी जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी का छात्र भी रह चुका है।

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि सूरी का एक संदिग्ध आतंकी से घनिष्ठ संबंध है, जो हमास का वरिष्ठ सलाहकार है। सूरी सक्रिय रूप से हमास का दुष्प्रचार करता है और इंटरनेट मीडिया पर यहूदी विरोधी भावना को बढ़ाता है। ये गतिविधियां निर्वासन योग्य हैं।

## दिल्ली में राष्ट्रीय ध्वज और महानायकों की प्रतिमाओं की होगी 'सुरक्षा', सीएम रेखा गुप्ता ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय ध्वज और देश के महानायकों की प्रतिमाओं का तरीके से रखरखाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसके लिए दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों, अधिकारियों और संगठनों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने राजधानी के विभिन्न स्थानों पर स्थापित राष्ट्रीय ध्वज की गरिमापूर्ण देखभाल और उसके आसपास की वस्तुओं के समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। इस संबंध में एक विशेष अभियान चलाने एवं 30 दिन के भीतर इसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज और और देश के महानायकों की मूर्तियां हमारे गौरवशाली इतिहास, संघर्ष और सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इनका सम्मानजनक रखरखाव करना



हमारा कर्तव्य है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए देशभक्ति और प्रेरणा का स्रोत भी हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन प्रतीकों का आदर करें और उनके संरक्षण में योगदान दें। पिछली सरकार ने दिल्ली में राष्ट्रीय ध्वज तो लगवाए, लेकिन उनके रख-रखाव पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया।

बता दें कि, दिल्ली के कश्मीरी गेट अंतर्राज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा में कथित रूप से तोड़ दिया गया था। इसके विरोध में गुरुवार 20 मार्च को कुछ अज्ञात लोगों ने लुटियंस दिल्ली स्थित अकबर रोड के साइनबोर्ड पर कालिख पोतने के बाद बोर्ड पर महाराणा प्रताप का फोटो लगा दिया था। यह साइनबोर्ड नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में है, जिसे नगर निगम प्राधिकारियों ने तुरंत साफ कर दिया। एनडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया था कि मामले की जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संबंधित टीमों को तुरंत भेजा गया और हम अब किसी भी तरह की तोड़फोड़ को रोकने के लिए इलाके में कड़ी निगरानी रख रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया है, जबकि अपराधियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## बच्चे पैदा करने के लिए महिलाओं पर लोग कर रहे हैं 11 लाख तक खर्च

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में जन्म दर और विवाह दर में गिरावट अब गंभीर चिंता का विषय बन गई है। महंगाई, करियर प्राथमिकता और सामाजिक बदलावों के कारण युवा शादी और परिवार बसाने से बच रहे हैं। इस गिरावट का सीधा असर देश की जनसंख्या पर पड़ रहा है। 2024 में चीन में सिर्फ 61 लाख मेरिज रजिस्ट्रेशन हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 77 लाख थी। वहीं, 2024 में चीन में केवल 95.4 लाख बच्चों का जन्म हुआ, जो बीते वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट को दर्शाता है। इस समस्या को और जटिल बना रहा है चीन में बिगड़ता लिंग अनुपात, जिससे विवाह योग्य महिलाओं की भारी कमी हो रही है। ऐसे में कई पुरुष दुल्हन खरीदने के लिए तस्करी का सहारा ले रहे हैं, जिससे महिलाओं की खरीद-फरोख्त एक संगठित अपराध का रूप ले चुकी है। चीन में महिलाओं की खरीद-फरोख्त बढ़ी



चीन में महिलाओं का विवाह से दूर रहना और बच्चों को जन्म न देना समाज में नई चुनौतियां खड़ी कर रहा है। कई इलाकों में विवाह योग्य महिलाओं की कमी के कारण पुरुष शादी के लिए महिलाओं को खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं। यह समस्या ग्रामीण इलाकों में अधिक गंभीर है, जहां शादी के लिए महिलाएं आसानी से नहीं मिल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन में शादी के लिए महिलाओं को खरीदने के लिए 2 लाख से 11 लाख रुपये तक खर्च किए जा रहे हैं। यह व्यापार मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया के गरीब देशों जैसे म्यांमार, वियतनाम और अन्य पड़ोसी देशों से संचालित हो रहा है, जहां गरीबी और बेरोजगारी के कारण कई महिलाएं इस अवैध धंधे का शिकार बन रही हैं।

हालांकि, चीन की सरकार इस समस्या से निपटने के लिए सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के जरिए सख्त कार्रवाई कर रही है, लेकिन यह समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही। अवैध विवाह एजेंसियां और बिचौलिए अभी भी सक्रिय हैं, जो महिलाओं की तस्करी कर उन्हें चीन में अवैध शादियों के लिए बेच रहे हैं। चीन में घटती जनसंख्या और विवाह दर से जुड़े ये गंभीर मुद्दे देश की आर्थिक और सामाजिक संरचना को प्रभावित कर सकते हैं। यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो जनसंख्या असंतुलन, श्रमशक्ति की कमी, और आर्थिक विकास में बाधा जैसी समस्याएं चीन के सामने आ सकती हैं। वहीं, तस्करी के कारण महिलाओं के मौलिक अधिकारों का हनन और अपराध दर में वृद्धि भी एक बड़ा संकट बन सकता है।


### तुर्किये में इराकी वाणिज्य दूतावास पर एके-47 से गोलीबारी

**इस्तांबुल , एजेंसी।** तुर्किये के इस्तांबुल स्थित इराकी महावाणिज्य दूतावास पर अज्ञात बंदूकधारियों ने शुक्रवार शाम गोलीबारी की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बंदूकधारियों ने 8 गोलियां दागीं जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। तुर्किये विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओन्कू केसेली ने कहा कि सिक्योरिटी यूनिट्स इस घटना की जांच कर रही है और दोषियों को पकड़ने में लगी है। अपराधियों को जल्द पकड़ा जाएगा। इस घटना को लेकर इराक के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमले के दौरान बंदूकधारी एके-47 राइफल का इस्तेमाल कर रहे थे।

## टेस्ला कार तोड़ने वालों को जेल भेजेंगे ट्रम्प: कहा- ये कैपिटल हिल दंगे से भी बदतर

### दोषियों को सजा के लिए खतरनाक अल-सल्वाडोर भेजा जाएगा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि जो लोग टेस्ला की कारों में तोड़फोड़ करने वाले लोगों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो भी ऐसा करते हुए पकड़े जाएंगे उन्हें अल-सल्वाडोर की जेल में भेज दिया जाना चाहिए। ट्रम्प ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ट्रुथ पर लिखा- मैं उन बीमार आतंकी गुडों को 20 साल की जेल की सजा मिलते हुए देखना चाहता हूं जो टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शायद उन्हें अल-सल्वाडोर की कुख्यात जेल में सजा दी जाएगी। एक और पोस्ट में ट्रम्प ने लिखा- हम आपको ढूंढ़ रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि



टेस्ला को नुकसान पहुंचाने की कोशिश एक आतंकी काम है जो कि 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल में हुए घातक दंगे से भी बदतर है।

मस्क ने वामपंथी नेताओं को जिम्मेदार बताया ट्रम्प के बयान से पहले अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने भी गुरुवार को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अब अमेरिका में अपराध करने वाले दिन खत्म हो चुके हैं। अगर आप टेस्ला की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाएंगे तो आपको सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा। उन लोगों को भी गंभीर परिणाम भुगतना होगा जो पर्दे के पीछे से इन अपराधियों को सपोर्ट कर रहे हैं और फंडिंग कर रहे हैं।


अमेरिका में ट्रम्प सरकार बनने के बाद से टेस्ला की कारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। कंपनी के सीईओ इलॉन मस्क ने इसकी निंदा करते हुए इसे 'आतंकवाद' बताया है। उन्होंने इस तरह की हिंसा को बढ़ावा देने के लिए वामपंथी नेताओं की आलोचना की है। ट्रम्प ने 11 मार्च को लाल रंग की 'टेस्ला मॉडल एस' कार खरीदकर उनका समर्थन किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि, ये कार बहुत ही खूबसूरत है और उन्होंने ये बिना किसी डिस्काउंट के फुल प्राइस (80 हजार डॉलर) में खरीदी है। ट्रम्प ने कार को टेस्ट नहीं किया और साफ किया कि वह टेस्ला नहीं चलाएंगे क्योंकि उन्हें ड्राइव करने की इजाजत नहीं है, लेकिन वह व्हाइट हाउस में अपने कर्मचारियों को इसका चलाने देंगे।

मस्क की तारीफ करते हुए ट्रम्प ने कहा कि, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। वे देश की सेवा करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि टेस्ला दुनिया की सबसे बेहतरीन कंपनियों में शामिल है और ये मस्क के लिए 'बच्चे' जैसी है। ट्रम्प ने टेस्ला के शेयर गिरने पर कहा था कि 2024 के चुनाव में उनके साथ भी ऐसा ही करने की कोशिश की गई थी। लेकिन उसका क्या नतीजा निकला? मस्क सच में महान अमेरिकी हैं। अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए वे अपनी स्किल्स का पूरा इस्तेमाल कर रहे हैं, इसके लिए उन्हें सजा क्यों दी जाए।

## दिसंबर में होंगे चुनाव, तैयारियां करें सभी सियासी दल

### बांग्लादेश के सूचना सलाहकार का बयान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के सूचना सलाहकार महफुज आलम ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश में दिसंबर में तय समय पर चुनाव होंगे। उन्होंने सभी सियासी दलों से अपील की कि वे चुनावी तैयारियां शुरू करें। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



आलम ने कहा, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि चुनाव समय पर होंगे। यह इस साल के अंत में दिसंबर में तय हैं। एक समयसीमा पहले ही तय की जा चुकी है और चुनाव उसी समयसीमा के भीतर होंगे। सभी को इसकी तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। डेली स्टार अखबार की खबर के मुताबिक, उन्होंने उम्मीद जताई की चुनाव समय पर होंगे, अगर सभी राजनीतिक दल जिम्मेदारी से काम करें, किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ से बचें और राज्य के अंग सही तरीके से सहयोग करें। हाल ही में यूनुस ने कहा था कि अगर सियासी दल कम सुधारों पर सहमत होते हैं, तो अंतरिम सरकार दिसंबर में चुनाव कराएगी, लेकिन अगर सियासी दल ज्यादा सुधारों की मांग करते हैं, तो चुनाव में कुछ महीनों की देरी हो सकती है।

# गरगा नदी को अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त करने की अपील



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व जल दिवस के अवसर पर आज 'स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान' द्वारा बोकारो की जीवन रेखा मानी जाने वाली पवित्र गरगा नदी (गर्ग गंगा) को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने हेतु गरगा पुल के निकट छठ घाट पर 'नदी बचाओ-जल बचाओ' कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला प्रशासन, चास नगर निगम, बोकारो इस्पात संयंत्र और झारखंड सरकार से गरगा नदी को बचाने की अपील की गई। ज्ञात हो कि इस नदी में चास नगर निगम क्षेत्र और बोकारो इस्पात संयंत्र के आवासीय कॉलोनियों के सीवरेज का गंदा पानी लगातार प्रवाहित हो रहा है। जिससे यह इस नदी का जल न सिर्फ काला पड़ गया है बल्कि उससे भयंकर दुर्गंध भी निकल रहा है। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा वर्षों से इस नदी को बचाने हेतु आंदोलन चल रहा है मगर सरकार और प्रशासन की उपेक्षा के कारण यह नदी अब मृत प्राय हो गई है। सभी जानते हैं कि जीवन के लिए जल कितना महत्वपूर्ण है फिर भी नदी को सुनियोजित तरीके से नाला में परिवर्तित करना न सिर्फ पर्यावरण के विरुद्ध है बल्कि यह सामाजिक अपराध के साथ ही दंडनीय अपराध भी है। इस नदी की सहायक छोटी नदी सिंगारी जोरिया को तो बिल्कुल ही अब गंदा नाला ही बना दिया गया है तथा कुछ बिल्डरों द्वारा तो इसके पूरे रस्ते को ही बदलकर उस जगह पर बिल्डिंग बना दिया गया है। आज जब गर्मियों में चास में पीने के पानी का हाहाकार मच जाता है फिर भी नदी के महत्व को नहीं समझना अत्यंत ही दुर्भाग्य पूर्ण है। गरगा नदी को बचाने के लिए चास बोकारो के सभी नागरिकों से संस्थान द्वारा चलाए जारहे 'गरगा को जीने दो' कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की गई। आज के 'नदी बचाओ-जल बचाओ' कार्यक्रम में रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', मृणाल कांत चौबे, नीरज सिंहा, राम लखन द्विवेदी, ललित कुमार, दिवाकर दुबे, सरोज तिवारी, महेश ओझा, प्रो. गणेश सिंह, अभय कुमार गोलू, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

### विश्व जल दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर देवियाना पंचायत के गोपालगंज गांव मे अधिकार मित्र पंकज कुमार वर्मा और पुनम हेम्ब्रम द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। ग्रामीणों को जल के संरक्षण, जल संसाधन, जल संग्रह की विशेष जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद की विशेष जानकारी देते हुए विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया, मोटर दुर्घटना, वात्सल्य परियोजना, स्पॉन्सरशिप, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल संरक्षण, मुफ्त में अधिवक्ता की विशेष जानकारी दी गई तथा मुख्य रूप से 15 100 टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया। जहां बच्चों को श्रम विभाग द्वारा मिलने वाले छात्रवृत्ति की विशेष जानकारी दी गई। बाल श्रम के बारे में बाल विवाह के बारे में विशेष जानकारी दी गई।

# बीमा पेंशनर संघ हजारीबाग मंडल का वार्षिक सम्मेलन धनबाद में संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीमा पेंशनर संघ हजारीबाग मण्डल का ग्यारहवां वार्षिक सम्मेलन शनिवार को धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित आईसीए हॉल में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में संघ के विगत अवधि में किए गए आंदोलनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। संघ के महामंत्री नरेश प्रसाद श्रीवास्तव ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया।रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया तथा भारत सरकार से माँग की कि पूरे देश भर मे पुरानी पेंशन नीति को फिर से लागू करे। आज के सम्मेलन में एल आई सी के प्रबंधन से माँग की गई कि पेंशन का पुनरीक्षण हर पाँच साल पर किया जाय. 2010 के बहाल हुए सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए। आज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए एलआईसी वर्ग एक संघ के साथी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एल आई सी जैसी मजबूत संस्थान को पूर्व के कर्मियों का पूर्ण सहयोग मिला है. आज एलआईसी कि परिसंपत्ति 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।परंतु सरकार के द्वारा बीमा अधिनियम 2024 के माध्यम से एल आई सी को कमजोर करने की साजिश की जा रही है। इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। सभा को संबोधित करते विकास अधिकारी संघ के मंडल प्रेसिडेंट साथी दीपक कुमार सिंह ने कहा एल आई सी को मजबूत बनाना देश हित में अत्यावश्यक है।इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री साथी जगदीश चंद मित्तल ने कहा एल आई सी पेंशन प्रणाली सुचारू रूप से जारी रखने के लिए नई बहाली बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक और नए आयाम के साथ एलआईसी को मजबूत बनाना जरूरी है। आज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि पेंशन हमारा अधिकार है। इस पर आक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा।यह सम्मेलन पेन्शनर्स की बेहतरी के लिए नई योजनाएँ और प्रस्ताव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदीप कुमार चटर्जी ने किया। सम्मेलन में आगामी अवधि के लिए सुदीप कुमार चटर्जी, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव एवं चन्द्रशेखर प्रसाद को सर्वसम्मति से क्रमशः अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मेलन में हजारीबाग, बोकारो, रामगढ, धनबाद, चिरकुंडा, गिरिडीह, कतरास एवं सिन्दरी के लगभग 120 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जियाउर रहमान के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।अंत मे सभाध्यक्ष साथी सुदीप कुमार चटर्जी द्वारा सम्मेलन की समाप्ति की घोषणा की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में कूद कर युवक ने की आत्महत्या

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास थाना क्षेत्र के सोलागिडीह तालाब में कूद कर 22 वर्षीय युवक शफीक खान ने जान दे दी। तालाब में कूदने वाले युवक शफीक का निकाह ईद के बाद होने वाली थी। अपनी शादी का कार्ड खुशी खुशी बांट भी रहा था। आज दोपहर सुल्तान नगर से अपनी बहन के घर पिडरगाड़िया आया था। बहन घर से लौट के दौरान वह तालाब के पास रुका और अचानक उसने तालाब में छलांग लगा दी। युवक के छलांग लगाने का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। इसकी सूचना मिलने के बाद घर वालों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ तालाब के समक्ष जुट गई। स्थानीय लोगों ने तलाक में युवक को खोजने का भी प्रयास किया, लेकिन उसे निकाला नहीं जा सका है। प्रशासन की मदद से गोताखोर को बुलाने की बात कही जा रही है। युवक गुजरात में काम करता था और निकाह के लिए ही वह अपने घर आया था। आखिर उसने ऐसा कदम क्यों उठाया। यह जांच का विषय है।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के 143 प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में की गई। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी धनबाद नियाज अहमद द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय एवं अंचल अधिकारी कार्यालय से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत चिकित्सा अनुदान हेतु प्राप्त अभिलेख को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के लाभुकों को चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा कुल 143 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई।मौके पर उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, जिला कल्याण पदाधिकारी श्री नियाज अहमद समेत विभिन्न विधानसभा से आए विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहें।



### शहीदों के सम्मान में 23 को निकलेगी सम्मान यात्रा

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को नमन करने को शहीद सम्मान यात्रा सह अखंड तिरंगा यात्रा 23 मार्च को निकाली जाएगी। यात्रा की शुरूआत सुबह 9.55 बजे एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से होगी। भालूबासा, साकची, वसंत सिनेमा, कालीमाटी रोड, आरडी टाटा चौक से होते हुए पुलिस लाइन में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद एग्रिको मैदान आकर यात्रा समाप्त होगी।




नमन संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि यह संगठन गैर-राजनीतिक और गैर-सांप्रदायिक भावना से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देना है। यात्रा में देशभक्त युवा, मातृशक्ति, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य, विभिन्न संगठनों और हजारों आम नागरिकों की भागीदारी होगी। शहर के विभिन्न इलाकों में यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## जिला समन्वय समिति की मैराथन बैठक

# उपायुक्त ने की विभागवार समीक्षा, योजनाओं के कार्य में तेजी लाने का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने शनिवार को जिला समन्वय समिति की मैराथन बैठक की। लगभग सात घंटे से भी अधिक चली बैठक में विभागवार समीक्षा की गई और विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ समेत सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ)/ अंचलाधिकारी (सीओ) आदि उपस्थित थे। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा) की समीक्षा क्रम में डीसी ने क्रमवार सभी प्रखंडों में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में लक्ष्य अनुरूप मानव दिवस सृजन को पूरा करने को कहा। रणनीति बनाकर योजनाबद्ध तरीके से शतप्रतिशत मानव दिवस सृजन करने का निर्देश दिया। उन्होंने पीएम आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना में कनवर्जेंस के तहत मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन करने एवं मास्टर रोल को अपडेट करने को कहा।

प्रधानमंत्री आवासा योजना ग्रामीण (पीएमएवाई- आर) के समीक्षा क्रम में लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को योजना स्वीकृति, स्वीकृति के अनुरूप लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान को लेकर क्रमवार समीक्षा की गई। लक्ष्य अनुरूप सभी को बेहतर प्रदर्शन करने को कहा। जीओ टैगिंग के कार्य को अविलंब पूरा करने को कहा। उन्होंने अबुआ आवास योजना (एएवाई) के तहत जिन लाभुकों को पहली किस्त का राशि भुगतान हुआ है, उन्हें आवास निर्माण शुरू करने को लेकर प्रेरित करने को कहा। उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को मुखिया से संवाद कर जिन लाभुकों ने आवास निर्माण शुरू नहीं किया है, उसकी सूची दें और निर्माण कार्य शुरू कराएं। साथ ही, लाभुकों को आवास के साथ झ साथ शौचालय निर्माण का भी कार्य करने के लिए प्रेरित करने को पंचायत सचिव/रोजगार सेवक एवं आवास समन्वयकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन योजना के तहत योजना की प्रगति से संबंधित आंकड़ें जिले को उपलब्ध कराने को कहा। किस स्तर तक कार्य पूरा हुआ है, उसके राशि भुगतान संबंधित लंबित कार्य को पूरा करने को कहा। वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत भी खेलकूद मैदानों की प्रगति की उपायुक्त ने समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्य अनुरूप प्रखंडों को मैदान के लिए भूमि चिन्हित करने को कहा। जिला को राज्य से प्राप्त लक्ष्य से हम पीछे हैं, अंचलाधिकारी भूमि चिन्हित कर दें। वहीं, बीरसा हरित ग्राम योजना के समीक्षा में दो हजार एकड़ भूमि पर पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, सभी प्रखंडों को अलग झ अलग लक्ष्य दिया गया है, लक्ष्य अनुरूप सभी प्रखंड भूमि चिन्हित कर लें। समीक्षा क्रम में एरिया आफिसर मानीटरिंग वीजिट एप पर बीडीओ - बीपीओ एवं एई - जेई द्वारा योजनाओं का स्थाल निरीक्षण कर अपडेट करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित को फिल्ड भ्रमण कर एप को अपडेट करने को कहा।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने जल सहियाओं की कार्यशाला पुनः प्रखंड स्तर पर आयोजित करने को कहा। पेयजल विभाग से लगाएं गए चापाकलों, जल जीवन मिशन के माध्यम से अधिष्ठापित जल मीनार, सिंगल विलेज जलापूर्ति योजना की मरम्मत कार्य को पेयजल विभाग द्वारा कराएं। उन्होंने विभाग के कनीय अभियंताओं के साथ बीडीओ को नियमित बैठक करने को कहा। वहीं, शेष योजनाओं द्वारा अधिष्ठापित चापाकल/जलापूर्ति योजना की मरम्मती पंचायती राज विभाग द्वारा 15 वें. वित्त आयोग के द्वारा आवंटित राशि के 30 फीसदी पानी मद से खर्च करना सुनिश्चित करने को कहा। कई बीडीओ ने मरम्मत कार्य शुरू होने की बात कहीं।

उपायुक्त पेयजलापूर्ति योजना के पाइप अधिष्ठापन में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों से संवाद कर पाइप अधिष्ठापन का कार्य अविलंब शुरू कराने को कहा। उन्होंने जल कर वसूली को लेकर जल सहिया के साथ बैठक करने, लंबित जल कर की सूची तैयार करने को कहा। पंचायती राज पदाधिकारी को मुखिया से संवाद में इन बातों को रखने जल कर वसूली में सहयोग करने को कहा। जिला पंचायती राज विभाग की समीक्षा क्रम में जिले में निमार्णाधीन पंचायत सचिवालयों की प्रगति की समीक्षा की। निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने एवं निर्माण पूरा हुए भवनों का हैंड ओवर से संबंधित पत्र जिला को संबंधित एजेंसियों को समर्पित करने को कहा। कहा कि संबंधित भवन के साथ तकनीकी टीम निरीक्षण करेगी, डीपीआर के अनुसार सभी कार्य पूर्ण पाएं जाने पर ही भवन संबंधित विभाग द्वारा हैंडओवर लिया जाएगा। समीक्षा क्रम में 15 वें. वित्त आयोग के तहत टाइड - अनटाइड की राशि लक्ष्य अनुरूप खर्च नहीं होने पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी, संबंधित बीडीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मुखिया-प्रमुख आदि के साथ बैठक कर इस दिशा में कार्य करने को कहा।

सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा क्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) के तहत प्रखंड स्तर पर लंबित आवेदनों को बीडीओ को स्वीकृत करने को कहा। इस क्रम में बैंक खाता के आधार से लिंक नहीं होने के कारण जो लाभुकों की किस्त होल्ड पर है उसे सुधारने के लिए प्रखंड परिसर में आधार शिविर लगाने, किसी भी तरह की त्रुटि को दूर करने के लिए आगामी सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 10 बजे से अपराह्न 01 बजे कर विशेष शिविर आयोजित करने को कहा। साथ ही, सभी बैंकों को प्रतिदिन अपराह्न 03 बजे से अपराह्न 05 बजे तक बैंक एकाउंट को आधार से लिंक करने का कार्य करने को कहा। वहीं, सत्यापन के क्रम में सर्वजन पेंशन एवं अन्य पेंशन योजनाओं के मृत एवं आहर्ता प्राप्त नहीं करने वाले लाभुकों का नाम पोर्टल से विलोपित करने के लिए बीडीओ को निर्देश दिया। ताकि अप्रैल माह में जारी होने वाले ऐसे किसी भी लाभुक को राशि हस्तांतरित नहीं हो। कल्याण विभाग के तहत प्री मैट्रिक - पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति भुगतान की समीक्षा की। बैंक - आधार लिंक नहीं होने से कुछ छात्रों को छात्रवृति भुगतान नहीं हुआ है, जिसको लेकर कार्रवाई की गई है। उपायुक्त ने साइकिल वितरण योजना की भी जानकारी ली। इस क्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को बीडीओ के साथ संयुक्त हस्ताक्षर का प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। इसके अलावा विभाग द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी, सरना स्थल, जाहेर स्थल घेरबंदी, आदिवासी संस्कृति एवं कला केंद्र/ मांझी परगना, मानकी - मुण्डा, धुमकुड़िया शेड निर्माण योजना की प्रगति कार्य की समीक्षा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा क्रम में हेमोग्लोबिन टेस्ट शिविर पुनः आयोजित करने का सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया। उन्होंने महिला पर्वेक्षिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों का विजीट करने, सेविका - सहायिका सम्मेलन आयोजित कर उपलब्ध कराएं गए पठ्न किट, उनके कार्य दायित्व से उन्हें अवगत कराने को कहा। वीएचएसएनडी का नियमित आयोजन करने, आंगनबाड़ी केंद्रों में ब्लैक बोर्ड अधिष्ठापित करने, बच्चों के ग्रोथ चार्ट को मेनटेन करने को कहा। समीक्षा क्रम में टीएचआर वितरण के लिए महिला पर्वेक्षिकाओं को पोषण ट्रैकर डैसबोर्ड फैसियल रिकोगनाइसन सिस्टम (एफआरएस) पर डाटा को तीन दिनों के अंदर शत प्रतिशत अपडेट करने को कहा। वहीं, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत विभाग एवं शिक्षा विभाग के डाटा के अंतर को समाप्त कर सभी का आवेदन प्राप्त करने को लेकर जरूरी दिशा - निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने आधार, सहकारिता विभाग समेत अन्य विभागों के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की भी समीक्षा कर जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

# आइडिया जेनरेशन एंड स्टार्टअप टू सक्सेस हैकाथौन शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस में, इंडियन सोसायटी ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय प्रथम स्टूडेंट्स कन्वेन्शन का, 'आइडिया जेनरेशन एंड स्टार्टअप - ए की टू सक्सेस' विषयी हैकाथौन का उद्घाटन सत्र तथा तकनीकी सत्र संपन्न हुए। यह बिहार-झारखण्ड सेक्शन में प्रथम स्टूडेन्ट कन्वेन्शन के नाते ऐतिहासिक है।. इस हैकाथौन के मुख्य अतिथी महामहीम राज्यपाल झारखण्ड संतोष कुमार गंगवार (अनुपस्थित) रहे। उन्होंने कालेज को शुभकामना- संदेश प्रेषित किया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथी, अध्यक्ष, आईएसटीई, नई दिल्ली, डा. प्रतापसिंह काकासाहेब देसाई रहे तथा गणमान्य अतिथीगण इस प्रकार रहे - माननीय कुलपति झारखंड यूनिवर्सिटी औफ टेक्नोलोजी, रांची, डा. डीके सिंह, एमआईटी मुजफ्फरपुर के प्रिंसिपल डा. एमके झा, प्रोफेसर डा. अमरेश राय; राजकीय महिला पोलिटेक्निक बोकारो के प्रिंसिपल डा. रमेश कुमार, पद्मश्री डा. वीबी कोल्टे इंजिनियरिंग कालेज, बुलढाणा, महाराष्ट्र के प्रिंसीपल डा. अनिल खरचे. जीजीईएस संस्थान के माननीय अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह, सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह मंचासीन रहे. अतिथियों का स्वागत गार्ड औफ औनर से किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन से हुआ तथा अतिथियों को पुष्प-गुच्छ, शाल, भेंट तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. उनके स्वागत में एक गायन-नृत्य का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ. जिसके बाद इस कन्वेन्शन के बुक औफ पेपरस् का लोकार्पण किया गया. कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वागत भाषण दिया. माननीय कुलपति जे. यू. टी. रांची डा. डीके सिंह ने अपने भाषण में छात्रों को इंजिनियरिंग और अनुसंधान के लिए प्रेरित किया. माननीय अतिथी डा. प्रतापसिंह काकासाहेब देसाई ने इंजीनियरिंग की शिक्षा का उपयोग तकनीकी नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्रों के लिए तथा राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया. साथ ही उन्होंने आई. एस. टी. ई. के इतिहास और वर्तमान के कार्यों और महत्व पर रोशनी डाली. माननीय संस्थान अध्यक्ष श्री तरसेम सिंह ने कालेज की प्रगति को सराहनीय बताते हुए साधुवाद दिया. माननीय संस्थान सचिव श्री सुरेंद्र पाल सिंह ने संस्थान के उदेश्यों तथा तकनीकी शिक्षण एवं रोजगार पर भाषण दिया. उद्घाटीय सत्र का समापन राष्ट्रगान से हुआ. तत्पश्चात माननीय अतिथियों ने आई. एस. टी.ई. की पट्टिका का अनावरण किया। अतिथियों, प्राध्यापक-गण व छात्र-गण के लिये सुरूचि भोज की व्यवस्था रही. जिसके बाद हायब्रिड तकनीकी सत्रों में छात्रों ने अपने गाईड प्राध्यापक के मार्गदर्शन में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किये. साथ ही पोस्टर प्रदर्शन एवं प्रशनोत्तरी की प्रतियोगिताएं हुई. फिफ्थ जेनरेशन इंजिनियरिंग कालेज के गुणों के विषय पर पैनल चर्चा संपन्न हुई।



# सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के लिए मेला प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन



**घाटशिला/मुसाबनी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा शनिवार को प्रखंड के अस्पताल चौक पर पथ संस्था द्वारा झारखंड सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए एक मेल सह प्रदर्शनी एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य में चल रही सभी योजनाओं के लगभग 12 पंपलेट का सेट लोगों के बीच बांटा गया और उन्हें बताया गया कि यह सभी योजनाएं आप लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, यह सभी लाभकारी योजनाओं का अपने आवश्यकता अनुसार लाभ उठाएं। जिसमें मुख्य रूप से सोना सोबरण धोती साड़ी योजना, फूलों झानो आशीर्वाद अभियान योजना, आबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मैया सम्मान योजना, किशोरी समृद्धि योजना सहित अनेको योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इस नाटक के कलाकारों में मुख्य रूप से सुषमा प्रमाणिक, अमन सिंह, रामदेव सिंह, रोहित सिंह, शुभम करमाकर, अंकित, ललित प्रसाद, खुशी आदि शामिल थे।

# हाइवे के किनारे डंप कचरा जलाए जाने से लोग परेशान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम लोगों को मीठा जहर परोसने का काम कर रहा है। निगम के द्वारा आईटीआई मोड मुख्य सड़क किनारे कचरे का अंबार लगा दिया गया है। डंप कचरा जलाए जाने से लोगों को धुएं के रूप में जहर परोसा जा रहा है। लोगों का उस रास्ते से होकर गुजरना मुश्किल हो गया हैं। लोगों ने इसके लिए नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया है। ऐसा नहीं है कि नगर निगम को इसकी जानकारी नहीं है। क्योंकि नगर निगम कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर ही यह मीठा जहर लोगों के लिए उत्पन्न किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि निगम अगर इस पर रोक नहीं लगती है तो निगम में तालेबंदी तक करने को हम मजबूर हो जाएंगे। क्योंकि जहां यह सब हो रहा है उसके अगल-बगल काफी घनी इलाका है और लोगों की आवाजाही भी बहुत अधिक है। बताते चले कि जहां यह कचरा डंप किया गया है,उसके बगल में ही कस्तूरबा विद्यालय चास, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्किल ट्रेनिंग सेंटर, अनुमंडल अस्पताल चास एसडीएम ऑफिस चास स्थित है। इसके बावजूद निरंतर कचरा यहां डंप कर जलाया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com